लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुक्रवार 14 नवंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 34

www.janexpresslive.com/epaper





'डिप्टी सीएम के बेटे पार्थ को बचा रहे... 12


# आतंकी बाबरी का बदला लेना चाहते थे

## देशभर में 32 कारों से धमाके की साजिश थी, दिल्ली कार ब्लास्ट इसी का हिस्सा था

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए धमाके की जांच में गुरुवार को बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आतंकी 6 दिसंबर, यानी बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत कई जगह धमाके करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था। इनमें बम और विस्फोटक सामग्री भरकर धमाके किए जाने थे। इनमें ब्रेजा, स्विफ्ट डिजायर, इकोस्पोर्ट और आई20 जैसी गाड़ियां शामिल थीं। जांच एजेंसियों को अब तक चार कारें बरामद हो चुकी हैं। 10 नवंबर जिस आई20 कार में धमाका हुआ था, वह इसी सीरियल रिवेंज अटैक का हिस्सा थी। ब्लास्ट से अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 लोग घायल हैं, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं, केंद्र सरकार ने दिल्ली कार ब्लास्ट को आतंकी हमला माना है। बुधवार को कैबिनेट मीटिंग में टेरर अटैक पर प्रस्ताव पारित किया गया।



### ब्लास्ट से जुड़ी दूसरी गाड़ी की जांच जारी

पुलिस ने आशंका जताई थी कि दिल्ली धमाके में शामिल आतंकियों के पास एक नहीं, बल्कि दो कारें थीं। बुधवार को इसकी तलाश के लिए दिल्ली के साथ पड़ोसी राज्यों यूपी और हरियाणा में अलर्ट जारी किया गया था। इसके बाद हरियाणा के खंदावली गांव में लावारिस गाड़ी की खबर सामने आई। इस गाड़ी की जांच के लिए एनएसजी बॉम्ब स्काड की टीम पहुंची है। गाड़ी अभी तक पूरी तरह से खोली नहीं गई है। सोर्स के अनुसार गाड़ी जहां मिली, वह उमर के ड्राइवर की बहन का घर था।

### कानपुर के बाद हापुड़ से डॉक्टर को उठाया

यूपी एटीएस एक्शन मोड में है। 24 घंटे के भीतर जम्मू-कश्मीर के रहने वाले दो डॉक्टरों को हिरासत में लिया है। आज दोपहर हापुड़ के मेडिकल कॉलेज से गायनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर फारुख को उसके हॉस्टल से उठाया। फारुख ने फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल शकील के साथ पढ़ाई की है। मुजम्मिल के पास ही विस्फोटक बरामद हुआ था।

### दिल्ली ब्लास्ट में 3 खुलासे...

**पहला:** जनवरी में लाल किले की रेकी की थी- दिल्ली को दहलाने की साजिश जनवरी से रची जा रही थी। गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल डंप डेटा से पता चला कि फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मुजम्मिल गनी और धमाके में कथित रूप से मारे गए डॉ. उमर नबी ने जनवरी में कई बार लाल किले की रेकी की थी। दोनों ने वहां की सुरक्षा-और भीड़ का पैटर्न समझा था। पुलिस को शक है कि आतंकियों की प्लानिंग 26 जनवरी पर लाल किले पर हमले की थी, जो तब नाकाम हो गई।

**दूसरा:** दिल्ली में 6 दिसंबर को हमले का प्लान था - नबी दिल्ली में 6 दिसंबर को हमला करना चाहता था, लेकिन मुजम्मिल की गिरफ्तारी से प्लान बिगड़ गया। यह बात 8 आरोपियों से पूछताछ में सामने आई हैं। इस अंतरराज्यीय मॉड्यूल का केंद्र फरीदाबाद में था। गिरफ्तार आतंकियों में 6 डॉक्टर हैं। श्रीनगर का रहने वाला एक अन्य संदिग्ध डॉ. निसार फरार है। वह डॉक्टर्स एसोसिएशन ऑफ कश्मीर का अध्यक्ष भी है। अलफलाह में पढ़ा रहा था। जम्मू-कश्मीर सरकार ने डॉ. निसार को बर्खास्त कर दिया है।

**तीसरा:** खाद की बोरी बता विस्फोटक जुटा रहा था गनी- फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी में काम कर रहा कश्मीरी डॉ. मुजम्मिल गनी खाद की बोरियां बताकर किराए के कमरे में विस्फोटक सामग्री जमा कर रहा था। 20 दिन पहले मुजम्मिल कमरे में कुछ बोरियां रखने आया था, तब पड़ोसियों ने उससे पूछा था कि इसमें क्या है? जवाब में मुजम्मिल ने कहा था कि ये खाद के कट्टे हैं। इन्हें कश्मीर ले जाना है। इस कमरे से 100 मीटर दूर एक मकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। पुलिस ने फुटेज जब्त कर लिए हैं।

### आतंकी उमर की आखिरी 24 घंटे की मूवमेंट ट्रैक

पुलिस ने 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर डॉ. उमर नबी के आखिरी 24 घंटे की पूरी मूवमेंट ट्रैक की। जांच में पता चला है कि वह रविवार यानी 9 नवंबर की रात फरीदाबाद से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के रास्ते निकला और हरियाणा के नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका में एक ढाबे पर रुका। वहीं उसने कार में ही रात गुजारी। अगली सुबह वह फिर एक्सप्रेसवे से होते हुए धीरे-धीरे दिल्ली की ओर आया। रास्ते में उसने दो बार रुककर चाय पी और फोन चेक किया। सीसीटीवी फुटेज में वह सुबह 8.13 बजे बादरपुर टोल पार करता दिखा। इसके बाद उसने ओखला, कनॉट प्लेस, अशोक विहार और सेंट्रल दिल्ली के इलाकों में चक्कर लगाए। दोपहर में अशोक विहार में एक ढाबे पर खाना खाया, फिर वह रामलीला मैदान के पास असफ अली रोड की एक मस्जिद गया, जहां उसने तीन घंटे तक कार पार्किंग में बिताए और नमाज पढ़ी। पुलिस को शक है कि इसी दौरान उसे अगले निर्देश मिले। 3.19 बजे उसकी सफेद आई20 कार को लाल किला पार्किंग में खड़ा देखा गया। कार करीब तीन घंटे तक वहीं रही। 6.22 बजे वह कार मेट्रो स्टेशन की तरफ बढ़ी और 6.52 बजे जबरदस्त धमाके के साथ फट गई। इस विस्फोट में 13 लोगों की मौत और 25 से ज्यादा लोग घायल हुए।

### दिल्ली ब्लास्ट की जांच में ईडी की एंट्री, टेरर फंडिंग की जांच करेगी

दिल्ली लाल किला ब्लास्ट में एनआईए, एनएसजी, आईबी और दिल्ली पुलिस के बाद 5वीं जांच एजेंसी ईडी की एंट्री हो गई है। प्रवर्तन निदेशालय इस बात की जांच करेगा कि डॉक्टरों ने विस्फोटक खरीदने के लिए 23 लाख रुपए कहां से जुटाए थे। ईडी अल-फलाह यूनिवर्सिटी के लेन-देन की जांच भी करेगी। जांच एजेंसी से जुड़े सूत्रों का दावा है कि आरोपी डॉ. मुजम्मिल, डॉ. आदिल, उमर और शाहीन ने मिलकर लगभग 20 लाख रुपए जुटाए, जो उमर को दिए थे। इन लोगों ने गुरुग्राम, नूंह और आसपास के इलाकों से आईईडी तैयार करने के लिए 3 लाख रुपए का 20 क्विंटल से ज्यादा एनपीके फर्टिलाइजर खरीदा था। उमर और मुजम्मिल के बीच पैसों का विवाद भी था।

### बम स्क्वॉड टीम अल-फलाह यूनिवर्सिटी पहुंची

हरियाणा पुलिस की बम स्क्वॉड टीम अल-फलाह यूनिवर्सिटी पहुंच गई है। टीम वहां मिली कार की जांच कर रही है कि उसमें कोई विस्फोटक या खतरनाक सामान तो नहीं रखा गया। पुलिस ने पूरे इलाके को घेर लिया है और सावधानी के तौर पर आसपास की इमारतों को खाली कराया गया है। दिल्ली पुलिस ओखला में बने अल फलाह यूनिवर्सिटी के हेडक्वार्टर में पहुंच गई है। इधर, यूनिवर्सिटी ने एनएएसी से शोकॉज नोटिस मिलने के बाद वेबसाइट को बंद कर दिया है।

### कानपुर मेडिकल कॉलेज फार्माकोलॉजी विभाग में एचओडी थी शाहीन

दिल्ली लाल किला विस्फोट मामले की एक आरोपी डॉ. शाहीन सईद 1 सितंबर 2012 से 31 दिसंबर 2013 तक कानपुर मेडिकल कॉलेज में फार्माकोलॉजी विभाग में एचओडी रही। 2012 में डॉ. शाहीन ने कानपुर मेडिकल कॉलेज में एडमिशन लेने के बाद अपना मेडिकल फॉर्म जमा किया। उसके बाद शाहीन 2013 तक कानपुर मेडिकल कॉलेज में लेक्चरर के रूप में काम किया। बाद में उसका तबादला कन्नौज मेडिकल कॉलेज कर दिया गया।

### एअर इंडिया की टोरंटो-दिल्ली उड़ान में बम की अफवाह

दिल्ली धमाके के बाद से ही पूरे देश की एजेंसिया अलर्ट पर हैं। इसके बावजूद पिछले दो दिनों से लगातार एयरपोर्ट से लेकर कई उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही हैं। इसी बीच आज भी कनाडा के टोरंटो से दिल्ली आ रही उड़ान को बम की धमकी मिली। इसके बाद राष्ट्रीय राजधानी यानी दिल्ली में विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। विमान में मौजूद सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित उतार लिया गया। वहीं, दिल्ली एयरपोर्ट पर सभी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क रहीं। सुबह दिल्ली पुलिस को फ्लाइट एआई-188 से जुड़ा बम धमकी संदेश प्राप्त हुआ। इसके बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर बम थ्रेट असेसमेंट कमेटी का गठन किया गया। जांच के बाद धमकी को नॉन-स्पेसिफिक यानी अपुष्ट श्रेणी में रखा गया। हालांकि, सुरक्षा कारणों से विमान की गहन जांच की गई। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि टोरंटो से दिल्ली आ रही फ्लाइट के दौरान सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया था।

### रेलवे, मेट्रो और एयरपोर्ट पर बढ़ी सुरक्षा

लाल किले ब्लास्ट के बाद राजधानी दिल्ली में सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं। इसी बीच दिल्ली पुलिस ने यात्रियों के लिए एक अहम एडवाइजरी जारी की है। सुरक्षा जांच में बढ़ोतरी के चलते अब रेलवे, मेट्रो और एयरपोर्ट पर यात्रियों को समय से पहले पहुंचना होगा। संयुक्त पुलिस आयुक्त मिलिंद दुंबरे के अनुसार, यात्रियों को निम्नलिखित निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। पुलिस का कहना है कि यह एडवाइजरी सुरक्षा जांच को सुचारू रूप से पूरा करने, आखिरी वक्त की भीड़ से बचने और यात्रियों की समय पर बोर्डिंग सुनिश्चित करने के लिए जारी की गई है। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली के प्रमुख रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन और एयरपोर्ट के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। वाहनों की सघन चेकिंग और लगेज की स्कैनिंग भी बढ़ा दी गई है। दिल्ली पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे सहयोग करें और यात्रा के दौरान अतिरिक्त समय का प्रावधान रखें, ताकि किसी असुविधा से बचा जा सके। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि ये सख्ती एहतियाती कदम है, जिससे राजधानी में किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### आतंकी उमर धमाके वाले दिन मेवात में दिखा था

आतंकी उमर नबी धमाके से पहले हरियाणा के मेवात गया था। वहां की फिरोजपुर झिरका टोल प्लाजा की सीसीटीवी फुटेज में उसकी कार दिखाई दी, जिसमें विस्फोटक सामग्री भरी हुई थी। यह फुटेज 10 नवंबर की सुबह, यानी धमाके वाले दिन की है। जांच में पता चला है कि विस्फोटक में इस्तेमाल की गई खाद (फर्टिलाइज़र) उमर ने मेवात से ही खरीदी थी, वह भी डॉ. मुझमिल की गिरफ्तारी से पहले।

## दूसरे पखवाड़े में होगा धामी मंत्रिमंडल का विस्तार, 2027 चुनाव को बनाया जाएगा टारगेट



**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मंत्रिमंडल का विस्तार महीने के दूसरे पखवाड़े में होने की संभावना है। इस विस्तार का मुख्य लक्ष्य 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी को मजबूत करना है। भाजपा युवा और अनुभवी नेताओं को शामिल करने की योजना बना रही है ताकि राज्य सरकार के कामकाज को और प्रभावी बनाया जा सके। उत्तराखंड की रजत जयंती के समारोह की लंबी श्रृंखला के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मेहनत रंग लाई। मुख्यमंत्री का आत्मविश्वास और कद, दोनों ने उछाल भरी है। धामी के सामने अगली चुनौती वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की है। इस महासमर से पहले राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार की कसरत को अंजाम तक पहुंचने का इंतजार है। बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद धामी मंत्रिमंडल का विस्तार इसी माह के दूसरे पखवाड़े में होने अब तकरीबन तय माना जा रहा है। धामी मंत्रिमंडल में वर्तमान में पांच सीट रिक्त हैं। मंत्रिमंडल की कुल 12 में से सात सीट भरी हैं। रिक्त सीट को भरने के लिए लंबे समय से कसरत चल रही है। अगले विधानसभा चुनाव से पहले मंत्रिमंडल में विस्तार और फेरबदल को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ऐसे में भाजपा हाईकमान के स्तर से यह निर्णय बार-बार टलता रहा तो इसका प्रमुख कारण पार्टी की प्राथमिकताएं रहा। मानसून काल में आपदा की चुनौती से निपटने में मुख्यमंत्री धामी और उनके मंत्रिमंडल का जोर रहा। इस बीच, पंचायत चुनाव में भी सरकार और सत्ताधारी दल का समन्वय रंग लाया। मुख्यमंत्री धामी ने इस पूरी मुहिम में अपने नेतृत्व का लोहा मनवाया। यही नहीं, इस बीच पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव में बतौर स्टार प्रचारक जिम्मेदारी सौंपी। इससे निपटते ही उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती उत्सव श्रृंखला प्रारंभ हो गई। प्रदेश सरकार ने इस कार्यक्रम में सभी की भागीदारी सुनिश्चित की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य स्थापना समारोह में प्रदेश सरकार के कड़े निर्णयों की सराहना कर मुख्यमंत्री धामी के हाथों को ताकत देने का काम किया है। अब बारी मंत्रिमंडल विस्तार की है। माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार को बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम यानी 14 नवंबर के बाद ही होगा। अगले माह दिसंबर में संसद सत्र आहूत किया गया है। ऐसे में चालू माह के अंतिम सप्ताह तक मंत्रिमंडल का विस्तार होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट ने कहा कि मंत्रिमंडल इस माह के दूसरे पखवाड़े में होने की संभावना है।

## पढ़े-लिखे लोग भी आतंकवाद में शामिल, इसलिए शिक्षा के साथ देशभक्ति जरूरी: राज्यपाल आनंदीबेन

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल सभागार में बृहस्पतिवार को आयोजित 23वें दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मेधावियों और पीएचडी धारकों को सम्मानित किया। उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों को देशभक्ति का संदेश भी दिया। राज्यपाल ने दिल्ली में हुई घटना पर चिंता जताई। कहा कि आज पढ़े-लिखे लोग भी आतंकवादी प्रवृत्ति में शामिल हो रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि चार अंक कम आएंगे तो चलेंगे, लेकिन देशभक्ति हमारे खून में भरी होना चाहिए। ऐसी शिक्षा का कोई अर्थ नहीं रह जाता है, जो हमारे विचार पलट दे। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि दिल्ली में घटना हुई है। पहली बार यह हुआ, जिसमें पढ़े-लिखे लोग आतंकवादी प्रवृत्ति में शामिल हुए। डॉक्टर, इंजीनियर शामिल हुए। क्या पढ़े होंगे वे लोग। उन लोगों ने क्या पढ़ाया होगा। लोगों को पता ही नहीं चला। सरकारों को भी पता नहीं चला। आतंकवादियों की मंशा भारत का उड़ा देने की थी। ऐसे लोगों से हमें



लड़ना है। देश को बचाना है। इसलिए हमें चारों ओर दृष्टि रखनी पड़ेगी। सभी की गतिविधियों पर नजर रखनी पड़ेगी।

### देशभक्ति हमारे खून में भरी होनी चाहिए: राज्यपाल


राज्यपाल ने कहा कि भारत आगे बढ़ रहा है। दुनिया के कई देशों को पसंद नहीं होगा। ऐसे विचार वाले लोग आतंकवादी प्रवृत्ति में शामिल हुए हैं। जो अध्यापक पढ़ाते थे, वही उसी में शामिल हैं। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि चार अंक कम आएंगे तो चलेंगे, लेकिन देशभक्ति हमारे खून में भरी होनी चाहिए। आज लोग छोटी-छोटी चीजों के लिए लड़ रहे हैं। जेल में कई लोग बंद हैं, क्या वे शिक्षित हैं।

### विद्यार्थियों को बताए सफलता के सूत्र

राज्यपाल ने कहा कि जीवन स्वयं निरंतर सीखने की यात्रा है। सीखना केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है। यह विचार, अनुभव और व्यवहार की निरंतर साधना है। अर्जित ज्ञान को समाज के कल्याण, मानवता के उत्थान और राष्ट्र के निर्माण में लगाना चाहिए। अपने सपने को जीवित रखिए। अपनी आंकाक्षाओं को ऊचाइयों तक ले जाइए। बड़ा सोचिए, सशक्त संकल्प कीजिए और कर्म को अपना धर्म बनाइए। यही सफलता के सूत्र हैं।

### 'निरंतर नई ऊचाइयां छू रहीं छात्राएं'

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि छात्राएं शिक्षा और अनुसंधान में निरंतर नई ऊचाइयां छू रही हैं। शिक्षा के प्रतिस्पर्धा के दौर में संतुलन की स्थिति बने रहे हैं। छात्र और छात्राओं दोनों को समान अवसर, प्रोत्साहन और संसाधन प्राप्त हों। यही समाज के संतुलित विकास की पहचान है। सबको समान अवसर और संसाधन मिलते हैं, लेकिन छात्रों से छात्राएं आगे निकल रही हैं। मुझे तो खुशी होगी, क्योंकि महिलाएं आगे बढ़ें, लेकिन छात्रों को भी पीछे नहीं रहना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि रुहेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आरंभ की गई नई पहल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड अपने आप में एक प्रेरक परंपरा का सूत्रपात है। इस सम्मान के प्रथम प्राप्तकर्ता झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार का चयन सराहनीय है।

# डीएम ने किया फोरलेन सड़क चौड़ीकरण के कार्य का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने गुरुवार को देवांगना घाटी से लेकर पटेल तिराहा तक बनाए जा रहे फोरलेन सड़क के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। डीएम ने निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए सम्बन्धितों को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने जिलाधिकारी को बताया कि मार्ग की लंबाई 7.600 किलोमीटर है तथा कार्य को पूर्ण करने की संभावित तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित है। जिसके निर्माण के लिए कुल स्वीकृत धनराशि 13,907.64 लाख है, जिसके सापेक्ष कुल 9,357 लाख धनराशि व्यय की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिदिन हाने वाले कार्य का बार चार्ट बनाए तथा मैनपावर बढ़ाकर ससमय कार्य पूर्ण कराया जाए। डीएम उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश बॉर्डर पर लगे क्षतिग्रस्त ओवर हेड सूचना बोर्ड को भी सही कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता ने बताया कि मार्ग निर्माण में विद्युत पोल आ रहे हैं, जिनकी शिफ्टिंग विद्युत विभाग द्वारा नहीं की गई है, जिससे मार्ग निर्माण में बाधा उत्पन्न हो रही है, जबकि उसकी धनराशि भी जमा की जा चुकी है। इस पर डीएम ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि विद्युत पोल को शीघ्र शिफ्ट कराए। अधशासी अभियंता ने बताया कि कुछ भूस्वामियों द्वारा सर्किल रेट कम होने के कारण भूमि देने के लिए सहमति नहीं दी जा रही है, इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सर्किल रेट को पुनः चेक कराकर नियमानुसार कार्यवाही करें।

इसके बाद डीएम ने शहरी क्षेत्र में कराए जा रहे मार्ग कार्य का भी निरीक्षण किया गया। जिसके तहत उन्होंने सड़क मार्ग के किनारे हो रहे नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने निर्देश दिए गए की नाली को ढ़कने के साथ फुटपाथ के कार्य को भी समायोजित करते हुए फुटपाथ 1.50 से 2 मी की चैड़ाई में बनाया जाए। इसके लिए फुटपाथ की डिजाइन एवं ड्राइंग बनाकर प्रस्तुत की जाए।

# अपर पुलिस अधीक्षक व सहायक पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में शहर क्षेत्र के प्रमुख चौराहों में चला यातायात जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



कालूकुआं चौराहे पर वाहनों की चेकिंग कर लोगों को गीत-संगीत के माध्यम यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरुक।साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को दी गई सख्त चेतावनी।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में यातायात जागरुकता माह अभियान के क्रम में दिनांक 12नवम्बर को अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात मेविस टॉक के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा शहर क्षेत्र के कालूकुआं चौराहे पर दोपहिया व चारपहिया वाहनों की चेकिंग की गई साथ ही लोगों को स्थानीय लोकगीत/संगीतों के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति जागरुक भी किया गया।इस दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की सघन चेकिंग की गई तथा लोगों को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक/प्रेरित किया गया।लोगों से अपील की गई कि चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएँ, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें,वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें एवं निर्धारित गति सीमा का पालन करें यह सभी के जीवन की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है, सड़क पर छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इस दौरान जिन वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन किया गया,उन्हें मौके पर ही सख्त चेतावनी दी गई साथ ही यह भी बताया कि आगामी दिनों में ऐसे चेकिंग अभियान निरंतर रूप से चलाए जाएंगे, जिससे शहर में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुचारु बनाया जा सके और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

## छात्रवृत्ति को लेकर हो रही लापरवाही, छात्रों ने जताई नाराजगी

**चित्रकूट।** छात्रवृत्ति नवीनीकरण के मुद्दे को लेकर गुरुवार को विद्यार्थियों ने राजकीय महाविद्यालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान प्राचार्य को मांग पत्र सौंपकर समस्या निराकरण कराने की मांग की गई। गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र नेता अनंत मिश्रा, सूरज अग्रहरि, अनुराग शुक्ला, अभिषेक मिश्रा, अमन कुमार व अनामिका त्रिपाठी आदि ने प्राचार्य राजेश कुमार पाल से मुलाकात कर बताया कि महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी वेबसाइट न चलने और अन्य कारणों के चलते छात्रवृत्ति फार्म भर नहीं पा रहे हैं। इसी प्रकार द्वितीय वर्ष में छात्रवृत्ति फार्म का नवीनीकरण नहीं हो रहा है। इसके कारण बड़े पैमाने पर पात्र होने के बावजूद विद्यार्थी छात्रवृत्ति योजना का लाभ पाने से वंचित हो जाएंगे। ऐसे में विद्यार्थियों की समस्या का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए।

# सरदार पटेल एकता पदयात्रा निकालकर किया नगर भ्रमण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन में सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय में यूनिटी मार्च ÷सरदार पटेल एकता पदयात्रा÷ का भव्य आयोजन किया गया।

प्रातः 10 बजे जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने पटेल तिराहा से पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो सरदार पटेल इण्टर कॉलिज अमानपुर, गोस्वामी तुलसीदास महाविद्यालय बेड़ी पुलिया, सेंट थॉमस इण्टर कॉलिज से होते हुए शिशु मंदिर विद्यालय में समाप्त हुई। पदयात्रा का उद्देश्य नागरिकों में एकता, राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक सद्भाव एवं युवा सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा। जिसके माध्यम से सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए युवाओं को ÷एक भारत, श्रेष्ठ भारत÷ तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान 1500 से अधिक युवाओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों, व्यापारियों एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा माई भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराया। चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी, सरदार पटेल इण्टर कॉलिज एवं गोस्वामी तुलसीदास महाविद्यालय, गंगा प्रसाद इण्टर कॉलिज, जेपी इण्टर कॉलिज, जेएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने सक्रियता से प्रतिभाग किया। पदयात्रा में नगर पालिका परिषद द्वारा पुष्प वर्षा भी की गई।

## पेंशन गबन के मामले में सम्बन्धित कोषागार के अधिकारियों-कर्मचारियों के खातों से आहरण पर रोक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला कोषागार में पेंशन सम्बन्धी गबन प्रकरण के सम्बन्ध में गुरुवार को कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने अनियमित भगुतान की राशि जमा न करने वाले पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स की सम्पत्ति को जब्त करने के निर्देश दिए। साथ ही इस मामले से सम्बन्धित कोषागार के अधिकारियों व कर्मचारियों के खातों से आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में बताया गया कि कोषागार पेंशन घोटाला प्रकरण से सम्बन्धित 93 पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स में से 26 पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स ने गबन की धनराशि को राजकोष में जमा कर दिया है। जिसमें 13 नवम्बर गुरुवार तक 3,60,74,016 (तीन करोड साठ लाख चैहत्तर हजार सोलह रूपये) की वसूली की जा चुकी है। शेष 67 पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स द्वारा गबन की धनराशि जमा नहीं की जा रही है। इस पर डीएम ने निर्देश दिए कि जिन पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स द्वारा गबन की धनराशि जमा नहीं की गई, उनकी सम्पत्ति जब्त की जाए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने इस मामले में एक प्रभारी सहायक कोषाधिकारी/कोषागार लेखाकर, एक लेखाकार, एक सहायक लेखाकार तथा एक सेवानिवृत्त सहायक कोषाधिकारी के बैंक खातों से आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

# सड़क पर आवारा और छुट्टा जानवर घूमते नहीं दिखाई पड़ना चाहिये

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मीटिंग हाल में कर करेत्तर की मासिक समीक्षा की गयी। कर करेत्तर की समीक्षा करते हुए डीएम ने आबकारी, विद्युत, स्टाम्प, निबंधन, वाणिज्यकर, परिवहन, विद्युत, खनन, नगर निकायो के जिम्मेदार अधिकारियों को दिये गये टारगेट के सापेक्ष वसूली की प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए, साथ ही लक्ष्य के सापेक्ष खराब प्रगति पर मंण्डी सचिव सुमेरपुर, कुरारा, मौदहा एवं मुस्करा का वेतन रोकने तथा चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क में आवारा गौवंश नही घूमना चाहिये। जिलाधिकारी ने नगर पालिका और नगर पंचायत के सभी अधिशाषी अधिकारियों सहित मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी गौशालाओं में भूसा, चारा और पानी की मौजूदगी के साथ ही पशुओं के ठंड से बचाव के लिये गुड़ बैंक की स्थापना की जाये। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कि कार्य में खास दिलचस्पी लेकर लक्ष्य के मुताबिक रणनीति बनाकर कर संग्रह करना तय करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग तय लक्ष्य की पूर्ति करें ताकि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग पर खराब असर न पड़े। कर करेत्तर के कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी, वरना सख्त कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के पैंडिंग पड़े मामलों की गहराई से समीक्षा की। साथ ही उनके निस्तारण के बारे में जरुरी दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि राजस्व से जुड़े पैंडिंग मामलों का वक्त पर डिस्पोजल कराना तय करें।

इस मौके पर एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद, एसडीएम सदर के डी शर्मा, एसडीएम राठ अभिमन्यु कुमार, एसडीएम मौदहा करणवीर सिंह, एसडीएम राजकुमार गुप्ता मौजूद रहे।

# गुम हुए 80 मोबाइल फोन बरामद कर पुलिस ने मोबाइलधारकों को सौंपे

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जनपद की एसओजी/सर्विलांस टीम ने गुमशुदा/खोए हुए 10 लाख 85 हजार कीमत के कुल 80 मोबाइल फोन बरामद कर मोबाइलधारकों के सुपर्द किए। मोबाइल फोन पाकर मोबाइलधारकों ने पुलिस को धन्यवाद दिया।

एसओजी/सर्विलांस प्रभारी एम.पी. त्रिपाठी ने बताया कि गुम व खोए हुए मोबाइल के धारकों द्वारा पुलिस अधीक्षक को व सीईआईआर पोर्टल पर अपने मोबाइल खोने के सम्बन्ध में पूर्व में प्रार्थना पत्र दिये गए थे। जिनकी बरामदगी के लिए पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने निर्देश दिए थे। जिसके क्रम में टीम गठित करते हुए सर्विलांस एवं थानों की पुलिस टीम द्वारा प्रयास करते हुए 10 लाख 85 हजार कीमत के 80 गुमशुदा/खोए हुए मोबाइल बरामद किए गए। जिन्हें गुरुवार को मोबाइल धारकों के सुपुर्द किया गया। मोबाइल धारकों ने खाए हुए मोबाइल फोन पाकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस को धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि फरवरी माह वर्ष 2024 से अब तक 5 लाख कीमत के कुल 380 खोए/गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर धारकों के सुपुर्द किया जा चुका है। इस मामले में पूरे उत्तर प्रदेश में जनपद चित्रकूट तीसरे स्थान पर है। मोबाइल बरामद करने वाली टीम में मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार, आरक्षी राघवेन्द्र, रोहित सिंह, आशीष यादव, ज्ञानेश मिश्रा, पवन राजपूत, रोशन सिंह, गोलू भार्गव शामिल रहे।

## कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि


**चित्रकूट।** जिला कौंग्रेस समिति के पदाधिकारियों ने देश की राजधानी दिल्ली में हुए विस्फोट कांड में मारे गए लोगों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शहीद स्मारक पार्क में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। इस मौके जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, वरिष्ठ कौंग्रेस नेता राजकुमार गर्ग, जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता चुनवाद प्रसाद, पीसीसी सदस्य नीरू गुप्ता, शिव गुलाम वर्मा, डॉ राकेश वर्मा, जिला सचिव ओम प्रकाश गुप्ता, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष रावेद्र सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

## क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से

**पहाड़ी, चित्रकूट।** दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 14 नवंबर शुक्रवार को वशिष्ठ गुरुकुलम विद्यालय राजापुर के परिसर में किया जाएगा। जिसका शुभारम्भ राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा व उपजिलाधिकारी फूलचन्द यादव करेंगे। इस प्रतियोगिता में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके, क्षेत्राधिकार राजापुर राज कमल भी शामिल होंगे। व्यायाम शिक्षक पहाड़ी रामनारायण साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में लगभग 900 विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। रैली प्रतियोगिता व्यवस्था के लिए लगभग शिक्षकों की ड्यूटि लगाई गई है।

## सहायक पुलिस अधीक्षक व उपजिलाधिकारी सदर तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने विस्फोटक लाइसेंसधारियों एवं विस्फोटक भण्डारण स्थलों की चेकिंग

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदेश में विस्फोटक पदार्थों के भण्डारण की चेकिंग हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत की जा रही कार्यवाही के क्रम में दिनांक 13नवम्बर को सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा मेविस टॉक द्वारा उपजिलाधिकारी सदर, मुख्य अग्निशमन अधिकारी तथा थानाध्यक्ष मटौंध के साथ थाना मटौंध क्षेत्र में पड़ने वाले मोहनपुरवा व दुरेड़ी में विस्फोटक लाइसेंसधारियों एवं विस्फोटक भण्डारण स्थलों की चेकिंग की गई।चेकिंग के दौरान मोहनपुरवा में विस्फोटक भण्डारण स्थल चालू मिला जिनके पास नाइट्रेट मिक्चर, सेफ्टी फ्यूज,डेटोनेंटिंग फ्यूड आदि का वैध लाइसेंस मिला। भण्डारण स्थल पर चेकिंग की गई जिसमें स्वीकृत मात्रा से कम भण्डारण प्राप्त हुआ। इस दौरान सभी सुरक्षा उपायों को भी चेक किया गया तथा संबंधित लाइसेंसधारी को सभी मानक हर स्थिति में पूरा रखने के निर्देश दिए गए।चेकिंग के दौरान स्टॉक रजिस्टर को भी चेक किया गया। टीम द्वारा दुरेड़ी में भी चेकिंग की जहां पूर्व में विस्फोटक भण्डारण स्थल स्थापित था तथा वर्तमान में उसकी वैधता समाप्त हो चुकी है,दुरेड़ी स्थित स्थल बंद मिला,यह वर्ष-2016 से ही बंद है।सहायक पुलिस अधीक्षक द्वारा थानाध्यक्ष मटौंध को निर्देशित किया गया कि नियमित रुप से इन स्थानों की चेकिंग करते रहें।

## स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर किया गया प्रदर्शन




**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिले में सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार एवं जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की मांग को लेकर व्यापारी समाजसेवी विनोद केसरवानी प्रिंस ने गुरुवार को समर्थकों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने शहर में जगह-जगह बदहाल स्वास्थ्य सेवा के पोस्टर लगवाए। इसके बाद हाथों में तख्ती लिए हजारों समर्थकों के साथ जिला कलेक्टरेट पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को सौंपा। ज्ञापन में कई बिंदुओं में प्रमुख मांगे रखी गई हैं। जिसमें जिला अस्पताल को रेफर सेंटर बनाने से रोका जाने एवं खोह अस्पताल को ट्रामा सेंटर घोषित करने की मांग की गई है। इसके अलावा हार्ट, लीवर, किडनी आदि गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए गैस्ट्रोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी आदि विशेष चिकित्सकों की नियुक्ति की भी मांग की है। समाजसेवी विनोद केसरवानी ने आरोप लगाया है कि जिले की सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से बदहाल हैं। कोई भी मरीज जिला अस्पताल जाता है, तो उसे तुरंत अन्य जनपद के लिए रिफर कर दिया जाता है। इलाज के नाम पर जिला अस्पताल महज एक रिफर केंद्र बन गया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में न्यूरो, गैस्ट्रिक और कार्डियो के विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं हैं। यहां तक की सड़क हादसे में घायल मरीजों को भी रिफर कर दिया जाता है। विनोद केशरवानी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए जनता के साथ मिलकर उन्होंने यह बीड़ा उठाया है। उनका संकल्प है कि जब तक जिला अस्पताल का रिफर केंद्र बंद नहीं होता और खोह अस्पताल को ट्रामा सेंटर नहीं बनाया जाता। साथ ही जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं की जाती तब तक यह आंदोलन निरंतर जारी रहेगा।

# आग से बुरी तरह जली महिला, खुद किया था अपने आपको आग के हवाले

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**




राठ कोतवाली क्षेत्र कस्बा स्थित नगर पालिका की बाउंड्री के अन्दर स्यावरी रोड पर देर रात आग में जलती हुई महिला की चीख पुकार सुनकर सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी मिलते ही राठ पुलिस ने मौके पर पहुँचकर महिला को एमबुलेंस की मदद से स्वास्थ्य केन्द्र में एडमिट कराया, महिला की नाजुक हालत के चलते डाक्टरों ने शुरुआती इलाज के बाद उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। जहाँ उसका इलाज चल रहा है। वही वारदात के बारे में जानकारी देते हुये अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता ने बताया कि झाँसी में उपचार के दौरान महिला की पहचान हो गई है, अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इलाज के दौरान महिला ने बताया कि उसने खुद ही अपने आपको आग के हवाले किया था। फिलहाल राठ पुलिस पूरे मामले की जांच में बारीकी से जुटी है।

# श्रीमद्भागवत पुराण में कंस वध, रूक्मणी विवाह की कथा का सदर विधायक,एमएलसी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



बिलगांव गांव में चल रही संगीतमयी श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के छठवें दिन कथाव्यास आचार्य डॉ सर्वेश द्विवेदी परशुराम के द्वारा कंस वध ,श्रीकृष्ण रुकमणी विवाह की कथा का रसास्वादन कराया गया बिलगांव टोलाथोक मोहल्ले में आयोजित की गई श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के छठवें दिन कथाव्यास आचार्य डॉक्टर सर्वेश द्विवेदी परशुराम के द्वारा श्रीकृष्ण की पावन कथा कंस वध रुकमणी विवाह का दिग्दर्शन कराने के साथ ही विवाह उत्सव मनाया गया विभिन्न भक्ति भजनों से श्रोता भक्त भक्ति के रस में डूबे रहे कार्यक्रम में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, जितेंद्र सेंगर सदस्य विधान परिषद, हरिश्चन्द्र सोनकर चेयरमैन नरैनी,भाजपा नेता पुष्कर द्विवेदी,जगराम सिंह चौहान,रजत सेठ, रणजीत सिंह, सौरभ शर्मा, केशव पांडेय, योगराज तिवारी, ज्ञानदत्त पांडेय बृजेश सिंह,हर्ष पांडेय के अलावा जिला चिकित्सालय से सुनील कुमार, संजय, प्रमोद कुमार, किशन कुमार, रोहित आदि के द्वारा व्यासपीठ की आरती पूजनकर आशीर्वाद लिया आयोजक मनीष तिवारी भाजपा किसान मोर्चा जिलामंत्री द्वारा आए हुए अतिथियों का अभिनंदन किया परीक्षित देवहुति महावीर तिवारी, लवलेश सोनू तिवारी, निखिल शुक्ला आदि शामिल रहे और सभी श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

# शहर के प्रमुख चौराहे पर आयोजित हुआ यातायात जागरुकता कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में यातायात जागरुकता माह नवंबर के अंतर्गत जनपद में होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा यातायात नियमों के प्रति आम-जनमानस को जागरुक करने हेतु व्यापक जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में दिनांक 13नवम्बर को सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के नेतृत्व में शहर के प्रमुख बाबूलाल चौराहे पर कैम्प लगाकर विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भागवत प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज व नगर पालिका इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं ने अपने अभिनय, काल्पनिक घटनाओं व संगीत के माध्यम से लोगों का यह समझाने का प्रयास किया कि सड़क पर एक छोटी सी चूक उन्हे तथा उनके परिवार को अपूर्णीय क्षति की ओर ले जा सकती है। यातायात नियमों का पालन करना न केवल स्वयं तथा दूसरों की जीवन रक्षा के लिए जरुरी है साथ ही यह सभी नागरिकों का कर्त्तव्य भी है । कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को बिना ड्राइविंग लाइसेन्स के वाहन न चलाने, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलाने, दो पहिया वाहन में तीन लोगो को न बैठाने,चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाने व वाहन चलाते समय फोन पर बातचीत न करने, ओवर स्पीड में वाहन न चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने, चौराहे पर लगी बत्तियों के संकेत के अनुसार चलने तथा अपनी लेन में चलने आदि के संबंध में जागरुक किया गया । इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद पुलिस द्वारा माह भर चलाए जा रहे इस विशेष जागरुक अभियान में प्रत्येक स्कूली छात्र-छात्राएँ जनपद पुलिस की ब्रांड एम्बेंस्डर हैं,उन्होने सभी छात्र-छात्राओं से अपील कि वे सभी अपने आस-पास के लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करें।साथ ही इस दौरान उन्होने द्वारा छात्र-छात्राओं की प्रसंशा करते हुए कहा कि आप सभी की सामाजिक मूल्यों के प्रति सकारात्मक अभिरुचि सराहनीय है,आप सभी के प्रयासों से ही जागरुकता अभियान को मौलिक सफलता तक पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम के अन्त में एक व्यापक जागरुकता रैली निकाली गई जिसके माध्यम से लोगों को जागरुक करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, यातायात प्रभारी संजय कुमार मिश्रा, यातायात मास्टर ट्रेनर पीयूष मिश्र, यातायात सुराक्षा समिति के सदस्य सुनील सक्सेना तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



**निर्यात को बढ़ावा देने के फैसले...**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार के ताजा कैबिनेट फैसले भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूत करेंगे और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में निर्यात प्रोत्साहन मिशन... पढ़ें पेज 12 पर...

# सरकारी ज़मीन पर गिद्ध निगाहें

## सरोसा भरोसा में बुलडोज़र की उलटी गिनती शुरू

- राजस्व रिपोर्ट ने खोली हेराफेरी की परतें, 24 नवम्बर को सीमांकन, अब तय होगा कब्जे का सच

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ के सरोसा भरोसा गांव में सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं की गिद्ध निगाहें और अभिलेखों में हेराफेरी का खेल अब प्रशासन के गले की हड्डी बन गया है। वर्षों से फाइलों में धूल खा रही शिकायत अब मुख्यमंत्री योगी की ÷ज़ीरो टॉलरेंस÷ नीति की असली कसौटी बन चुकी है। तहसील सरोजनीनगर प्रशासन ने जांच पूरी कर 24 नवम्बर को सीमांकन की तिथि तय कर दी है।

अब उलटी गिनती शुरू – चौदह दिन बाद तय होगा हक़, कब्जा और सच्चाई का सच!



### सरकारी ज़मीन दर्ज, आसपास निर्माण सक्रिय

आईजीआरएस शिकायत संख्या 40015725105303 पर हुई जांच में लेखपाल धर्मेंद्र कुमार ने 10 नवम्बर को अपनी आख्या तहसीलदार को सौंपी। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि ग्राम सरोसा भरोसा, परगना काकोरी की गाटा संख्या 696 (रकबा 0.291 हे.) राजकीय संपत्ति के रूप में दर्ज है। इसके आसपास की गाटा संख्या 1289 श्रृंखला की भूमि में कई निजी खातेदारों के नाम दर्ज हैं, पर इनमें से 0.5315 हे. भूमि अब भी राज्य सरकार के नाम पर है। रिपोर्ट के मुताबिक फिलहाल सरकारी जमीन पर कोई नया निर्माण नहीं पाया गया, लेकिन आसपास की गतिविधियां और पुराने कब्जे जांच योग्य हैं।

### सीमांकन से खुलेगा 'कब्जे का सच'

लेखपाल की आख्या में कहा गया है कि 24 नवम्बर को सीमांकन के बाद वास्तविक कब्जे और सीमाओं की स्थिति स्पष्ट होगी। यह वही दिन होगा जब तय होगा – सरकार की भूमि सुरक्षित है या भूमाफिया ने उसे निगल लिया।

### 'फाइलों में चल रहा खेल, बुलडोज़र ही देगा जवाब'

शिकायतकर्ता आशीष कुमार सिंह ने कहा, ग्राम समाज की भूमि पर धीरे-धीरे भूमाफिया कब्जे जमा रहे हैं। अभिलेखों में हेराफेरी कर राजकीय संपत्तियों को निजी बताया जा रहा है। सीमांकन के बाद दोषियों पर बुलडोज़र चले, तभी न्याय होगा।

### प्रशासनिक सूत्रों का दावा

सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट तहसीलदार और उपजिलाधिकारी सरोजनीनगर को भेजी जा चुकी है। अब बारी तहसील प्रशासन की है। देखना होगा कि यह रिपोर्ट कागज़ों में दब जाएगी या योगी सरकार के बुलडोज़र की गर्जना में बदल जाएगी। अब सवाल सिर्फ सीमांकन का नहीं, सरकारी ईमानदारी की साख का है।

# सरकारी लकड़ी की चोरी पर कुर्सी का इनाम

- रसूख के आगे कानून बौना – आरोपी डॉक्टर बना सरोजनीनगर सीएचसी अधीक्षक

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

जहाँ कानून गरीब पर लोहे की तरह टूटता है, वहीं रसूखदारों के लिए मोम की तरह पिघल जाता है। सरकारी बेशकीमती लकड़ी की चोरी में आरोपी डॉक्टर दिलीप कुमार भार्गव को शासन ने सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का अधीक्षक बना दिया है। यह वही डॉक्टर हैं जिन पर सरकारी भूमि से पेड़ों की अवैध कटान और लकड़ी चोरी के गंभीर आरोप हैं। मुकदमा दर्ज हुआ, जुर्माना लगा, लेकिन सज़ा नहीं – बल्कि पदोन्नति का तोहफ़ा मिल गया।

### कानून कहता है सज़ा – रसूख देता है प्रमोशन

भारतीय वन अधिनियम, 1927 और उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1976 के तहत बिना अनुमति पेड़ काटना तीन साल तक की जेल और जुर्माने योग्य अपराध है। सरकारी भूमि पर खड़े पेड़ राज्य संपत्ति माने जाते हैं, जिनकी कटान आईपीसी की धारा 379 व 409 के तहत सरकारी संपत्ति की चोरी है। लेकिन जब अपराधी के पास रुतबा हो, तो कानून की धाराएं भी कुंद पड़ जाती हैं।

### जुर्माना भरते ही 'मामला निपट गया' की मुहर

विभागीय सूत्रों के अनुसार, डॉक्टर



डॉ. दिलीप कुमार भार्गव
अधीक्षक सरोजनीनगर सीएचसी

भार्गव ने लगभग 50,000 का जुर्माना भर दिया और फाइल पर ÷मामला निपट गया÷ लिख दिया गया। न किसी ने जवाब तलब किया, न जांच शुरू हुई। जिम्मेदारी तय करने के बजाय फाइलें अलमारी में बंद कर दी गईं, और मामला रसूख की चादर तले दब गया।

### गरीब होता तो जेल में सड़ रहा होता

अगर यही अपराध किसी गरीब ने किया होता, तो वह सरकारी संपत्ति की चोरी के आरोप में अब तक जेल में होता। उसकी तस्वीर अख़बारों में अपराधी के रूप में छपती और अधिकारी प्रेस नोट जारी कर 'कड़ी कार्रवाई' का दावा करते। लेकिन यहाँ मामला सरकारी डॉक्टर का था– इसलिए कानून ने आंखें मूंद लीं और विभाग ने कान बंद कर लिए।

### प्रशासन की चुप्पी : भ्रष्टाचार की सहमति है क्या?

**भारतीय वन अधिनियम, 1927 (धारा 26)**

बिना अनुमति पेड़ काटना या सरकारी वन उत्पाद की चोरी – तीन साल की जेल या जुर्माना या दोनों।

**उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1976**

किसी भी सरकारी भूमि पर पेड़ की कटान बिना अनुमति गंभीर अपराध, संबंधित अधिकारी को कार्रवाई करनी होती है।

सरकार भ्रष्टाचार-मुक्त भारत की बातें करती है, लेकिन जब सरकारी संपत्ति चुराने वाला अफसर पदोन्नत होता है, तो यह न केवल शर्मनाक है बल्कि व्यवस्था की नैतिक हार भी है। विभाग की ढिलाई और शासन की चुप्पी यही साबित करती है कि अब न्याय पहचान देखकर दिया जा रहा है।

### आरोपी निलंबित हो, जांच दोबारा शुरू हो

जनता पूछ रही है क्या कानून सिर्फ गरीबों के लिए सख्त है? इस पूरे प्रकरण पर शासन से मांग है कि आरोपी डॉक्टर को तत्काल निलंबित किया जाए, विभागीय जांच पुनः खोली जाए और मामले को आपराधिक प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ाया जाए। क्योंकि अगर सरकारी चोरी करने वालों को कुर्सी मिलती रही, तो आने वाली पीढ़ियाँ यही कहेंगी भारत में कानून नहीं, पहचान चलती है।

# एग्जिट पोल होंगे फेल,बिहार में बनेगी तेजस्वी की सरकार : अखिलेश



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बरेली पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा, पिछले चुनाव में भाजपा ने अपने हिसाब से अधिकारियों की जगह-जगह पोस्टिंग करा दी थी। उन्होंने आरोप लगाया, लोकसभा चुनाव में भाजपा के एजेंट बनकर अधिकारियों ने वोटिंग कराई थी। लाखों लोगों को वोट डालने से वंचित कर दिया था। अखिलेश यादव बरेली में बहेड़ी विधायक अताउर रहमान की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। शादी समारोह निपटाने के बाद अखिलेश ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बिहार विधानसभा चुनाव के रिजल्ट पर भी विस्तार से चर्चा की। एग्जिल पोल में दिख रही एनडीए की जीत को अखिलेश ने गलत बताया। शुक्रवार को वोटिंग की गिनती शुरू होने के साथ एग्जिट पोल के नतीजे धराशाई हो जाएंगे।बिहार में तेजस्वी यादव की सरकार बनेगी। लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए अखिलेश यादव बोले, अगर अधिकारी धांधली न करते तो परिणाम कुछ और होता। अखिलेश ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। धांधली को लेकर हमने कई बार शिकायत की लेकिन चुनाव आयोग ने कोई ध्यान नहीं दिया। भाजपा सरकार हमेशा से लोगों का ध्यान असल मुद्दों से भटकाती रही है। एसआईआर को लेकर अखिलेश यादव ने कहा, उत्तर प्रदेश में एसआईआर का काम शुरू करके तीन महीने के लिए सभी राजनीतिक पार्टियों को उलझा दिया है। अखिलेश ने सपा कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया। पीडीए प्रहरी बनकर हर वोट की रक्षा करें। किसी का वोट बने से ना छूटने पाए। उम्मीद है कि चुनाव आयोग इस बार भाजपा का आयोग बनकर नहीं रहेगा। बरेली के लिए समाजवादी पार्टी आगामी चुनाव में अलग मेनिफेस्टो खुद तैयार करेगी।

# 2047 तक यूपी बनेगा विकसित राज्य

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

17 नवम्बर को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा जन संवाद एवं विचार मंथन

लखनऊ 13 नवम्बर।उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया है। यह संकल्प नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से पूरा होगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने यह बात आज कृषि भवन में ÷विकसित उत्तर प्रदेश-2047÷ विषय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। इस अवसर पर कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख भी उपस्थित रहे।2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने का संकल्प मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार का है।नागरिकों की भागीदारी से समृद्ध, समान व सम्मानित राज्य का निर्माण होगा।श्री शाही ने कहा,कृषि विभाग 17 नवम्बर को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में जन संवाद एवं विचार मंथन कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।नीतिआयोग से परामर्श लेकर कृषि विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जाएगा।उन्होंने बताया कि देश की कुल कृषि भूमि में अकेले यूपी की11 फीसदी भागीदारी है।देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में यूपी का 21.58 प्रतिशत योगदान है। गेहूँ, चावल, गन्ना और आलू उत्पादन में यूपी अव्वल है।बाजरा, मसूर, राई और सरसों में द्वितीय तथा दलहन उत्पादन में चतुर्थ स्थान पर है।आलू उत्पादन 244.65 लाख मीट्रिक टन है जो देश में 40.7 प्रतिशत योगदान करता है।सब्जियों का उत्पादन 423.54 लाख मीट्रिक टन है जो देश में 19.3 प्रतिशत योगदान करता है।दुग्ध उत्पादन 414 लाख मीट्रिक टन है जो देश में 16.2 प्रतिशत योगदान करता है।मछली उत्पादन 1330 लाख मीट्रिक टन है जो देश में 8 प्रतिशत योगदान करता है।कृषि सेक्टर की सकल राज्य मूल्य संवर्धन जीएसवीए 2016-17 में ?2 लाख करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 4.37 लाख करोड़ रुपए हो गई है।उन्होंने कहा कि बजलवायु संरक्षित खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।बीहड़, बंजर और ऊसर भूमि के सुधार पर बल दिया जाएगा।

# विहिप नेता को जेल भिजवाने वाली एडीएम ऋतु पूनिया पर गिरी गाज

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

विश्व हिंदू परिषद विहिप के संगठन मंत्री प्रिंस गौड़ को जेल भेजने के मामले में पीलीभीत की अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया को उनके पद से हटा दिया गया है। शासन स्तर से की गई इस कार्रवाई के तहत, ऋतु पूनिया को लखनऊ मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है। उनकी जगह प्रसून द्विवेदी को जिले का नया एडीएम वित्त एवं राजस्व बनाया गया है। प्रसून द्विवेदी मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण में विशेष कार्याधिकारी के पद पर तैनात थे।यह कार्रवाई विहिप नेता प्रिंस गौड़ को जेल भेजे जाने के बाद जिलेभर में फैले हिंदू संगठनों के कड़े विरोध के बाद हुई है।विहिप नेता प्रिंस गौड़ ने शहर की एक निर्माणाधीन कॉलोनी में बनाई जा रही मजार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। प्रिंस गौड़ ने एडीएम ऋतु पूनिया पर कॉलोनाइजर को संरक्षण देने और उनके पति के लिए ठेके दिलवाने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए बरेली मंडलायुक्त से शिकायत की थी।

# इस्लामिक पृष्ठभूमि वाले शिक्षण संस्थानों की होनी चाहिए जांच : ऋषि त्रिवेदी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने दिल्ली में हुए कार बम विस्फोट में मारे गए लोगों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस घटना की प्रारंभिक जांच में जिन शिक्षण संस्थानों के नाम सामने आए हैं, उनकी गहन जांच-पड़ताल आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अगर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी जैसे संस्थानों की निष्पक्ष जांच की जाए तो ÷एक नहीं, सैकड़ों परवेज अंसारी जैसे मामले सामने आ सकते हैं। ऋषि त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि इस्लामिक पृष्ठभूमि वाले कुछ शिक्षण संस्थान शिक्षा के नाम पर आतंकी गतिविधियों और धर्मांतरण के केंद्र बनते जा रहे हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से ऐसे संस्थानों पर कड़ी निगरानी रखने और उनकी कार्यप्रणाली की नियमित जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि दिल्ली विस्फोट कांड में गिरफ्तार कुछ लोग जिन संस्थानों से जुड़े पाए गए, उन पर यह आरोप गंभीर सवाल खड़े करते हैं। त्रिवेदी ने कहा कि इन



संस्थानों में धर्मांतरण की गतिविधियाँ भी तेजी से चल रही हैं, जो समाज के लिए चिंताजनक है। कुर्सी रोड स्थित इंटीग्रल यूनिवर्सिटी का नाम जांच में आने पर उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब इस संस्थान का नाम किसी विवाद में आया हो। उनके अनुसार, यह संस्थान पहले भी कई बार संदेह के घेरे में रह चुका है। अंत में, ऋषि त्रिवेदी ने हिन्दू समाज से अपील की कि वे अपने बच्चों को ऐसे शिक्षण संस्थानों से दूर रखने का प्रयास करें, ताकि उन्हें आतंक और धर्मांतरण की सोच रखने वालों से सुरक्षित रखा जा सके।

# लखनऊ में 23 से 29 नवंबर तक होगा 19वां राष्ट्रीय जम्बूरी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ ऐतिहासिक अवसर की गवाह बनने जा रहा है। 61 वर्षों के अंतराल के बाद भारत स्काउट्स और गाइड्स का 19वां राष्ट्रीय जम्बूरी 23 से 29 नवम्बर तक वृंदावन योजना स्थित रक्षा एक्सपो ग्राउंड में होगा।यह आयोजन न केवल स्काउटिंग परंपरा का उत्सव है बल्कि विकसित भारत के युवा नेतृत्व, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना का प्रतीक बनेगा। 300 एकड़ क्षेत्र में फैले इस आयोजन में 32,000 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित होंगे, जिनमें देशभर के स्काउट्स के साथ एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 2,000 प्रतिनिधि शामिल हैं। जम्बूरी स्थल पर 3,500 टेंट, 100 रसोई, 4 सेंट्रल किचन, और 30,000 सीटों वाला मुख्य एरीना स्टेडियम तैयार किया जा रहा है, जिसमें आधुनिक एलईडी स्क्रीन, डिजिटल कंट्रोल रूम और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर की सुविधा होगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस आयोजन को राज्य की संस्कृति, परंपरा और नवाचार की झलक के रूप में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया है कुछ समय पूर्व उन्होंने तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिया था कि एक्सपो ग्राउंड में राज्यवार प्रदर्शनियों के साथ ग्लोबल विलेज, 75 वर्ष की स्काउटिंग प्रदर्शनी, एयर अग्निवीर, रोबोटिक्स, सोलर और आर्मी पवेलियन भी लगाए जाएं।जम्बूरी का यह संस्करण



तकनीकी दृष्टि से भी ऐतिहासिक रहेगा। पहली बार डिजिटल लाइव स्ट्रीमिंग, आरएफआईडी आधारित स्मार्ट आईडी कार्ड, और व्हाट्सएप कम्युनिकेशन सिस्टम के माध्यम से प्रतिभागियों को रियल-टाइम सूचनाएं मिलेंगी। दो दिवसीय ड्रोन शो में सैकड़ों ड्रोन मिलकर स्काउटिंग और युवा सशक्तीकरण की कहानी आकाश में चित्रित करेंगे।युवाओं में नवाचार और नेतृत्व कौशल को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजन स्थल पर आईटी एवं एआई हब स्थापित किया जा रहा है। यहां डिजिटल लर्निंग, इनोवेशन, और लीडरशिप से जुड़े वर्कशॉप्स आयोजित होंगे। स्काउट्स को शिक्षा, रोबोटिक्स, और साइंस एक्सपो के माध्यम से आधुनिक तकनीकों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के उच्च मानकों को ध्यान में रखते हुए परिसर में 100 बेड का अस्पताल, 16 डिस्पेंसरी, फायर स्टेशन, सीसीटीवी निगरानी तंत्र, और ग्रीन एनर्जी सिस्टम की व्यवस्था की गई है। सम्पूर्ण आयोजन को प्लास्टिक-फ्री, कचरा पृथक्करण और कम्पोस्टिंग आधारित बनाया जा रहा है। लखनऊ जम्बूरी न केवल एक शिविर है बल्कि भारत की युवा शक्ति, सांस्कृतिक विविधता, और सतत विकास के संकल्प का प्रतीक बनेगा। परंपरा, तकनीक और सेवा भावना के इस अद्भुत संगम से यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत सिद्ध होगा।

# मुख्यमंत्री ने किया जनजातीय भागीदारी उत्सव का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लोकनायक धरती के आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में छह दिवसीय 13 से18 नवंबर तक जनजातीय भागीदारी उत्सव की शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयोजन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण असीम अरुण की गरिमामय उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने ढ़ोल की थाप से कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से 1 नवंबर से 15 नवंबर तक जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है जनजाति समुदाय को अपनी परंपरा, संस्कृति, व्यंजन, कला और संगीत आदि पर गर्व की अनुभूति हो।

# महापौर–नगर आयुक्त के बीच बनी सहमति, कार्यकारिणी में प्रस्ताव पास

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ में पिछले 20 दिनों से महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार के बीच अधिकारों को लेकर चल रहा टकराव दूर हो गया और बृहस्पतिवार को कार्यकारिणी बैठक शांतिपूर्वक संपन्न हुई। उसमें में शहर के विकास कार्यों को लेकर बात हुई। बैठक में शहर में नए मॉडल वेंडिंग जोन बनाने, जिन घरों पर सोलर पैनल लगा है उनको गृहकर में छूट देने और बांग्लादेशी के खिलाफ अभियान चलाने, और विकास कार्यों में बजट की कमी को दूर करने के लिए 18 नवंबर को विशेष कार्यकारिणी बैठक बुलाकर पुनरीक्षित बजट पास करने का प्रस्ताव भी पास किया गया। अब आपस में कोई विवाद नहीं यह जताने के लिए करीब एक महीने बाद महापौर और नगर आयुक्त एक मंच पर आए। बैठक में पास हुए प्रस्तावों की दोनों ने संयुक्त रूप से जानकारी दी और बैठक के बाद एक ही गाड़ी से गए भी। महापौर ने कहा कि भी



जिन लंबित प्रस्तावों पर अमल न होने को लेकर विवाद था वह दूर हो गया है। कुछ पर अमल हो गया है और कुछ पर एक सप्ताह में हो जाएगा। ऐसे में अब कोई विवाद नहीं है। महापौर ने बताया कि विकास कार्य के लिए पुनरीक्षित बजट को पास करना जरूरी है। इसके लिए 18 नवंबर को कार्यकारिणी की बैठक होगी। बजट तैयार हो गया है। सफाई, मार्ग प्रकाश, डीजल पेट्रोल व सड़क निर्माण व मरम्मत के लिए बजट की जरूरत है। यह बजट पास करने के बाद ही उपलब्ध हो पाएगा। जिन मसलों को लेकर महापौर खफा थीं उनमें मृतक आश्रितों की नियुक्ति और हाईकोर्ट में पैनल अधिवक्ता नमित शर्मा को हटाकर शैलेंद्र सिंह चौहान को नियुक्त करने का मामला मुद्दा प्रमुख था। इस पर महापौर ने कहा कि 31 मृतक आश्रितों के मामले लंबित थे। उनकी जांच हुई तो 10 अपात्र पाए गए। शेष 21 की फाइलें तैयार हो गईं हैं। एक सप्ताह में नियुक्ति पत्र वितरित कर दिए जाएंगे। पैनल अधिवक्ता का मामला भी हल हो जाएगा। उसको लेकर लेकर नियमावली बनाई जा रही है। महापौर ने बताया कि जिस तरह गोमती नगर के विभूति खंड में एक मॉडल वेंडिंग जोन बनाया गया है उसी तरह शहर के अन्य इलाकों में बनाए जाएंगे।

### कहां किस मॉडल वेंडिंग जोन में बनेंगी कितने दुकानें

- हिंद नगर वार्ड में हिल्टन होटल के पास 59 दुकानें
- चिनट तिराहा से नक्षत्र लॉन व मटियारी से मल्हौर स्टेशन तक 90 दुकानें
- अलीगंज में नावेल्टी सिनेमा, पुराना नगर निगम ऑफिस व पुरनिया पेट्रोल पंप के पास 90 दुकानें
- मानक नगर पुल के नीचे 85 दुकानें

### पिछली कार्यकारिणी के यह प्रस्ताव हुए पास

- चौक की चूड़ी वाली गली का नाम श्री 1008 तीर्थंकर नेमिनाथ के नाम करने
- रिंग रोड से सहारा एस्टेट वाली रोड का नाम संगीत विदुषी स्वर्गीय कमला श्रीवास्तव के नाम पर किए जाने
- प्रियदर्शिनी कॉलोनी सेक्टर- बी स्थित ग्रीन बेल्ट का नामकरण अहिल्याबाई होल्कर उपवन करने
- अलीगंज में मुन्नू साह आटा चक्की मस्जिद के पास पुरनिया रोड पर बनारसी टोला मार्ग का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री संतकुमार राय मार्ग किए जाने
- गोमती नगर में कठौता चौराहा से शहीद पथ अंडर पास तक की सड़क का नामकरण स्वर्गीय राघव राम मिश्रा क नाम पर करने
- गणेशगंज–वशीरतगंज वार्ड के हाथी खाना में एक दुकान को नीलामी के जरिए किराए पर आवंटित करने
- सरोजनी नगर तहसील में वादकारियों व अन्य लोगों के बैठने के लिए कक्ष निर्माण के लिए नगर निगम ऊसर की 360 वर्ग फिट भूमि तहसील को देने
- शहर में 50 पार्किंग स्थलों का ठेका फिर से उठाने

### अब सभी कम्प्यूटर आपरेटरों को मिलेंगे 19800 रुपये

नगर निगम में करीब 100 कम्प्यूटर आपरेटर कार्यदायी संस्थाओं के जरिए अलग-अलग विभागों में तैनात हैं। इनमें किसी को आठ हजार तो किसी को 15 हजार और किसी का 12 हजार रुपये वेतन दिया जा रहा है। इसको लेकर कई बार विवाद हो चुका है। जिसके बाद नगर निगम कार्यकारिणी में इसका प्रस्ताव लाया गया। जिसमें यह तय किया गया कि शासन के अन्य विभागों में लागू नियमों के तहत अब नगर निगम में भी सभी कम्प्यूटर आपरेटारों को एक समान 19800 रुपये महीना मानदेय दिया जाएगा। जो कम्प्यूटर आपरेटर लापरवाह या अयोग्य होंगे उनको हटाया भी जाएगा। जानकारों का कहना है बहुत से आपरेटर सिफारिश हैं। निगम कर्मियों के ही करीबी और परिवार के हैं, जिनको काम सही तरह से नहीं आता है मगर सिफारिश पर लगे हुए हैं।

### सोलर लगाने पर 10 प्रतिशत की छूट देने पर विवाद

महापौर ने बताया कि जो भवनस्वामी सोलर लगाएंगे उनको गृहकर में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसको लेकर नियमावली तैयार की जाएगी। उसके बाद इसे नए वित्तीय वर्ष से लागू किया जाएगा। वहीं मामले के जानकार अफसरों ने कार्यकारिणी में यह मामला भी उठाया कि इस तरह से छूट देने से नगर निगम की गृहकर आय पर असर पड़ेगा साथ ही उन लोगों की आपत्तियां भी आएंगी जो गृहकर जमा कर चुके हैं। पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू ने कहा कि सोलर में छूट देने से पहले नगर निगम छूट का वह समय बहाल करे जो उसने घटा दिया है। पहले अप्रैल से जुलाई तक 10 प्रतिशत और अगस्त से दिसंबर तक पांच प्रतिशत की छूट सभी भवन स्वामियों को नगर निगम देता था मगर अब यह अप्रैल से जून तक ही दी जाती है। ऐसे में पहले नौ महीने छूट मिलती थी जो अब तीन महीने ही मिल रही है। पार्षद ने कहा कि वह इस मामले को सदन में उठाएंगे।

### हैरत में सब अचानक कैसे दूर हो गया विवाद

महापौर नगर आयुक्त के बीच जिस तरह अधिकारों को लेकर टकराव बुधवार तक चल रहा था वह अचानक बृहस्पतिवार को कैसे दूर हो गया, इसको लेकर सब हैरत में हैं। नगर निगम कार्यकारिणी के सदस्य भी हैरान में है। नगर निगम कर्मचारियों में यह भी यह चर्चा का विषय रहा। जिस तरह से टकराव दोनों ओर से था उससे लग नहीं रहा था कि यह शांत होगा। अब जिस तरह से शांत हुआ और ऐसा लग रहा कि कुछ हुआ ही नहीं था, यह बात किसी को हजम नहीं नहीं हो रही। सब यह पता करने में लगे हैं कि आखिर यह हुआ कैसे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मनाई गई लौह पुरुष की 150 वीं जयंती

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गुरुवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई गई ।
जानकारी के अनुसार 13 नवंबर को महारानी लाल कुंवरि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निर्देशानुसार तथा सरोजनी नायडू इकाई, कल्पना चावला इकाई तथा डॉ कलाम इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश शुक्ल, डॉ अनामिका सिंह तथा डॉ जितेन्द्र भट्ट के संयोजकत्व मे सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर प्रातः 9.30 बजे विकास खण्ड बलरामपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत - बहादुरपुर के पंचायत भवन परिसर मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री राकेश कुमार सचान ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करके किया । विशिष्ट अतिथियों मे सदर विधायक पलटू राम, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष गुडडू सिंह, नगरपालिका चैयरमैन धीरेन्द्र प्रताप सिंह थे । कार्यक्रम का संचालन वरूण सिंह मोनू कर रहे थे । कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण तथा दीप प्रज्वलन से हुआ । कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों का स्वागत परंपरागत ढंग से किया गया । मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री उत्तर प्रदेश ने अपने सम्बोधन मे लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संक्षेप मे प्रकाश डाला । उन्होंने एक भारत तथा आत्मनिर्भर भारत के विषय मे भी संक्षेप मे छात्र छात्राओं को जानकारी दी । सदर विधायक पलटू राम ने राष्ट्रीय एकता दिवस के विषय मे छात्र छात्राओं को संक्षेप मे जानकारी दी । अन्य वक्ताओं ने युवा सहभागिता तथा राष्ट्र विकास विषय पर संक्षेप मे छात्र छात्राओं को जानकारी दी । तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल से फुलवरिया बाईपास होते हुए भगवती गंज आदर्श विद्यालय, भगवतीगंज तक लगभग 06 किलोमीटर की पदयात्रा की गई। इस पद यात्रा मे महाविद्यालय के एनसीसी, एन एस एस, स्काउट एण्ड गाइड एवं अन्य छात्र छात्राओं ने भाग लिया । कार्यक्रम मे सम्मिलित छात्र छात्राओं को प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के द्वारा टी शर्ट प्रदान किया गया । इस कार्यक्रम मे महाविद्यालय के शिक्षक डॉ आशीष कुमार लाल, डॉ बी एल गुप्ता, डॉ अभय नाथ ठाकुर, शिवम सिंह, डॉ विनीत, सिद्धार्थ मोंहता उपस्थित थे । छात्र छात्राओं मे मे स्नेहा गुप्ता, मानसी, मधु कुमारी, प्रदीप, गौरी मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## हलवाई, नाई व राजमिस्त्री ट्रेड के आवेदकों का साक्षात्कार 18 नवम्बर को

**रायबरेली।** उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि प्रदेश में संचालित वर्तमान रोजगार योजनाओं में उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग हेतु लक्ष्यों को सम्मिलित किया गया है, जिसमें विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत ट्रेडवार अधिक से अधिक लोगों को वित्तीय वर्ष 2025-26 में लाभान्वित किया जाना है। हलवाई, नाई एवं राजमिस्त्री ट्रेड के सभी ऑनलाइन प्राप्त आवेदको का साक्षात्कार किया जा रहा है। उन्होंने हलवाई, नाई व राजमिस्त्री ट्रेड के सभी आवेदकों से कहा है कि 18 नवम्बर 2025 को हलवाई का 11 बजे से एवं नाई व राजमिस्त्री 01:00 बजे कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र रायबरेली में अपने मूल प्रमाण-पत्रों के साथ साक्षात्कार में समय से उपस्थित हों।

# राजकीय इंटर कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के राजकीय इंटर कॉलेज दारीचौरा में गुरुवार को विज्ञान क्लब के सौजन्य विश्व निमोनिया दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
जानकारी के अनुसार 13 नवंबर को आयोजित भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया । विज्ञान क्लब के मेंटर शिक्षक आशीष कुमार वर्मा ने निमोनिया पर व्याख्यान दिया। विद्यार्थियों ने न्यूमोनिया के कारण, निवारण व बचाव के तरीकों पर महत्वपूर्ण जानकारियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल में कृष्ण कुमार चौरसिया, बदरे आलम एवं संजय कुमार यादव रहे। प्रतियोगिता में कक्षा 11 की दामिनी ने प्रथम स्थान, कक्षा 11 की ज्योति गिरी ने दूसरा एवं कक्षा 12 की चंदा देवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य द्वारा विज्ञान क्लब के प्रभारी आशीष कुमार वर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम में सुरेंद्र चौधरी, संदीप चौधरी, प्रेम द्विवेदी सहित अन्य कई शिक्षक उपस्थित रहे।




# चुनरी यात्रा का व्यापारियों ने स्वागत, बरसाए फूल



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल द्वारा मां नारायणी सेवा समिति द्वारा आयोजित राणी सती दादी का जिले का पहला चुनरी महोत्सव यात्रा का भव्य स्वागत प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता के नेतृत्व में घंटाघर चौराहे पर किया गया। सती दादी के भजनों का गुणगान करती लगभग 500 फीट लंबी चुनरी को लेकर नाचते गाती महिलाओं पर मंडल के पदाधिकारीयों द्वारा पुष्प वर्षा एवं मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रभाकर गुप्ता, जिला संरक्षक संदीप जैन व महेंद्र अग्रवाल जिला कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता जिला मंत्री शिखर श्रीवास्तव पुरुषोत्तम गुप्ता गोपाल नारायण अग्रवाल आशीष जैन आदि उपस्थित रहे।

# सरदार पटेल की जयंती के तहत आयोजित एकता पदयात्रा में सम्मिलित हुए प्रभारी मंत्री

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

गुरुवार को जिले के प्रभारी मंत्री और प्रदेश सरकार में सूक्ष्म , लघु एवं मध्यम उद्यम , खादी एवं ग्राम उद्योग ग्रामोद्योग ,रेशम उद्योग , हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग के मंत्री राकेश सचान जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर पहुंचे । इस दौरान वह एकता पदयात्रा में शामिल हुए तथा उनके द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई।
इससे दौरान विधायक सदर पल्टूराम , विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, विधायक उतरौला रामप्रताप वर्मा , जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, डीएम विपिन कुमार जैन उपस्थित रहें। विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान माननीय प्रभारी मंत्री जी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना , राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन , ऑपरेशन कायाकल्प, जल जीवन मिशन, निराश्रित गोवंश संरक्षण , गोवंश टीकाकरण एवं ईयर टैगिंग , सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान, युवा स्वरोजगार योजना आदि योजनाओं , संचारी रोग नियंत्रण अभियान, निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की।
इस दौरान मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए सर्वे कार्य त्रुटिपूर्ण ढंग से किया जाए , कोई भी पात्र आवास योजना सर्वे से न छूटे , उन्होंने गोवंश संरक्षण केंद्रों पर पर्याप्त हरे चारा एवं भूसे की समुचित व्यवस्था का निर्देश दिया , कहा कि सड़कों पर छुट्टा जानवर न दिखे यह सुनिश्चित किया जाए। सीएम युवा उद्यमी अभियान के तहत लाभार्थियों को ऋण प्रदान किए जाने में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए , कहा कि बैंक सरकार की महत्वाकांक्षी स्वरोजगार योजनाओं में ऋण प्रदान किए में गंभीर रहे , छोटी मोटी कमियों पर लाभार्थियों के ऋण आवेदन पत्र निरस्त न किए जाए। कमियों को दूर कराते हुए ऋण प्रदान किए जाए।
महत्वपूर्ण परियोजनाओं को समय से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया।
उन्होंने कहा की लोहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 150 में जयंती पर प्रत्येक जिलों में 100 एकड़ में औद्योगिक पार्क की स्थापना हेतु भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शीघ्र प्राप्त किया जाए। उन्होंने कहा की सभी अधिकारी अपने दायित्व का अच्छे से निर्वहन करें एवं सरकार की सरकारी योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाएं।



इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता , अध्यक्ष नगर पालिका बलरामपुर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति राय , अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, जनप्रतिनिधिगण व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।
एकता पदयात्रा में शामिल हुए मंत्री, जनसभा को किया संबोधित
प्रभारी मंत्री द्वारा भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सदर विधानसभा क्षेत्र में भव्य एकता पदयात्रा में सम्मिलित हुए। यह पदयात्रा मा0 विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम के नेतृत्व में बहादुरापुर (सिरसिया) पंचायत भवन से शुभारंभ हुई,जो विभिन्न मार्गों से होते हुए भगवतीगंज स्थित भगवती आदर्श विद्यालय खेल मैदान,धर्मपुर में सम्पन्न हुई।पदयात्रा में बड़ी संख्या में छात्र,युवा,किसान और महिलाएं शामिल हुए,जिन्होंने ÷भारत माता की जय÷ और ÷वंदे मातरम÷ के नारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।
भगवती आदर्श विद्यालय खेल मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री व मा0 प्रभारी मंत्री श्री राकेश सचान ने कहा कि ÷सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को डबल इंजन की सरकार ने अभियान के रूप में बूथ स्तर तक पहुंचाने का कार्य किया है। एकता पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी और जन-जन को जोड़ना है। सरदार पटेल ने आजादी से पहले कई आंदोलनों का नेतृत्व किया था। सन 1928 में बारदोली आंदोलन के माध्यम से किसानों के हक की लड़ाई लड़ी,जिसके बाद उन्हें 'सरदार' की उपाधि मिली।÷
÷आजादी के बाद सरदार पटेल ने 562 रियासतों को जोड़कर एक भारत का निर्माण किया। उनकी सोच आत्मनिर्भर और एकजुट भारत की थी, जिसे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार कर रहे हैं। पीएम मोदी ने 'वोकल फॉर लोकल' और 'स्वदेशी मेला' जैसे अभियानों के माध्यम से हर जिले में स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन दिया है। आज भारत दुनिया के सामने आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनकर उभरा है। आज दुनिया भारत पर टैरिफ लगाकर दबाव बनाना चाहती है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी किसी के सामने झुकने वाले नहीं हैं। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत बनाकर विश्व मंच पर भारत की ताकत साबित की है।÷
इस अवसर पर लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पांडेय,पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डू,नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू,जिला पंचायत प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गोविंद सोनकर,जिला संयोजक वरुण सिंह मोनू,जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी,आद्या सिंह पिंकी,महामंत्री बिंदु विश्वकर्मा,जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह,मीडिया संयोजक अवधेश पांडेय,यात्रा संयोजक संदीप उपाध्याय,जिलेदार पांडे,रामकृपाल शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे।

# सदर के संयोजन में निकाली गई एकता पदयात्रा

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में गुरुवार को भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती पर सदर विधानसभा में एकता पदयात्रा आयोजित की गई। पदयात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए ।
जानकारी के अनुसार 13 नवंबर को सदर विधायक पलटू राम के नेतृत्व में यात्रा बहादुरापुर (सिरसिया) पंचायत भवन से शुभारंभ किया गया। जो विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए भगवतीगंज स्थित भगवती आदर्श विद्यालय खेल मैदान धर्मपुर में जनसभा कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुई। एकता पदयात्रा में छात्र, किसान, युवा व महिलाओं के भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। यात्रा के दौरान लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया। भगवती आदर्श विद्यालय खेल मैदान पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कहा कि सरदार पटेल के योगदान को डबल इंजन की सरकार में अभियान के तौर पर बूथ स्तर तक पहुंचने का कार्य किया है। एकता पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी व जन-जन को जोड़ना है। सरदार पटेल ने देश के आजादी से पहले कई आंदोलनो का नेतृत्व किया है। सन 1928 में अंग्रेजों के खिलाफ बारदोली आंदोलन चलाकर किसानों के लिए लड़ाई लड़ी थी। जिससे किसानों एवं महिलाओं ने उन्हें सरदार की उपाधि दी थी। मंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों को देश के आजादी के बाद जोड़कर भारत का निर्माण किया था। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि आप निर्भर अप विकसित भारत सरदार पटेल की सोच थी। जिसको पीएम मोदी ने पूरे देश से स्वदेशी उत्पाद का आवाहन किया है। प्रदेश सरकार ने 75 जिलों में स्वदेशी मेला लगाकर वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने का कार्य किया है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज दुनिया टैरिफ दिखाकर भारत के साथ दादागिरी कर रही है। लेकिन पीएम मोदी किसी के सामने झुकने वाले नहीं हैं। मोदी ने देश को आत्मनिर्भर कर पूरी दुनिया को जवाब देने का कार्य किया है। सदर विधायक पलटू राम ने कहा कि आजादी के बाद देश के हैदराबाद व जूनागढ़ जैसे रियासतों को बिना युद्ध किए शामिल करने में सरदार पटेल की बड़ी भूमिका रही। कश्मीर में धारा 370 के वजह से अलग विधान अलग संविधान व अलग निशान चल रहा था। लेकिन देश के गृहमंत्री अमित शाह ने एक झटके में कश्मीर में धारा 370 हटाकर सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि देने का कार्य किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि पीएम मोदी ने गुजरात में 182 मीटर दुनिया की सबसे बड़ी सरदार पटेल की प्रतिमा बनवाकर उनके योगदान श्रद्धांजलि दी है।

## प्रशिक्षार्थियों को 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 17 नवम्बर को

**रायबरेली।** उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद विशेष हेतु चिन्हित काष्ठ कला (वुड वर्क) उत्पाद से सम्बन्धित सामान्य तकनीकी प्रशिक्षण, क्राफ्ट की बेसिक एवं एडवांस्ड ट्रेनिंग संपादित कराया जाना है। यह योजना मा0 मुख्यमंत्री जी प्राथमिकता बिन्दुओं में से एक है जिसमें प्रशिक्षार्थियों को 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है, जिसके ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त आवेदकों का साक्षात्कार किया जाना है। उन्होंने सभी आवेदकों से कहा है कि 17 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र रायबरेली में अपने मूल प्रमाण-पत्रों के साथ साक्षात्कार में समय से उपस्थित हों।

# अप्टा हत्या कांड के मुख्य गवाह के ऊपर बदमाशों ने की फायरिंग: जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

यूपी के रायबरेली जिले में बहुचर्चित अप्टा हत्या कांड के मुख्य गवाह के गाड़ी पर पर बदमाशों ने रात के अंधेरे में फायर झोंक दिया. गोली कांच तोड़ती हुई अन्दर घूम गई किन्तु गाड़ी सवार गवाह और उनका सुरक्षा कर्मी बाल-बाल बच गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है जून 2017 में ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के अप्टा मजरे इटौरा बुजुर्ग गाँव में पांच लोगों आग से जलाकर हत्या कर दी गई थी. इस मामले में रोहनिया के पूर्व ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार यादव व इटौरा बुजुर्ग ग्राम प्रधान राजा यादव को जेल जाना पड़ा था। इस मुकदमें में अप्टा गाँव निवासी कृष्ण कुमार तिवारी मुख्य गवाह हैं. बुधवार की रात करीब 10रू30 बजे वह लक्ष्मीगंज स्थित अपनी सरकारी शराब की दूकान से स्कॉर्पियो पर सवार होकर अपने सुरक्षाकर्मी के साथ वापस अपने घर अप्टा गाँव जा रहे थे. तभी रास्ते में मान्धाता मजरे इटौरा बुजुर्ग गाँव के पास बाईक सवार बदमाशों ने अनपरा फायर झोंकना शुरू कर दिया. अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट से कृष्ण कुमार तिवारी और उनका सुरक्षा कर्मी डर गए और डरकर झुक गए। गोली सामने कांच को तोड़ती हुई अन्दर सीट को चीरते हुए पीछे सीट में जा घुसी. गनीमत रही कि इस फायरिंग में कोई हताहत नहीं हुई है. अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट से कृष्ण कुमार तिवारी और उनका सुरक्षा कर्मी डर गए और डरकर झुक गए। गोली सामने कांच को तोड़ती हुई अन्दर सीट को चीरते हुए पीछे सीट में जा घुसी. गनीमत रही कि इस फायरिंग में कोई हताहत नहीं हुई है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी कृष्ण कुमार तिवारी पर हमला हो चुका है. जिसके बाद न्यायालय के आदेश के आदेश पर जिला मुख्यालय पुलिस ने उनके साथ एक सुरक्षा कर्मी तैनात किया है और न्यायालय के ही आदेश पर उन्हें शस्त्र लाइसेंस भी निर्गत किया गया है. बावजूद इसके उनपर एक बार फिर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया है. कृष्ण कुमार तिवारी ने मामले में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है, ऊंचाहार कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि फायरिंग की सूचना मिली है। मामले में गहनता से छानबीन की जा रही है. घटना कारित करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे. उन्हें जल्द ही पकड़कर जेल भेजा जायेगा।

# रायबरेली और फतेहपुर के समेत 11 पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

सीएम योगी की सख्ती के बाद ओवरलोडिंग और अवैध मौरंग परिवहन के खेल का भंडाफोड़ करते हुए एसटीएफ ने मौरंग गिट्टी के ओवरलोड वाहनों से हो रही अवैध वसूली पर बड़ी कार्रवाई की है. रायबरेली और फ्तेहपुर के ।त्ज्व् व च्ज्व् समेत 11 के विरुद्ध लालगंज कोतवाली में एफ्आईआर दर्ज कराई गई है. एसटीएफ ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से 114 ट्रक व डंपरों की सूची बरामद की गई. एसटीएफ उपनिरीक्षक अमित कुमार तिवारी ने लालगंज कोतवाली में दी तहरीर में उल्लेख किया कि एसटीएफ को काफी दिनों से सूचनाएं मिल रही थी कि कई जनपदों में परिवहन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से ओवरलोड वाहन चलवाए जा रहे हैं. इन वाहनों से प्रतिमाह मोटी धनराशि वसूली जा रही है. मौरंग गिट्टी के ओवरलोड वाहनों को निकालने में सभी से प्रतिमाह रुपये लिए जा रहे हैं. मंगलवार की रात एसटीएफ टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ओवरलोड वाहनों से अवैध तरीके से रुपये लेने वाला आरोपित लालगंज-डलमऊ तिराहे के पास सुनसान स्थान पर स्कार्पियो में बैठा है. इस पर एसटीएफ ने लालगंज कोतवाली पुलिस के साथ स्कार्पियो में बैठे अंबारा पश्चिम निवासी मोहित सिंह को पकड़ा गया. उसके पास से कई एटीएम, चेक व नकदी बरामद की गई. इसके साथ ही उसके पास से 114 वाहनों की गाड़ी नंबर सहित सूची भी बरामद की गई है. पकड़े गए आरोपित ने स्वीकार किया वह फ्तेहपुर की एआरटीओ के चालक सिकंदर को 2500 रुपये प्रति गाड़ी प्रति माह दे रहा है. इसके साथ ही पीटीओ के चालक को 2500 रुपये प्रति वाहन प्रति माह दिया जा रहा है. रायबरेली के एआरटीओ के दीवान नौशाद को 3500 रुपये और पीटीओ के चालक को प्रति माह 1500 रुपये प्रति ट्रक या डंपर को निकालने के दिए जा रहे हैं. इसमें आरोपित भी वाहन स्वामी से प्रति वाहन 500 रुपये कमीशन ले रहा है। इन सभी 114 वाहनों की सूची अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाती है तो दोनों जनपदों के एआरटीओ व पीटीओ इन वाहनों का चालान या जुर्माने की कार्रवाई नहीं करते हैं. इसके साथ ही ट्रक या डंपर चालकों से लोकेशन देने के लिए 300 रुपये लिए जाते हैं। इस दौरान डलमऊ की ओर से आए एक ओवरलोड वाहन चालक ने भी स्वीकार किया कि प्रति चक्कर लोकेशन के लिए 300 रुपये नकद या फिर खाते में देना पड़ता है. फ्तेहपुर एआरटीओ पुष्पांजलि, फ्तेहपुर एआरटीओ चालक सिकंदर, फ्तेहपुर जनपद के पीटीओ अखिलेश चतुर्वेदी, फ्तेहपुर पीटीओ के अशोक तिवारी, रायबरेली एआरटीओ अंबुज, रायबरेली परिवहन विभाग के दीवान नौशाद, रायबरेली पीटीओ रेहाना, रायबरेली पीटीओ चालक सुशील, मोहित सिंह, सुनील यादव, मिथुन पर एफ्आईआर दर्ज कराई गई।

## बकायेदारों की भूमि की नीलामी 20 व 24 को

**रायबरेली।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर रायबरेली प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंकध्न्यायालय देय की बकायेदार आई0वी0एस0 सप्लायर ए03 कंस्ट्रक्शन मीना सिंह पत्नी रणविजय सिंह व इंद्रेश सिंह निवासी पुरे मेदनी लाल मजरे कण्डौरा, गणेश सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह एवं गुड्डा देवी पत्नी चतुरी निवासी कल्यानपुर रैली, नंद किशोर पुत्र स्व0 रामबली निवासी उमरपुर गेरुखुवा, छेदी पुत्र विष्णु प्रसाद निवासी मुजरा मरदानपुर, नौशाद पुत्र वशीर अहमद निवासी रसेहता, मो0 अहमद कुरैशी पुत्र स्व0 जान मोहम्मद निवासी उत्तरपारा (बेलाभेला), संतराम पाल पुत्र स्व0 उदयराज निवासी लक्ष्मणगंज बाजार मजरे लोधवारी परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 20 नवम्बर 2025 को एवं मिथिलेश कुमारी सिंह पत्नी गणेश सिंह निवासी ग्राम शिवलहा मजरे कृष्णापुर ताला परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 24 नवम्बर 2025 को समय प्रातः 10:00 बजे तहसील परिसर स्थित नायब तहसीलदार पश्चिमीध्नीलाम अधिकारी कक्ष में प्रस्तावित है।

# जिला वृक्षारोपण एवं पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण,गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित हुई।बैठक में डीएम ने सर्वप्रथम वृक्षारोपण अभियान के दौरान लगाए गए पौधों की सिंचाई व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में किए जा रहे उपायों के बारे में जानकारी ली। जिस पर प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि वन विभाग द्वारा लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाये जा रहे हैं।तथा समय-समय पर पौधों की सिंचाई भी कराई जा रही है।जिलाधिकारी ने कहा कि जो पौधे सूख गए हैं या नष्ट हो गए हैं, उनके स्थान पर नए पौधे लगाए जाएं तथा उनकी सुरक्षा को लेकर भी समुचित उपाय किए जाएं।इसके साथ ही अन्य विभागों द्वारा लगाए गए पौधों की सुरक्षा एवं सिंचाई की भी व्यवस्था संबंधित विभागीय अधिकारी सुनिश्चित कराएं।जिला गंगा समिति की बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने जिला गंगा समिति द्वारा गंगा नदी और



इसकी प्रमुख सहायक नदियों के पुनरुद्धार, संरक्षण मरम्मत और पुनर्वासन के लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों को निर्देशित किया की नदियों के किनारे एवं घाटों पर नियमित सफाई हो तथा नदियों में कचरा आदि ना डाला जाए। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नदियों के जल की भी गुणवत्ता जांच कर लें,नदियों के किनारे पिकनिक स्पॉट, पार्क,धार्मिक स्थल इत्यादि का विकास कराया जाए।औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले कचरा वेस्टेज को नदी व जलाशयों इत्यादि में ना फेंके।तथा मानक अनुरूप निस्तारण सुनिश्चित कराएं। पर्यावरण संरक्षण को लेकर डीएम ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कचरा प्रबंधन प्रणाली को सुव्यवस्थित करने का निर्देश दिया।तथा अधिक से अधिक पौधों को लगाने उनका संरक्षण करने एवं पौधों को काटने पर रोक लगाए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह,प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र,डीसी एनआर एलएम प्रवीणा शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्यालय मंदिरों के पास आबकारी अधिकारी ने खुलवा दिये शराब के ठेके

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**



आबकारी विभाग के सरकारी देशी व अग्रेजी शराब के ठेके चर्चा में आ रहे है। एक तरफ कहा जा रहा है कि हाइवे, घन बस्ती, मंदिर, विद्यालय के पास शराब के सरकारी ठेको की स्थापना नही की जा सकती है तो वहीं नगर में मंदिरों और घनी आबादी के बीच शराब के ठेको के साथ ही आबकारी विभाग के सबसे हाई फाई कम्पोजिट शराब के ठेके स्थापित किये जा रहे है। विभागीय अफसरो एक तरफ तो कहते है कि मंदिरों के पास शराब के ठेके नही खोले जा सकते है जब उनको साक्ष्य देकर उनसे पूछा जाता है कि यह ठेका मंदिर के पास कैसे खोले गये है तो मंदिरों के पास खेले जाने वाले ठेको के सम्बन्ध में बने नियमों की परिभाषा अपने आप बनाते हुए कहते है कि उन मंदिरों के पास ठेका नही खोला जा सकता है जिन मंदिरों में भक्तों की ज्यादा भीड़ रहती है जबकि हर मंदिर में क्षेत्रीय लोग पूजा पाठ करने आते है। पुलिस लाइन के पास शराब के ठेके और कम्पोजिट शराब के ठेके के बारे मे पूछा गया तो विभागीय अफसरों ने बताया कि मंदिर मे भक्तों का आना जाना कम होगा इस कारण यहां पर कम्पोजिट शराब का ठेका खोला गया है। जब आवासीय घनी बस्ती और घर गृहस्ती सम्बन्धी वस्तुओं की बिक्री हेतु खुली दुकानों को लेकर पास खुले कम्पोजिट शराब के ठेके पर नियमों पर ताख पर रखकर अफसर ने बताया कि यह पहले अंग्रेजी शराब की दुकान थी और अब इसी दुकान का कम्पोजिट शराब ठेके के नाम पर रिनिवल हो गया है इस कारण यह समस्या यहां पर आ गई है। जब बिना पार्किंग शराब का ठेका खासकर मुंशीगंज के कम्पोजिट शराब के ठेके के बारे में पूछा गया तो आबकारी अफसर ने बताया कि जब हम लोगो को शिकायत मिलती है तो हम लोग शराब ठेकेदार को समझा देते है कि भीड़ न लगने दे। जबकि कम्पोजिट शराब के ठेके के लिये कोई नियम स्थान की मानक नही है क्या एक छोटी से दुकान में कम्पोजिट शराब का ठेका खोलकर आवागत को सुबह दस बजे से रात को दस बजे तक बाधित किया जा रहा है। ऐसा आबकारी नियम कहत है। ज्यादा अधिक पूछताछ करने पर आबकारी विभाग के अफसर 1980 की गाइड लाइन का सहारा लेते हुए अपना बचाव करने लगते है लेकिन जनता की मुसीबत पर आबकारी विभाग के किसी भी अफसर का ध्यान नही जाता है। अब तो आबकारी विभाग के अफसर फोन तक उठाना उचित नही समझते है जिससे उनसे इन ठेको के सम्बन्ध में उत्पन्न हो रही समस्याएं और उनके समाधान के लिये विभाग क्या करेगा इस पर चर्चा की जा सके।

## डीएम का सिधौली के सीएचसी पर छापा फार्मासिस्ट को नोटिस जारी

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिधौली का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, ओ.पी.डी., भर्ती वार्ड, महिला वार्ड, लेबर रूम, एन.आर.सी. पैथॉलोजी, किचेन, आयुष्मान वार्ड, औषधि कक्ष, जे.एस.वाई. वार्ड, एस.एन.सी.यू. वार्ड, ओ.टी. कक्ष आदि का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। चिकित्सालय में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा अवस्थापना सुविधाओं में सुधार किया जाये। सभी स्थलों पर सफाई का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये ।जिलाधिकारी ने दवाओं का अद्यतन विवरण प्रस्तुत न कर पाने पर फार्मासिस्ट को नोटिस जारी करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने मरीजों से वार्ता कर चिकित्सालय में मिल रही सेवाओं के विषय में फीडबैक भी लिया।

# फिल्ड पर अधिकारी रहे सक्रिय : डीएम

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में चल रहे सभी चकबंदी कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि चकबंदी प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन गाँवों में चकबंदी का कार्य लंबित है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य प्रारंभ किया जाए। भूमि विवादों, अभिलेखीय त्रुटियों तथा किसानों की आपत्तियों का समाधान तेजी से कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि फील्ड स्तर पर अधिकारी सक्रिय रहें। कार्यों की गुणवत्ता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में चकबंदी पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी प्रक्रियाओं में चकबंदी निदेशालय के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि चकबंदी संबंधी कार्य जिन गांवों में क्रियाशील है वहां प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि चकबंदी न्यायालय में लम्बित वादों को समय से निस्तारित किया जाये। सरकारी भूमियों से सम्बन्धित लम्बित वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।??बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जल जीवन मिशन कार्यो की समीक्षा

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित एन0आई0सी0 कक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु सूचीबद्ध मैसर्स एन0सी0सी0 लि0 एवं मैसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि पूर्ण परियोजनाओं में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये। परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण किए जाने हेतु जनशक्ति बढ़ाए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए।सड़कों के रिस्टोरेशन कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शेष सड़कों का रिस्टोरेशन मानकों के अनुसार कराए जाने के निर्देश भी दिए। सड़कों के रिस्टोरेशन कार्यों की जिला स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से जांच कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों के लिए मानकों के अनुसार थर्ड पार्टी इंस्पेशन भी सुनिश्चित कराया जाये और टी0पी0आई0 द्वारा संज्ञान में लाए गए बिंदुओं पर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दिल्ली बम धमाके के बाद कानपुर में संदिग्धों की जांच को एस आई टी गठित

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



दिल्ली विस्फोट कांड और डॉ. शाहीन का कानपुर कनेक्शन सामने आने के बाद पुलिस कमिश्नर ने कानपुर में संदिग्धों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। यह एसआईटी कानपुर में रहने वाले पाकिस्तानी समेत अन्य विदेशियों का भी सत्यापन करेगी। यह टीम पूर्व में प्राप्त सभी सूचनाओं एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच-पड़ताल कर रही है तथा विधिक कार्रवाई भी की जा रही है। पुलिस ने कानपुर में रहने वाले करीब 54 पाकिस्तानियों की भी जांच शुरू कर दी गई है। जो वीजा पर कानपुर आए हुए हैं। इसके साथ ही एक टीम बांग्लादेशी, पाकिस्तानी नागरिकों एवं संभावित रूप से रह रहे रोहिंग्या के संबंध में भी जानकारी जूटा रही है। कानपुर पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने बताया कि जिले में संदिग्ध व्यक्तियों और विदेशी नागरिकों की जानकारी के सत्यापन हेतु पुलिस अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम एसआईटी का गठन किया गया है। कश्मीर से आने वाले डॉक्टरों, छात्रों, कपड़े बेचने वाले, व्यापारियों और घूमने आने वालों के मूवमेंट पर भी नजर रखेगी। कमिश्नर के नेतृत्व वाली इस टीम में डीसीपी क्राइम, डीसीपी सेंट्रल, डीसीपी ईस्ट, डीसीपी साउथ और एडीसीपी एलआईयू को शामिल किया गया है।

# मेट्रो निर्माण की लापरवाही से घर में घुसा पानी, लाखों का सामान डूबा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



दीपिका श्रीवास्तव



अनुराग श्रीवास्तव

काकादेव थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर में मेट्रो निर्माण के दौरान लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है। यहां रहने वाली दीपिका श्रीवास्तव के घर में अचानक पानी भर गया। पानी भरने से उनके घर में रखे लाखों रुपये कीमत के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, फर्नीचर और अन्य घरेलू सामान बर्बाद हो गए। पीड़िता दीपिका श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने तुरंत मेट्रो परियोजना के इंचार्ज विजय राणा को फोन कर स्थिति की जानकारी दी, लेकिन उन्होंने समस्या के समाधान के बजाय खुद को छुट्टी पर बताते हुए झूठा आश्वासन देकर बात को टाल दिया। दीपिका का कहना है कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। स्थानीय लोगों ने भी संस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि निर्माण कार्य बिना जल निकासी की पर्याप्त व्यवस्था किए किया जा रहा है, जिसके चलते बारिश या पाइपलाइन की गड़बड़ी से पानी आसपास के मकानों में भर जाता है। लोगों का आरोप है कि शिकायतें करने के बावजूद अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें हुए नुकसान की भरपाई कराई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## बधिर चालको के वाहन पर लगे ''ड्राइवर इज डेफ'' का चिन्ह

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** एसोसिएशन ऑफ द डेफ (बधिर संघ) द्वारा सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान में सहयोग हेतु मूक-बधिर वाहन चालको के लिए कान के प्रतीक चिन्ह योजना के प्रचार-प्रसार के लिए पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर पत्र सौपा गया। संघ के महासचिव नरेन्द्र सिंह व विधिक सलाहकार सूरज राय के नेतृत्व में दिए गए पत्र में कहा गया कि मूक-बधिर वाहन चालको द्वारा वाहन चलाने के दौरान अन्य वाहन चालको को यह जानकारी नहीं हो पाती है कि वाहन मूक-बधिर चला रहे है। इसी के तहत बधिर संघ मूक-बधिर चालको के वाहन पर कान के प्रतीक चिन्ह लगाने हेतु प्रचार-प्रसार का आग्रह किया गया। जिससे सड़क सुरक्षा सप्ताह में सहयोग हो सके और मूक-बधिर वाहन चालक भी सुरक्षित वाहन चला सके। जिसके तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात पुलिस निरीक्षक को विधिक अनुसार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। संघ के पदाधिकारियों इस सम्बन्ध में यातायात पुलिस निरीक्षक से भी मुलाकात कर उन्हें मूक-बधिर चालको के वाहन हेतु ''ड्राइवर इज डेफ'' कान का प्रतीक चिन्ह सौंपा गया।

# अपमिश्रित तारकोल बनाकर बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़

### छह आरोपी गिरफ्तार, टैंकर व सामग्री बरामद



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

अरौल। पुलिस आयुक्त कानपुर नगर के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अरौल पुलिस ने अपमिश्रित तारकोल तैयार कर बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से छह अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए एक टैंकर तारकोल और मिश्रण में प्रयुक्त सामग्री बरामद की है एसटीएफ लखनऊ, पूर्ति विभाग और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त कार्रवाई में मु0अ0सं0 213/2025 धारा 111(2)(बी) बीएनएस व 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हसौली क्रॉसिंग के पास भट्टे के कमरे से गिरोह के सदस्यों को दबोचा।

गिरफ्तार आरोपियों में सतीश कुमार, पवन सिंह, बंटी, देवी सिंह, सुशील कुमार प्रजापति और रणवीर शामिल हैं। ये लोग तारकोल में मिलावट कर अवैध विक्रय किया करते थे। पुलिस ने सभी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विशाल कुमार शर्मा, भारतेन्द्र प्रताप सिंह, हेमन्त सिंह तथा कांस्टेबल बलराज सिंह, विशाल सिंह, विष्णु सिंह व बृजेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# राष्ट्रीय लोकअदालत को सफल बनाने के लिये डीजे के निर्देश पर सम्पन्न हुई विशेष बैठक

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर, कुलदीप सक्सेना'' के निर्देशानुसार, अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी'' द्वारा-12.नवंबर.2025 को एक बैठक समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों के साथ आहूत की गयी, उक्त बैठक की ''अध्यक्षता भगीरथ वर्मा,'' अपर जिला जज, पाक्सो कोर्ट नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा, 13.दिसम्बर.2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को अधिकाधिक सफल बनाये जाने हेतु उपस्थित समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों से वार्ता की गयी। मा. नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया गया है कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत -13 दिसम्बर.2025 में अधिक से अधिक वादों को नियत करें तथा वादों के अधिक निस्तारण हेतु कम से कम तीन बार प्रत्येक वादकारी को नोटिस जारी की जाये तथा शत-प्रतिशत नोटिसों को समयबद्ध तरीके से प्रेषित कर दिया जाये।इसी क्रम में मा0 उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्रेषित पत्र के अनुपालन में, मा0 जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर कुलदीप सक्सेना के निर्देशानुसार, अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत -13.दिसम्बर.2025 के सन्दर्भ में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग व विकास विभाग द्वारा नामित नोडल अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गयी।

# आदेशों को ताख पर रखकर सचिव मनोज कुमार कर रहे मनमानी

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

भ्रष्टाचार को लेकर जहां शासन और प्रशासन के द्वारा सख्त आदेश जारी किये जा रहे है जिससे शासन से जारी महत्वाकांक्षी योजनाएं धरातल पर भ्रष्टाचार मुक्त होकर अंतिक पावदान पहुंच सके। नवागत जिलाधिकारी के द्वारा कार्य ग्रहण करने के साथ लगातार विकास खण्डों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है जिससे विकास कार्य की गति तीव्र हो सके और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके। वहीं दूसरी तरफ जनपद के विकास खण्ड परसेण्डी में पूर्व में सहायक विकास अधिकारी पंचायत के प्रभारी रह चुके सचिव मनोज कुमार के द्वारा लगातार आदेशों को ताख पर रखकर मनामनी कार्यशैली अपनाई जा रही है बताते चले कि शासन के द्वारा जहां ग्राम पंचायतों में किये जा रहे भुगतानों को लेकर ई स्वराज पोटर्ल संचालित किया गया है जिससे ग्राम पंचायतों में हो रहे भुगतान की परदर्शिता बनी रहे वहीं दूसरी तरफ सचिव मनोज कुमार के द्वारा ग्राम पंचायत उमरिया खानपुर दसेलिया, धोंधी, राही, बेदौरा, गोरिया झाल, कंधेलिया आदि कलेस्टर की ग्राम पंचायतों में बिना बिल अपलोंड किये ही भुगतान करके आदेशों को ताख पर रखा जा रहा है।

प्रकरण के सम्बन्ध में जब खण्ड विकास अधिकारी परसेण्डी रजनीश शुक्ला से जानकारी की गई तो उन्होने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है। जांचोंपरान्त उचित कार्यवाही की जायेगी।

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से दो की मौत, पेट्रोल पंप के पास हुआ दर्दनाक हादसा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

अरौल। बुधवार की देर रात कन्नौज से कानपुर लौट रहे दो व्यक्तियों की सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों की बाइक पेट्रोल पंप के पास खराब हो जाने पर वे सड़क पार कर रहे थे कि अचानक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान शिव कपूर 23 वर्ष पुत्र प्रीतपाल सिंह निवासी 72/6 लेबर कॉलोनी, गोविंद नगर, कानपुर नगर और दीपक कपूर 42 वर्ष पुत्र स्व. जोगिंदर सिंह निवासी 9/10 विद्यार्थी मार्केट, गोविंद नगर, कानपुर नगर के रूप में हुई है। दोनों मोटरसाइकिल से कन्नौज से कानपुर लौट रहे थे। रात करीब 10 बजे 22.00 बजे जब वे प्रीयांशी पेट्रोल पंप, मेडुआ के पास पहुंचे तो बाइक अचानक खराब हो गई। इसी बीच दोनों पैदल सड़क पार कर रहे थे कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी हुई है। हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान से हमारा देश अखंड भारत बना- अपर्णा यादव

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** भारत के प्रथम गृहमंत्री व लौह पुरुष के नाम से जाने जाने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एकता पदयात्रा का आयोजन विधानसभावार किया जा रहा है । इसी क्रम में मिश्रिख विधानसभा में एकता पदयात्रा आयोजित हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव मौजूद रही साथ ही विशिष्ट अतिथि मिश्रिख सांसद अशोक रावत , जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने यात्रा का नेतृत्व किया। इस यात्रा में मिश्रिख क्षेत्र के सामाजिक धार्मिक एवं शैक्षिक जगत से जुड़े लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ?। यात्रा के साथ ही साथ एक सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें बोलते हुए मुख्य अतिथि अपर्णा यादव ने बताया की सरदार पटेल की वजह से ही आज हमारा देश अखंड है अन्यथा हम कई सारे टुकड़ों में विभाजित होते और एक राज्य से दूसरे राज्य में जाने के लिए वीजा और पासपोर्ट की जरूरत पड़ती लेकिन सरदार साहब के लौह इरादों से हम अखंड हुए हैं और अखंड भारत के रूप में हम सब एक हैं हम सब उन्हें नमन करते हैं ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मिश्रित ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पांडे नगर पालिका अध्यक्ष सीमा भार्गव, अजय भार्गव, साथ ही पार्टी के मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी व कार्यकर्ता? सामाजिक संस्थाओं के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### दिल्ली में लाल किले के पास हुई आतंकवादी घटना के विरोध में सड़को पर उतरे व्यापारी

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** दिल्ली के लालकिले के पास हुई आतंकवादी घटना को लेकर व्यापारियों में आक्रोश है। गुरूवार को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने सड़क पर उतर कर विरोध जताया और राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। जिलाध्यक्ष संजय मिश्र ने कहा कि 10 नवम्बर को दिल्ली के लाल किले के पास हुई आतंकवादी घटना से पूरा देश स्तब्ध व बेहद आक्रोश में है। एक सभ्य समाज में आतंकवाद की घटनाएं मानवता पर प्रहार है। संगठन घटना में मृतक निर्दोष नागरिकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुये घायल लोगो के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता व जिला संरक्षक विश्ववीर गुप्ता ने कहा कि भारत देश भगवान बुद्ध के उपदेशों को मानने वाला शांतिप्रिय देश है, लेकिन यदि कोई भारत की शांति व सद्भाव एवं एकता को खण्डित करने की कोशिश करता है तो भारत ने समय-समय पर उसका करारा जवाब भी दिया गया है। व्यापारियों ने माँग की है कि दिल्ली आतंकी घटना की तह तक जाकर घटना के दोषियों व उनके पनाहगारो को ऐसी कड़ी सजा दी जाये जो एक मिसाल बने । इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, राजकुमार रस्तोगी, सीमा जैन, प्रदीप अग्रवाल 'मुन्ना' सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहें।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान से हमारा देश अखंड भारत बना- अपर्णा यादव

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। भारत के प्रथम गृहमंत्री व लौह पुरुष के नाम से जाने जाने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एकता पदयात्रा का आयोजन विधानसभावार किया जा रहा है। इसी क्रम में मिश्रिख विधानसभा में एकता पदयात्रा आयोजित हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव मौजूद रही साथ ही विशिष्ट अतिथि मिश्रिख सांसद अशोक रावत , जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने यात्रा का नेतृत्व किया। इस यात्रा में मिश्रिख क्षेत्र के सामाजिक धार्मिक एवं शैक्षिक जगत से जुड़े लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ?। यात्रा के साथ ही साथ एक सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें बोलते हुए मुख्य अतिथि अपर्णा यादव ने बताया की सरदार पटेल की वजह से ही आज हमारा देश अखंड है अन्यथा हम कई सारे टुकड़ों में विभाजित होते और एक राज्य से दूसरे राज्य में जाने के लिए वीजा और पासपोर्ट की जरूरत पड़ती लेकिन सरदार साहब के लौह इरादों से हम अखंड हुए हैं और अखंड भारत के रूप में हम सब एक हैं हम सब उन्हें नमन करते हैं ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मिश्रित ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पांडे नगर पालिका अध्यक्ष सीमा भार्गव, अजय भार्गव, साथ ही पार्टी के मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी व कार्यकर्ता? सामाजिक संस्थाओं के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नेगी गेस्ट हाउस में कब्जा, जेसीबी से गिराई दीवार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में रावतपुर स्थित नेगी गेस्ट हाउस में गुरुवार को दबंगई से कब्जा किया गया। जेसीबी से दीवार गिराई गई गेस्ट हाउस कर्मचारियों ने विरोध किया] तो दबंगों ने मारपीट कर खदेड़ दिया। भूमाफिया गजेंद्र नेगी के छोटे भाई सुमित नेगी से मारपीट की और उसका मोबाइल तोड़ दिया। गेस्ट हाउस की महिला मैनेजर ने मारपीट कर कर लूटने का आरोप लगाया। हालांकि खुद को भू-स्वामी बताने वाले विवेक गुप्ता ने न्यायालय के आदेश पर कब्जा करने की बात कही।

खास बात यह है कि बड़ी संख्या में कब्जा करने गए, लेकिन पुलिस को इसकी कोई सूचना नहीं दी गई। हंगामा बढ़ने पर तीन घंटे बाद एडीसीपी पश्चिम पुलिस बल के साथ पहुंचे और काम रुकवा दिया। रावतपुर के केशवपुरम स्थित होटल नेगी ग्रांड के हाल में सुबह साढ़े आठ बजे के करीब विवेक गुप्ता ने साथियों संग मिलकर कब्जे का प्रयास किया। विवेक गुप्ता के मुताबिक उन्होंने गजेंद्र सिंह नेगी से होटल के लान वाला करीब 400 वर्ग मीटर का भाग दो बार में खरीदा था।

### गजेंद्र सिंह नेगी के खिलाफ दर्ज कराई थी रिपोर्ट

इसके बाद में नेगी द्वारा किराए पर लेकर लॉन के रूप से इस्तेमाल किया जा रहा था, लेकिन नेगी की नियत खराब हो गई और उसने बेचने के बाद भी इस जमीन पर फिर से कब्जा कर लिया। गजेंद्र सिंह नेगी के खिलाफ ऑपरेशन महाकाल में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेक के मुताबिक कोर्ट से उनके पक्ष में आदेश आया। गुरुवार को विवेक अपने साथ करीब दो दर्जन लेबर, मिस्त्री ,दीवार खड़ी करने का सामान और बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

### फोन तोड़ने और डीवीआर तक ले जाने के आरोप

इसके बाद जेसीबी की मदद से होटल के लान की दीवार तोड़कर पहले टीन शेड लगाया, फिर दीवार निर्माण शुरू कर दिया। सूचना मिलने के बाद गजेंद्र सिंह नेगी की पत्नी और भाई सुमित नेगी मौके पर पहुंचे और कब्जे का विरोध किया। आरोप है कि विवेक और उनके साथियों ने उनके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की।यही नहीं होटल के स्टॉफ से भी अभद्रता करने और फोन तोड़ने और डीवीआर तक जबरन ले जाने के आरोप लगाए। सुमित नेगी का आरोप है कि सूचना देने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची।

### खंगाले जा रहे है सीसीटीवी कैमरे

हंगामा बढ़ता देख करीब साढ़े तीन घंटे बाद एडीसीपी पश्चिम कपिल देव सिंह और थाना पुलिस मौके पर पहुंची। आनन फानन में काम को रुकवा दिया गया। एडीसीपी पश्चिम ने विवेक गुप्ता के दस्तावेजों की जांच की और जांच पूरी होने तक निर्माण कार्य को रोकने के निर्देश दिए। एडीसीपी पश्चिम कपिल देव सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। आरोपों की जांच के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे है। फिलहाल काम रुकवा दिया गया है।

### होटल नेगी ग्रांड में बुकिंग कराने वाले लोग आक्रोशित

आवास विकास केशवपुरम में होटल नेगी ग्रांड आसपास के इलाके में काफी चर्चित है।

नेगी और विवेक गुप्ता के आपसी कब्जे के विवाद में दर्जनों शादी और अन्य कार्यक्रम फंस गए हैं। विनायकपुर निवासी अशोक श्रीवास्तव की बुकिंग 15 और 16 नवंबर की है, उन्होंने 12 लाख रुपए जमा भी जमा किए हैं। 22 नवंबर को रसूलाबाद निवासी वीके शुक्ला की बेटी की शादी है। उन्होंने दो लाख रुपए एडवांस जमा किया है। 26 नवंबर को राघवेंद्र सिंह का रिसेप्शन पार्टी है। 50 हजार रुपये जमा है। 27 नवंबर को विकास गौतम की शादी है, जिसमें ढाई लाख रुपये जमा किया है। सभी लोग परेशान हैं कि आखिर वो अपना कार्यक्रम कैसे करेंगे। उन्होंने एडीसीपी पश्चिम से पैसा वापस दिलाने की मांग की।

# रेस्टोरेंट में चोरी करने वाला कर्मचारी दोस्त संग गिरफ्तार, माल बरामद



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

फिएस्टा रेस्टोरेंट में चोरी करने वाले कर्मचारी अतुल कुमार को दोस्त प्रदीप के साथ पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। यह रायबरेली के थाना डलमऊ के मुजरे सराय पूरे कोइली निवासी हैं। स्वरूपनगर इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने बताया कि उत्तराखंड के पौढ़ी गढ़वाल के पिसौली के ग्राम बाड़ा निवासी रेस्टोरेंट मैनेजर आशीष बिष्ट ने 11 नवंबर को 90 हजार रुपये, लैपटॉप, चार्जर और टैबलेट चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पुलिस ने दोनों को रेस्टोरेंट के पास से गिरफ्तार किया है।

उनके पास से 45,020 रुपये, लैपटॉप, चार्जर, टैबलेट बरामद हुआ है।

इंस्पेक्टर ने बताया कि रेस्टोरेंट से निकाल दिए जाने पर अतुल ने दोस्त के साथ वारदात को अंजाम दिया था। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया वहां से जेल भेज दिया गया है।

### सड़क हादसे में चालक की मौत

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** कमलापुर थाना क्षेत्र इलाके के सुरैंचा गांव के पास हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक व ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद दोनों वाहन पलट कर सड़क किनारे खड्ड में जा गिरे। ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ट्रैक्टर में फंसे चालक के शव को बाहर निकाल सकी। पुलिस ट्रक चालक को हिरासत में ले लेकर पूछताछ कर रही है। रामकोट के हाता कप्तान हबीबपुर निवासी पप्पू राठौर (55) ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं लादकर सुबह लखनऊ की ओर जा रहे थे।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# हाईवे के किनारे खड़ी गाड़ियों पर सुप्रीम टिप्पणी

**दुनिया के केवल 1 प्रतिशत वाहन भारत में हैं लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली वैश्विक मौतों का 11 प्रतिशत हिस्सा यहीं है। यह विडंबना है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर जगह-जगह टोल संग्रह केंद्रों के जरिये टैक्स तो खूब वसूले जाते हैं लेकिन राजमार्गों को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने के लिये गंभीर प्रयास नहीं होते। कुकुरमुत्तों की तरह सड़कों का अतिक्रमण करते ढाबों पर लगाम नहीं लगाई जाती। गंभीरता से पड़ताल नहीं होती है कि क्या सड़क निर्माण में ठेकेदार ने सभी तकनीकी मानकों का पालन किया है? सबसे ज्यादा बड़े वाहन ढाबों पर खड़े नजर आते हैं।**

*देशभर में नेशनल हाईवे व शहर के अंदर व बाहरी इलाके में संचालित होटलों, ढाबों के किनारे भारी वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए रोड पर जहां-तहां वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। सड़क किनारे खड़े ऐसे वाहन, अन्य वाहन चालकों और यात्रियों के लिए यमदूत साबित हो रहे हैं। 10 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के फालौदी और तेलंगाना के श्रीकाकुलम के सड़क हादसों में 37 लोगों की मौत के मामलों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सड़क सुरक्षा की गंभीर खामियों पर चिंता जताई। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान हाईवे के किनारे अवैध ढाबों पर भी चिंता जताई। कहा कि इन ढाबों पर आने वालों की गाड़ियां हाईवे पर खड़ी रहती हैं, जिनसे हादसे होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यानी एनएचएआई और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से सड़क किनारे मौजूद ढाबों और सड़क मेंटेनेंस की स्थिति पर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। जस्टिस जे.के. महेश्वरी और जस्टिस विजय विश्नोई की बेंच ने कहा कि दो सप्ताह के भीतर एक सर्वे कराया जाए, जिससे यह पता चल सके कि कितने ढाबे राजमार्गों के किनारे ऐसे क्षेत्रों में बनाए गए हैं जो इस तरह की सुविधाओं के लिए अधिसूचित नहीं है यानी अवैध ढाबों के बारे में जानकारी देने को कहा गया है। यातायात नियमों के मुताबिक, हाईवे के किनारे सड़क पर ट्रक व अन्य वाहन खड़े नहीं किए जा सकते हैं। शीर्ष न्यायालय की टिप्पणी के आलोक में बात की जाए तो इसमें दो राय नहीं कि विकास के नाम पर हमने सरपट वाहन दौड़ने वाली सड़कें तो बना दी लेकिन यह सुनिश्चित नहीं किया कि यात्रा दुर्घटनाओं से निरापद कैसे रहे। यह हृदय विदारक होता है कि सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों, ट्रकों की अराजकता तथा राजमार्ग के अवरोधों के चलते परिवार के परिवार असमय काल कवलित हो जाते हैं। जिम्मेदार विभाग और सरकार की चतुराई यह होती है कि वह समस्या के मूल में जाने की बजाय जांच और फौरी कार्रवाई में लग जाता है। इन हादसों की जवाबदेही तय नहीं की जाती। हर हादसे के बाद सरकरी तंत्र पुरानी स्क्रिप्ट को दोहराता है। आमतौर पर किसी भी बड़े हादसे में शिकार हुए यात्रियों की संख्या का ही जिक्र होता है और सरकार मुआवजे की घोषणा करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। अधिक से अधिक हमारे विमर्श का मुद्दा यह होता है कि दोषी कौन था? कौन-सा ड्राइवर लापरवाही से वाहन चला रहा था, वह नशे में था या उसे नींद की झपकी लग गई। या फिर वाहन में तकनीकी खामी की वजह से हादसा हुआ। वास्तव में हम उन तकनीकी व वास्तविक खामियों को नजरअंदाज कर देते हैं जो दुर्घटना का कारण बनती हैं। एक ओर जहां सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा की गई चूक होती है, वहीं सड़कों के किनारे बेतरतीब बने ढाबे भी होते हैं, जहां अकसर ट्रक चालक अपने वाहन गलत ढंग से खड़े कर देते हैं। हर हादसे में कहीं न कहीं ऐसे कारण जरूर होते हैं, जो दुर्घटना की तात्कालिक वजह बनते हैं लेकिन अक्सर हम उन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण कारक को अनदेखा करने की वजह से भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति होने की आशंका बलवती होती है। भारत में सड़क हादसा एक गंभीर चिंता का विषय है, जहां हर साल बड़ी संख्या में लोगों की जान जाती है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की साल 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 4,80,583 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हुईं।*

### एक्सप्रेस आलेख

**राहुल गांधी ने मतदाता सूची में कई नामों के साथ ब्राज़ील की मॉडल की तस्वीरें लगाई गई है। हालांकि कुछ मीडिया संस्थानों की जांच में पता चला है कि राहुल गांधी द्वारा दिए गए मतदाता पहचान पत्र नंबर और पहचान पत्र पूरी तरह वैध है और उन पर असल मतदाता की फोटो है। तो क्या यह मान लिया जाए कि राहुल की टीम ने उनसे गलत बयानी की या फिर जानबूझकर फर्जी फोटो दिखाकर देश को गुमराह किया गया? नेपाल में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद भारत में कुछ लोग जेन-जी को खूब उकसाने की कोशिश कर रहे हैं। सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार संवैधानिक पद पर बैठे राहुल भी उन्हीं लोगों में शामिल हो गए हैं?**

# बिहार चुनाव से पहले राहुल का 'वोट चोरी' दांव



उमेश चतुर्वेदी


**वैसे तो बीजेपी विरोधी तबका राहुल के बयानों को ही पवित्र धार्मिक पुस्तक की तरह स्वीकार कर रहा है। लेकिन जिस तरह से उनके दावों की पोल खुली है, उससे शंका होना स्वाभाविक है कि वे भी उन लोगों के साथ जाने या अनजाने खड़े हो रहे हैं, जो युवाओं को चुनाव आयोग और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति अविश्वास से भरने की कोशिश में हैं। खतरा यह है कि नौजवान ऐसी बातों से जल्दी प्रभावित होते हैं।**

बिहार के मतदान के ठीक पहले राहुल गांधी ने नया हाइड्रोजन बम फोड़ते हुए उम्मीद की होगी कि 'वोट चोरी' के आरोप का यह नया संस्करण राज्य की चुनावी राजनीति में भूचाल ला देगा। उनके समर्थक और सिपहसालार दावा करने लगे हैं कि राहुल के इस बम विस्फोट ने बिहार के वोटरों की आंखें खोल दी हैं। इस जानकारी के बाद मतदाता मौजूदा मोदी और नीतीश सरकार के साथ ही बीजेपी से सावधान हो गया है। सोशल मीडिया पर यहां तक दावे किए जा रहे हैं कि राहुल के इस हमले से बिहार के मतदाताओं के बड़े वर्ग का रूख महागठबंधन की ओर हो गया है। इस मसले पर चर्चा से पहले राहुल के आरोपों की मीमांसा ज्यादा प्रासंगिक हो उठती है। राहुल के आरोपों के जवाब में हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी और चुनाव आयोग ने जो जवाब दिया है, उस पर भी गौर किया जाना चाहिए। आयोग ने उल्टे सवाल ही पूछ लिया है। उसका कहना कि एक से अधिक नामों से बचने के लिए मतदाता सूची संशोधन के दौरान कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंटों यानी बीएलए ने कोई दावा या आपत्ति क्यों नहीं उठाई? अगर ये फर्जी मतदाता थे भी, तो यह कैसे कहा जा सकता है कि उन्होंने भाजपा को ही वोट दिए? राहुल ने दावा किया है कि पिछले हरियाणा विधानसभा चुनावों में डाला गया हर आठवां वोट फ़ज़ी था। उनका कहना है कि राज्य में एक लाख चौबीस हज़ार से अधिक फज़ी तस्वीरों वाले वोटर हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में एक ही घर में 501 वोटरों के नाम दर्ज हैं और वह घर भी सिर्फ़ कागजों पर है। राहुल के अनुसार, एक बुजुर्ग महिला का नाम मतदाता सूची में 220 बार दर्ज है। राहुल ने इन आरोपों के जरिए हरियाणा के चुनाव नतीजों को लेकर समर्थकों के एक वर्ग को भ्रमित करने में सफल भी रहे हैं। ऐसी कोशिश वे पहले कर्नाटक और महाराष्ट्र के चुनावों के संदर्भ ऐसे ही वोट 'चोरी' के आरोप लगाकर कर चुके हैं। लेकिन राहुल के आरोपों में बहुत झोल है। उन्होंने जिस मतदाता सूची का उन्होंने जिक्र किया है, वह मुलाना विधानसभा क्षेत्र की है। दिलचस्प यह है कि राहुल के आरोपों के लिहाज से यहां बीजेपी को जीत मिलनी चाहिए, क्योंकि उनके हिसाब से फर्जी वोटरों ने बीजेपी को ही वोट डाला है। लेकिन मुलाना से कांग्रेस का ही उम्मीदवार जीता है। ऐसे में क्या राहुल के आरोप सवालों के घेरे में नहीं आ जाते? दिलचस्प यह है कि राहुल एग्जिट पोल को सही ठहरा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि हरियाणा चुनाव के बाद पांच प्रमुख एक्जिट पोल के अनुसार कांग्रेस भारी बहुमत से जीत रही थी। लेकिन नतीजे उलटे रहे। राहुल का कहना था कि इतिहास में पहली बार हरियाणा में कांग्रेस को पोस्टल बैलेट में 73 सीटों पर जीत मिली, लेकिन वोट चोरी से नतीजे बदल गए। दिलचस्प यह है कि जब यही एक्जिट पोल 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी की भारी



**खतरा यह है कि नौजवान ऐसी बातों से जल्दी प्रभावित होते हैं। अतीत के चुनावों में राहुल राफेल घोटाला, चौकीदार चोर है, जैसे असफल अभियान चला चुके हैं। तो क्या यह मान लिया जाय कि 'वोट चोरी' के आरोपों के जरिए एक बार फिर वे ऐसे ही अभियान पर हैं? विचार मतदाताओं को करना है।**

जीत दिखा रहे थे, तब राहुल ने उन्हें भ्रम बताते हुए खारिज कर दिया था। ऐसा कैसे हो सकता है कि बीजेपी की जीत दिखाने वाला एक्जिट पोल भ्रमित करने वाला हो और जब वही कांग्रेस को जीतता दिखाए तो वह सही। यहां यह भी ध्यान देना होगा कि हरियाणा में सिर्फ 0.57 प्रतिशत मतदाताओं ने ही बैलेट और डाक मत पत्र का इस्तेमाल किया। इतने कम मतदाताओं की राय को राहुल जैसा महत्वपूर्ण राजनेता महत्व कैसे दे सकता है? राहुल ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच कुल मतों के अंतर के बहाने से भी कांग्रेस की हार को वोट 'चोरी' से जोड़ दिया है। उनका कहना है कि बीजेपी और कांग्रेस में सिर्फ 1.18 लाख वोटों का अंतर रहा। लेकिन कांग्रेस ने आठ सीटें 22,779 वोटों के अंतर से गंवाईं। लेकिन ऐसा करते वक्त वे भूल गए कि 2018 के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की तुलना में बीजेपी को 47,827 वोट ज्यादा मिले थे, लेकिन उसकी सीटें कम रह गईं थीं। हरियाणा में तो सबसे कम अंतर वाली 10 सीटों में कांग्रेस को 6 पर जीत मिली। लेकिन राहुल इसे नहीं समझ पा रहे हैं। राहुल के मुताबिक, एक महिला ने राई विधानसभा क्षेत्र के 10 अलग-अलग मतदान केंद्रों पर पर 22 बार मतदान किया। कांग्रेस ने इसे सेंट्रल ऑपरेशन कहा। गौरतलब है कि मतदाता सूची में एक ही नाम बार-बार मिलने से यह साबित नहीं होता कि वही व्यक्ति कई बार मतदान करने गया। राहुल के सलाहकारों को उन्हें बताना चाहिए कि मतदाता सूचियों में डुप्लीकेट नाम अक्सर पलायन, टाइपिंग की गलती या फिर पहले के रिकॉर्ड के अपडेट न होने की वजह से रह जाते हैं। चुनाव आयोग इन्हीं वजहों से विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर जैसी प्रक्रिया अपना रहा है, ताकि त्रुटियों को सुधारा जा सके। लेकिन राहुल इस प्रक्रिया का भी विरोध कर रहे हैं और डुप्लिकेट नामों को लेकर सवाल भी उठा रहे हैं। वैसे यह भी ध्यान रखना चाहिए कि मतदाता सूची में डुप्लिकेट नाम होना या ऐसी अन्य गलती 'वोट चोरी' की वजह नहीं होती। अगर इसके जरिए फर्जी मतदान होता भी है तो सवाल यह है कि मतदान केंद्र पर मौजूद कांग्रेस के एजेंटों ने सवाल क्यों नहीं उठाए। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अभी राहुल के आरोपों पर गंभीर और विस्तृत जवाब की तैयारी में हैं। लेकिन यह भी सच है कि चुनाव आयोग ने 2 अगस्त 2024 को मतदाता सूची का ड्राफ्ट जारी किया था, जिसके बाद 4.16 लाख दावे और आपत्तियां आईं और उनका सत्यापन किया गया। इसके बाद 27 अगस्त 2024 को अंतिम मतदाता सूची को प्रकाशित किया गया। इस पूरी प्रक्रिया में अगर विसंगतियां थीं तो सवाल यह है कि कांग्रेस के बीएलए ने सवाल क्यों नहीं उठाए। चुनाव आयोग ने 16 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची सभी दलों और उम्मीदवारों को दोबारा दी थी, इसके बाद हुए चुनावों में लगभग 87 हजार मतदान केंद्र एजेंटों ने 20 हजार मतदान केंद्रों की निगरानी की। दिलचस्प यह है कि मतगणना के दौरान सिर्फ पांच शिकायतें ही मिली हैं। उनमें से एक भी कांग्रेस की नहीं है, यानी कांग्रेस और उसके एजेंट उस वक्त की प्रक्रिया से संतुष्ट थे। राहुल गांधी ने मतदाता सूची में कई नामों के साथ ब्राज़ील की मॉडल की तस्वीरें लगाई गई है। हालांकि कुछ मीडिया संस्थानों की जांच में पता चला है कि राहुल गांधी द्वारा दिए गए मतदाता पहचान पत्र नंबर और पहचान पत्र पूरी तरह वैध है और उन पर असल मतदाता की फोटो है। तो क्या यह मान लिया जाए कि राहुल की टीम ने उनसे गलत बयानी की या फिर जानबूझकर फर्जी फोटो दिखाकर देश को गुमराह किया गया? नेपाल में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद भारत में कुछ लोग जेन-जी को खूब उकसाने की कोशिश कर रहे हैं। सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार संवैधानिक पद पर बैठे राहुल भी उन्हीं लोगों में शामिल हो गए हैं? क्योंकि उन्होंने भी इस हाइड्रोजन बम फोड़ते वक्त ना सिर्फ देश के युवाओं, बल्कि जेन-जी को उकसाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा है, मैं चाहता हूँ कि जेन-जी इसे गंभीरता से ले, क्योंकि तुम्हारा भविष्य तुमसे छीना जा रहा है। बिहार चुनाव से ऐन पहले ऐसे बयान के अर्थ तो निकाले ही जाएंगे। वैसे तो बीजेपी विरोधी तबका राहुल के बयानों को ही पवित्र धार्मिक पुस्तक की तरह स्वीकार कर रहा है। लेकिन जिस तरह से उनके दावों की पोल खुली है, उससे शंका होना स्वाभाविक है कि वे भी उन लोगों के साथ जाने या अनजाने खड़े हो रहे हैं।



### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | दशमी 24:52 तक |
| नक्षत्र: | पूर्व फाल्गुनी 21:19 |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शुक्रवार |
| योग: | वैधृति, 30:15 तक |
| सूर्योदय: | 06:41 |
| सूर्यास्त: | 17:21 |
| चंद्रमा: | सिंह राशि में |
| राहुकाल: | 10:42-12:01 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:40-12:23 |

## जन एक्सप्रेस

### बनेंगे हम काल !

*लिया सबका हालचाल।*
*जाकर अस्पताल ।।*
*होगा हर हिसाब।*
*बनेंगे हम काल ।।*
*कहीं भी छुप जाओ।*
*ना बचना आसान ।।*
*जो भी इसके पीछे।*
*ले के रहेंगे प्राण ।।*
*तय हो गया शायद।*
*है पक्का इस बार ।।*
*जो भी और जैसे भी।*
*है अंतिम प्रहार ।।*
*जान चुकी है दुनिया।*
*खबर आने वाली ।।*
*ना अब हम बनाते।*
*कभी भी खयाली ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# क्या हार्ट के लिए तुलसी के पत्ते फायदेमंद है?

**आयुर्वेदिक** जड़ी-बूटियों में से एक और औषधीय गुणों से भरपूर तुलसी में पोटैशियम, मैग्नीशियम, कैल्शियम, आयरन, विटामिन्स जैसे कई पोषक तत्व होते हैं, साथ ही, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल के गुण होते हैं। इसका सेवन करने से इम्यूनिटी को बूस्ट करने, इंफेक्शन से बचाव करने, पाचन को दुरुस्त करने, स्ट्रेस को कम करने, ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने, ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने, कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने, श्वसन तंत्र को दुरुस्त करने, बालों और स्किन को हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है, लेकिन क्या ये हार्ट के लिए भी फायदेमंद है? बता दें, अनहेल्दी खानपान और भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल के कारण कई लोग हार्ट से जुड़ी किसी न किसी समस्या से परेशान रहते हैं। डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट अर्चना जैन के अनुसार, औषधीय गुणों से भरपूर तुलसी में बहुत से पोषक तत्व होते हैं, साथ ही, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण होते हैं। इसका सेवन करने से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने, कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने और हार्ट को हेल्दी बनाए रखने



में मदद मिलती है। इनका सेवन नियमित रूप से खाली पेट करना फायदेमंद होता है, जिससे सूजन को कम करने, ब्रेन को रिलैक्स करने और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने जैसे कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। तुलसी के पत्तों का सेवन खाली पेट करना फायदेमंद होता है।

**एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण:** तुलसी के पत्तों में भरपूर मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं। ऐसे में तुलसी के पत्तों का सेवन करने से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने, टिश्यूज का डैमेज से बचाव करने और हार्ट को हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है, साथ ही, इससे इम्यूनिटी को बूस्ट करने और बीमारियों से बचाव करने में भी मदद मिलती है।

**पोटैशियम और मैग्नीशियम से भरपूर:** तुलसी के पत्तों में भरपूर मात्रा में पोटैशियम और मैग्नीशियम के गुण होते हैं। इसका सेवन करने से शरीर में ब्लड प्रेशर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है, जिससे हार्ट पर पड़ने वाले स्ट्रेस को कम करने और हार्ट को हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है।

**फाइबर से भरपूर:** तुलसी के पत्तों में भरपूर मात्रा में फाइबर होते हैं। इसका सेवन करने से शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कंट्रोल करने में सहायक है, जिससे हार्ट को हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है।

**एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण:** तुलसी के पत्तों में भरपूर मात्रा में एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से शरीर की सूजन को कम करने, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने, सूजन को कम करने, ब्लड वेसल्स को स्वस्थ रखने और हार्ट को हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है।

**विटामिन्स से भरपूर:** तुलसी में भरपूर मात्रा में विटामिन-ए, सी, के और बी जैसे कई विटामिन्स होते हैं। ऐसे में तुलसी का सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है, जो हार्ट के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

### एक्सप्रेस विशेष

# भारत की जनसंख्या के मूल में हिंदुत्व



प्रमोद भार्गव

**सिंध को पाकिस्तान से पृथक कर स्वतंत्र देश का निर्माण था। आज भी पाकिस्तानी सेना की दमनकारी नीतियों के विरोध में जय सिंध मुत्ताहिदा महाज़ और जय सिंध कौमी महाज जैसे संगठन स्वतंत्र सिंधुदेश की मांग का अलख जगाए हुए हैं।**

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ की शताब्दी यात्रा एक उत्तेजक वैचारिक यात्रा रही है। मनुष्य की शारीरिक खुराक रोटी-पानी और हर हाथ को रोजगार के बाद जो सर्वाधिक जरूरी है, वह है मानसिक वैचारिक खुराक। इस खुराक में सब अस्मिताएं दर्ज हैं, जो किसी भी राष्ट्र के जीवंत रहने को प्रमाणित करती हैं। इसमें राष्ट्र की सीमाएं और उसमें आलोड़ित धर्म एवं संस्कृति के वे मूल्य अंतर्निहित रहते हैं, जिनमें भाषा, वेशभूषा, खानपान और रीति-रिवाज पारंपरिक रूप में गतिशील रहते हैं। इन भारतीय मूल्यों पर सबसे पहला बड़ा प्रहार इस्लामी आक्रांताओं ने किया, तो दूसरा प्रहार अंग्रेजों ने किया। इन प्रहारों ने सनातन संस्कृति के उन सब मूल्यों पर प्रबल आघात किए जो वैदिककाल से लेकर वर्तमान तक न केवल वर्चस्व बनाए हुए हैं, बल्कि अपनी संस्कृति के मूल स्रोतों से आज भी आंदोलित हो रहे हैं। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के यही अक्षुण्ण मूल्य भारत की अखंडता के आधार स्तंभ हैं। अतएव इस परिप्रेक्ष्य में बेंगलुरू में सरसंघ चालक मोहन भागवत ने ठीक ही कहा है कि भारत में कोई भी अहिंदु नहीं हो सकता,

**सनातन संस्कृति की अवचेतन में आंदोलित हो रही जागृति की यह बात मजबूती से पाकिस्तान के प्रखर सिंधी राष्ट्रवादी नेता रहे जीएम सैयद ने बहुत तार्किक ढंग से उठाई थी। वे एक विद्वान लेखक थे। उन्होंने ही सिंधि पहचान के लिए वैचारिक आधार तैयार किया और सिंधु देश आंदोलन की नींव रखी थी। वे 1937 में सिंध विधानसभा के सदस्य चुने गए और 1940 में शिक्षा मंत्री बने थे।**

क्योंकि सबका मूल हिंदुत्व है। तथाकथित सांस्कृतिक मार्क्सवाद की अस्मिता के लिए यह बड़ा प्रतिकार है। यह एक ऐसा क्षितिज है, जो भारत विभाजन और मतांतरण की पड़ताल करता है। 16 अक्टूबर 1905 को बंगाल विभाजन और 30 दिसंबर 1906 को ढाका में अखिल भारतीय मुस्लिम लीग का गठन हुआ। इसके बाद से ही दो राष्ट्रों के रूप में भारत विभाजन की सुगबुगाहट आरंभ हो गई थी। ज्यादातर कांग्रेस नेता इन सुगाबुगाहटों से या तो निश्चिंत थे या फिर नजरअंदाज कर रहे थे। किंतु दूरदर्शी स्वतंत्रता सेनानी तथा कांग्रेस सदस्य डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने अपने कानों में इस अनुगूंज को अनुभव किया और भारत की तत्कालीन धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों के आकलन के उपरांत इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि विभाजन की संभावना को टालने के लिए हिंदू समाज को न केवल संगठित करने की जरूरत है, अपितु राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने की भी जरूरत है। हिंदुओं में परस्पर एकता का अभाव और जातीय अस्मिता को बनाए रखने वाली सुप्त पड़ी चेतना के कारण बड़े हिंदू समाज में आंतरिक विखंडन और आत्मगौरव का क्षरण निरंतर बढ़ रहा है। हिंदुओं की लाचार मनःस्थिति और मुस्लिम लीग का इस्लाम के आधार पर बढ़ते विस्तार की पृष्ठभूमि में 27 सितंबर 1925 को विजयादशमी के दिन मात्र 50 स्वयंसेवकों के साथ हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नींव रख दी। राष्ट्र और भारतीय समाज के निर्माण में लगे इस संघ की आयु अब सौ वर्ष हो गई है। आज संघ अपने पुनीत उद्देश्य के साथ संपूर्ण समाज को संगठित बनाए रखने का मूल-मंत्र देते हुए भारत को एक सशक्त और परम वैभवशाली राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर है। इस मंत्र की अवधारणा के चरित्र में राष्ट्रीय संस्कारों के बीजारोपण के साथ समरसता और स्वदेशी के भावों को परिपक्व करना है। प्रत्येक मनुष्य के शरीर में एक अवचेतन मन होता है। यह हमारे दिमाग का वह हिस्सा है, जो हमारी चेतन जागरूकता के नीचे काम करता है। यह हमारे मस्तिष्क में दर्ज विचारों, भावनाओं और अंतक्रियाओं की पृष्ठभूमि में रहते हुए अंतर्चेतना को प्रभावित करता है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटने के बाद कांग्रेस नेता और मंत्री रहे गुलाम नबी आजाद ने कहा था कि 'इस्लाम का उद्भव तो मात्र 1500 वर्ष पहले हुआ है, अतएव भारत में कोई भी बाहरी नहीं है। हम सभी मुसलमान इसी देश के वासी हैं। मूल रूप में वे हिंदू ही हैं। बाद में उनका मतांतरण हुआ। कश्मीर में सभी मुसलमान कश्मीरी पंडितों से धर्मांतरित हुए हैं। अतएव सभी का जन्म सनातन हिंदू धर्म में ही हुआ है।' आजाद ने यह बात डोडा के चिरल्ला गांव में 9 अगस्त 2023 को एक सभा में कही थी। बाद में यह वीडियो खूब वायरल हुआ था। फारुख अब्दुल्ला भी भगवान राम को सबके भगवान कहने के साथ अपने मूल में हिंदू होने को स्वीकार चुके हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# पीलीभीत में व्यापारिक एकता पर जोर

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की मासिक बैठक में नए सदस्यों को मिली जिम्मेदारी

- संगठन को मजबूत बनाने और व्यापारी हितों की रक्षा को लेकर हुई गहन चर्चा

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तर प्रदेश की मासिक बैठक बुधवार को सिटी पैलेस में प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल महेंद्रू की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को ज़मीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना तथा व्यापारियों के समक्ष आ रही वर्तमान चुनौतियों पर विचार-विमर्श करना रहा।बैठक की शुरुआत में संगठन में शामिल हुए नए व्यापारियों का भव्य स्वागत किया गया। अनिल महेंद्रू ने सभी नए सदस्यों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें ईमानदारी व निष्ठा के साथ व्यापारी हितों की रक्षा करने की शपथ दिलाई।संगठन को जमीनी स्तर पर गति देने के लिए नए सदस्यों को जिम्मेदारियाँ भी सौंपी गईं।ललित अग्नानी, राघवेन्द्र गोयल, विनोद भारती और नाहिद ख़ान को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया, जबकि मो. फ़रज़ान को वरिष्ठ संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। गुंजन सक्सेना को नगर अध्यक्ष महिला पूरनपुर, और प्रीतम शर्मा को नगर उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इसके अतिरिक्त कई अन्य व्यापारियों को भी विभिन्न नगरों में नई जिम्मेदारियाँ दी गईं।जिला अध्यक्ष एम.ए. जिलानी ने कई क्षेत्रीय संयोजकों की नियुक्ति की ताकि तहसील और कस्बा स्तर पर व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल सदस्यता बढ़ाना नहीं, बल्कि हर उस व्यापारी की आवाज बनना है जो सरकारी जटिलताओं या असुरक्षा से जूझ रहा है।बैठक में व्यापारियों ने जीएसटी रिटर्न प्रक्रिया की जटिलता, बाजारों में गश्त बढ़ाने, प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और यातायात जाम की समस्या के समाधान जैसे मुद्दों पर चर्चा की। इस पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जल्द ही संगठन का प्रतिनिधि मंडल जीएसटी डिप्टी कमिश्नर से मुलाकात करेगा और व्यापारी समस्याओं के समाधान हेतु वार्ता करेगा।बैठक में यह भी तय किया गया कि यातायात पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त यातायात प्रबंधन योजना पर काम किया जाएगा ताकि ग्राहकों को पार्किंग की सुविधा मिल सके।एम.ए. जिलानी ने कहा कि कोई भी व्यापारी उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संगठन हर परिस्थिति में अपने सदस्यों के साथ खड़ा रहेगा।अंत में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि संगठन का अगला मुख्य व्यापारी सम्मेलन पूरनपुर में अगले माह के दूसरे सप्ताह में आयोजित किया जाएगा, जिसमें लगभग 500 व्यापारी भाग लेंगे।बैठक में प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल, जिला महामंत्री पंकज अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सपना यादव, प्रकाश वीर, रणवीर पाठक, प्रदीप शुक्ला, असगर नूर, रियाजुद्दीन राजू, तहसीन अंसारी, अशोक गुप्ता, राशिद अंसारी, शैली शर्मा, ऋषभ सिंह, विक्रांत मिश्रा, ममनून, कंचन सक्सेना, शोभनीय सिंह सहित जिले भर के करीब 200 पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी द्वारा निशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



मुकेश कुमार गौतम, कार्यवाहक कमांडेंट, 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी-दुद्धु के मार्गदर्शन में 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा ÷एफ÷ समवाय रापुरवा-79 के कार्यक्षेत्र में ग्राम अम्बा में ग्रामीण नागरिकों के कल्याणार्थ एक दिवसीय निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सीमांत क्षेत्रों में निवास करने वाले ग्रामीण नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नागरिकों में स्वस्थ जीवनशैली के प्रति रुचि उत्पन्न करना था।शिविर में लगभग 90 ग्रामीण (पुरुष, महिलाएँ एवं बच्चे) शामिल हुए, जिनकी स्वास्थ्य जांच की गई एवं आवश्यक दवाएँ निःशुल्क वितरित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। तत्पश्चात उपस्थित नागरिकों को चिकित्सा दल द्वारा जांच प्रक्रिया, रोग-निवारण उपायों एवं स्वच्छता संबंधी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई।चिकित्सा दल ने ग्रामीणों को मौसम परिवर्तन से संबंधित बीमारियों, स्वच्छ पेयजल के उपयोग, संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा प्राथमिक उपचार के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। बलकर्मियों ने नागरिकों को समझाया कि छोटी-छोटी सावधानियाँ अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। ग्राम अम्बा के ग्रामीणों ने सशस्त्र सीमा बल के इस मानवीय एवं समाजोपयोगी प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम सीमांत क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच और जन-जागरूकता बढ़ाने में अत्यंत सहायक हैं। शिविर के संचालन तथा डॉ. राजपाल सिंह (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहीपुरवा) व 70वीं वाहिनी एसएसबी की चिकित्सा दल एवं समवाय कार्मिकों का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें स्वास्थ्य, पर्यावरण, शिक्षा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से संबंधित विषयों पर प्रेरित किया।इस अवसर पर हरि सिंह, सहायक कमांडेंट, सहायक उप निरीक्षक (फार्मासिस्ट) मनोज कुमार सहित अन्य बलकर्मी उपस्थित रहे।70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी का यह सतत प्रयास सीमांत क्षेत्रों में जनसंपर्क सुदृढ़ करने, नागरिक कल्याण को प्रोत्साहित करने और बल एवं समाज के मध्य विश्वास एवं सहयोग की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।सशस्त्र सीमा बल सदैव अपने ध्येय वाक्य ÷सेवा, सुरक्षा एवं बंधुत्व÷ के अनुरूप समाज की सेवा में समर्पित है। ऐसे नागरिक कल्याण कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे सीमांत क्षेत्रों के नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो सके।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** खुटार रोड मार्ग पर गुरुवार को सुबह करीब 12 :00 बजे एक सड़क दुर्घटना में शाहगढ़, पीलीभीत निवासी आरिफ अली की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर उनके साथ बैठे मुरादपुर निवासी पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गए। आरिफ अली और पप्पू अपनी बाइक से नथुनिया गांव जा रहे थे। तभी पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घायल पप्पू ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि वे कुछ देख नहीं पाए और बेहोश हो गए। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में भर्ती कराया।डॉक्टरों ने जांच के बाद आरिफ अली को मृत घोषित कर दिया।पुलिस के अनुसार, अज्ञात वाहन का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। आरिफ अली के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला लखीमपुर खीरी भेजा गया है।

### शासन से डीएम को पत्र

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** 26 अगस्त 1920 को तत्कालीन ब्रिटिश कलेक्टर लखीमपुर खीरी क्रूर प्रशासक विलोबी आईसीएस की तीन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने तलवार से सर काट कर मर्डर कर दिया था। तीनो को 1920 में ही फांसी हो गयी थी। यूपी सरकार नें तीनों को शहीद का दर्जा दिया। 1920 में अंग्रेजो ने विलोबी मेमोरियल भवन का निर्माण किया। 1924 में विलोबी मेमोरियल ट्रस्ट बनाया। इसका सचिव बाबू सरस्वती प्रसाद आगा को बनाया। 15 अगस्त 1947 को देश स्वतंत्र हो गया पर ट्रस्ट में कोई बदलाव नही हुआ। 101वर्ष से एक ही परिवार का सचिव है।विलोबी का नाम हटाने को लेकर साल भर समाचार छपे। डीएम को ज्ञापन दिया गया। जब जिला प्रशासन से कोई रिस्पांस नही मिला तो प्रमुख सचिव गृह यूपी सरकार को लिखा गया।एक महीना 14 दिन बाद शासन ने जिलाधिकारी को उचित कार्यवाई करने को कहा है। उम्मीद है कि डीएम कार्यवाई कर अंग्रेज का नाम हटवाएँगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** शंकरपुर क्षेत्र के गांव भगनापुर में आपसी कलह के चलते विवाहिता मकान के अंदर कमरे में रस्सी के फंदे से छत के कुंडे में लटक गई जिससे उसकी मौत हो गई मायके वालों ने हत्या कर लटका देने का आरोप लगाते पुलिस को सूचना दी मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए उसे जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार गांव भगनापुर निवासी आरती देवी 40 वर्षीय की शादी रोहित से हुई थी जिससे उसने दो पुत्री और एक पुत्र को जन्म दिया था।जिसने मकान के भीतर कमरे में पंखे के कुंडे से रस्सी का फंदा बनाकर लटक गई जिससे उसकी मौत हो गई हैं। ससुरालियों ने अपने को फसता देख उसके शव को छोड़कर भाग निकले पड़ोसियों की सूचना पर मायके वाले ससुराल पहुंच कर जमीन पर पड़े बेटी के शव को देखकर आग बबूला हो गए उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। निरीक्षक उमेश चौरसिया के अनुसार मृतका का पोस्टमार्टम कराया जा रहा जांच में आपसी कलह के चलते आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है।

### अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से एक युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस। अमीर नगर खीरी।** अमीर नगर पुलिस चौकी से आगे स्थित मालती देवी पेट्रोल पंप के निकट अनियंत्रित ट्रक ने सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए, ट्रक ने एक बाइक सवार को भी चपेट में ले लिया। बाइक पर सवार सावान खां पुत्र महीश खां अपने साथी आदिल खां पुत्र जाबिर खां के साथ अपनी अपाचे मोटरसाइकिल से डीजल लेने के लिए जा रहा था ।दोनों युवक ट्रक की चपेट में आकर गहरी खाई में जाकर मोटरसाइकिल सहित ट्रक के नीचे दब गए जिससे बाइक पर बैठे आदिल खां पुत्र जाबिर खान( 18) निवासी मोहम्मदपुर गंभीर रूप से घायल हो गये । सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से मोहम्मदी भेजा गया जहां डॉक्टर ने आदिल को मृत घोषित कर दिया। तथाघायलों का इलाज चल रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंभी चीनी मिल को गन्ना सप्लाई करके वापस आ रहा ट्रक अमीर नगर मालती देवी पेट्रोल पंप के सामने अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली से भीड़ गया जिससे कि ट्रैक्टर पूरी तरह से चकनाचूर हो गया। मोहम्मदपुर निवासी सावान खां पुत्र महीश खां अपने साथी आदिल खान पुत्र जाबिर खान के साथ मालती देवी पेट्रोल पंप पर डीजल लेने जा रहा था वह भी ट्रक की चपेट में आकर ट्रक के नीचे मोटरसाइकिल सहित दब गये।

### खिरकिया बरगदिया की सड़क पर बड़े गड्ढे, किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** पूरनपुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर खिरकिया बरगदिया से ढका चाट तक की सड़क जर्जर है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़कों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां गन्ना भरने गांव तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। गांव के लोगों ने बताया कि बारिश के बाद से सड़क की मरम्मत नहीं हुई है, और अब यह तालाब जैसी स्थिति में बदल चुकी है। राहगीरों को रोजाना जान जोखिम में डालकर इस रास्ते से गुजरना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को होती है। ग्राम प्रधान ने बताया कि कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया है। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सड़क पर बने गड्ढों से आए दिन छोटे वाहन फंस जाते हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर 15 नवंबर तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो वे समाधान दिवस में इसकी शिकायत दर्ज कराएंगे। यदि उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो 19 नवंबर को खिरकिया बरगदिया में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि यह सड़क पूरनपुर से जुड़ी मुख्य कड़ी है, जिस पर सैकड़ों किसान रोजाना अपनी फसल मंडी तक पहुंचाते हैं। लेकिन सड़कों की जर्जर हालत ने उनके आर्थिक नुकसान को बढ़ा दिया है।

### खेत पर जुताई कर रहे युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** खेत पर जुताई कर रहे युवक को गाली गलौज कर मारा पीटा। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया मझरा निवासी गगन कुमार ने वताया कि 11 नवंबर को वह अपना खेत पर जुताई रहा था। इसी दौरान गांव के ही रीटा मसीह पत्नी शेरा मसीह,जग्गा मसीह पुत्र प्रेम मसीह एक राय होकर खेत पर पहुंच गए। इसके बाद सभी मिलकर ट्रैक्टर रोकने लगे,विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज करना शुरु कर दिया। मना करने पर उसके साथ मारपीट की। शोर मचाने पर लोगों को आता देख आरोपी दोबारा खेत पर आने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पीडित ने मामले की तहरीर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

# घुघचाई क्षेत्र में चला बाल श्रम उन्मूलन अभियान तीन बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

- पुलिस, श्रम विभाग व चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त कार्यवाही में हुई कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



थाना घुघचाई क्षेत्र में गुरुवार को बाल श्रम उन्मूलन के लिए संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करते हुए तीन बाल श्रमिकों को चिन्हित कर बाल श्रम से मुक्त कराया गया।अभियान के दौरान पुलिस टीम ने मैकेनिक शॉप, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों, किराना स्टोर और स्टील वर्क्स आदि प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण किया। जांच में तीन नाबालिग बच्चों को कार्यरत पाया गया। सभी को रेस्क्यू कर वर्चुअल रूप से बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां समिति ने पूछताछ के उपरांत बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 के अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति नाबालिगों से खतरनाक कार्य करवाता पाया जाता है, तो उसे एक वर्ष तक की सजा या पचास हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों दंडों से दंडित किया जा सकता है। इसके साथ ही प्रत्येक बाल श्रमिक के लिए संबंधित सेवायोजक से 20,000 रुपये की वसूली कर चाइल्ड लेबर वेलफेयर फंड में जमा की जाएगी। अभियान के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि किसी बालक के माता-पिता को चेतावनी के बावजूद पुनः बच्चे को काम पर लगाते हुए पाया गया, तो उनके विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशिकला, संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक, चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वाण सिंह, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के भानु प्रताप व अमित कुमार सहित थाना पुलिस के कर्मी सक्रिय रूप से अभियान में शामिल रहे।

# घेर कर युवक को गाडी से कुचलने का किया प्रयास गाली गलौज के बाद किया हमला, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

घर से पूरनपुर आ रहे युवक को घेर कर जानलेवा हमला कर दिया। इसके गाडी से कुचलने की कोशिश की,पुलिस ने केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पचपेड़ा प्रहलादपुर निवासी पुष्पजीत सिंह पुत्र जगतवीर सिंह ने वताया कि 6 नवंबर को दोपहर करीब ढाई बजे घर से अपनी गाड़ी (हुंडई वैन्यू) के साथ जरूरी काम से पूरनपुर जा रहा था। रास्ते में पीडित के घर से करीब एकक किमी की दूरी पर बेर के बाग के पास गांव निवासी धर्मेन्द्र सिंह व पूनम सिंह अपनी कार मारूती वलेनो से आये और अपनी गाड़ी पीडित की गाड़ी के आगे लगाकर जबरदस्ती उसको घेर कर रोका लिया। आरोप है कि दोनो अपनी गाड़ी से उतरकर गन्दी गन्दी गालियां देने लगे। जब विरोध किया तो जान लेवा हमला कर दिया। इसके बाद गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। जिस पर पीडित अपने मोबाईल से वीडियों बनाने लगा,तो ईंट उठाकर गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। दोनों ने जान से मार डालने की धमकियां दी। मौके पर कई लोगों के आने पर भाग कर अपनी जान बचाई। पीडित पुलिस का इंतजार करने लगा। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने अपनी गाड़ी से कुचलने का प्रयास किया। जिससे बाल बाल बचा। हाथ व शरीर में काफी चोटें आयीं है। शीशे टूट कर उसके चुभ गये। मामले की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।विवेचना शुरु कर दी गई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

पूरनपुर-खुटार हाईवे पर बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला दिया। जिससे युवक की मौत हो गई। चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल युवक को सीएचसी ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान कोतवाली क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर निवासी शिवम सिंह 30 वर्ष पुत्र सुरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। शिवम बुधवार देर रात पूरनपुर से अपने घर लौट रहे थे। पूरनपुर-खुटार हाईवे पर चीनी मिल के पास पहुंचने पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और शिवम गंभीर रूप से घायल होकर हाईवे पर गिर गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत पूरनपुर सीएचसी पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।हादसे की सूचना मिलते ही शिवम के परिवार के सदस्य और रिश्तेदार अस्पताल पहुंच गए। जवान बेटे की मौत से परिवार में शोक का माहौल है। हादसे से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# न्यायालयीय प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न

**पीलीभीत।** जनपदीय मॉनिटरिंग सेल और थानों में नियुक्त पैरोकारों एवं कोर्ट मोहर्रिर के कार्यों की समीक्षा के लिए गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने की। बैठक में न्यायालयों से प्राप्त आदेशों के अनुपालन, लंबित व दीर्घकालिक अभियोगों की पत्रावलियों की समीक्षा, अभियुक्तों की गिरफ्तारी, न्यायालयीय पत्रावलियों की तामीला, तथा अभियोजन अधिकारियों के साथ समन्वय के बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने मॉनिटरिंग सेल अधिकारियों और पैरोकारों को निर्देश दिए कि वे 20-30 वर्ष पुराने लंबित मामलों की पुनर्समीक्षा कर आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करें। गुमशुदा अभिलेखों की खोज कर न्यायालयों को तत्काल सूचना दी जाए तथा न्यायालयीय तामीलों में सक्रियता बढ़ाई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अभियोजन अधिकारियों से नियमित संवाद बनाए रखा जाए, ताकि किसी भी न्यायालयीय आदेश की तामील में विलंब न हो।

# सरदार पटेल जी के सम्मान में यूनिटी मार्च कल

**पूरनपुर।** नगर के राम होटल में 15 नवंबर को शनिवार समय 11 बजे देश की अखण्डता और एकता के सूत्रधार भारत रत्न सरदार पटेल जी के सम्मान में यूनिटी मार्च होगा। इसके साथ ही विशाल जनसभा का भी आयोजन किया जाएगा। इसके बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन और मार्च में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाये जाने की अपील की है। यह जानकारी विधायक पुत्र रितुराज पासबान ने दी। तैयारिया शुरू कर दी गई है।

# किसान नेता देवस्वरूप पटेल ने केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद को सौंपा तीन सूत्रीय ज्ञापन

- नई रेलवे लाइन, मेडिकल कॉलेज में ओपीडी शुरू करने और आवास योजनाओं में सुधार की रखी मांग

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



किसान नेता देवस्वरूप पटेल ने पीलीभीत सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के जनपद आगमन पर जिले के विकास को लेकर तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। राज्यमंत्री ने सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया है।किसान नेता की पहली मांग बीसलपुर से नई रेलवे लाइन के निर्माण से जुड़ी रही। उन्होंने कहा कि बीसलपुर से पूर्व दिशा में बिलसंडा-बंडा-खुटार-गोला (छोटी काशी) तथा पश्चिम दिशा में बीसलपुर से नाथ नगरी बरेली तक नई रेल लाइन बनाई जाए। इस रेल मार्ग के बनने से बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और लखीमपुर जैसे जिलों की जनता को बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित रेल लाइन से दिल्ली से लेकर पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के बीसलपुर होते हुए लखीमपुर, बहराइच, नानपारा, गोरखपुर और बिहार तक सीधी रेल सेवाएं शुरू हो सकेंगी। इससे गोला गोकर्णनाथ के ऐतिहासिक शिवमंदिर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व और अन्य धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर श्रद्धालुओं को भी बड़ी सुविधा मिलेगी।दूसरी मांग में उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज, पीलीभीत में ओपीडी सेवाएं शीघ्र शुरू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अब तक मेडिकल कॉलेज में ओपीडी आरंभ नहीं की गई है, जिससे न केवल पीलीभीत बल्कि लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, उत्तराखंड और नेपाल के मरीजों को इलाज के लिए परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने जनता की सुविधा के लिए ओपीडी जल्द शुरू करने की मांग की।तीसरी मांग आवास विकास परिषद की योजनाओं में पारदर्शिता और सुधार को लेकर की गई। देवस्वरूप पटेल ने कहा कि कुछ भूमाफिया आवासीय योजनाओं की आड़ में जनता का शोषण कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि भूखंड, विला और फ्लैट के रूप में विकास कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ कराया जाए ताकि आम नागरिकों को वास्तविक लाभ मिल सके।किसान नेता ने बताया कि केंद्रीय राज्यमंत्री ने तीनों जनहितकारी मांगों पर गंभीरता से विचार करने का भरोसा दिया है और कहा है कि जल्द ही विभागीय स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी।

# टी0पी0आर0एस0 एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**



नगर के टी0पी0आर0एस0 एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में आज गुरुवार को वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ हुआ इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जिनका स्वागत पुष्प भेंट कर बैच लगाकर तालिया की गडराहट के मध्य किया गया विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के गौरवशाली ध्वज के साथ शानदार परेड एवं मुख्य अतिथि को दी गई सलामी ने दर्शक जनों का मन मोह लिया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पाअर्पण कर किया गया मुख्य अतिथि द्वारा मसाल जलाकर खेलों का शुभारंभ किया गया खिलाड़ियों ने जलती मसाला के साथ खेल मैदान की परिक्रमा कर मानव प्रत्येक कदम में उजाला और उत्साह की लौ जला दी हो तत्पश्चात स्वागत गीत पर छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर शुभारंभ किया गया तत्पश्चात जिमनास्टिक के बच्चों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन दिखाया विद्यालय का प्रांगण करतल ध्वनियों से गूंज उठा आर्म रैसलिंग का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें भिन्न-भिन्न स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पवन राज, सुरजीत कुमार, जशनदीप सिंह, नैमिष, नवाज खान, शिवा गुप्ता, अयान खान, विजय घोषित किए गए। योग के बच्चों ने संतुलन लचीलापन एकाग्रता और आत्म नियंत्रण का संदेश दिया योग के प्रतिभागी बच्चों ने मैदान में उच्च स्तर का प्रदर्शन दिखाया योग के प्रतिभागी बालक बालिकाओं ने क्रमशः ताड़ासन गरुड़ासन त्रिकोणासन गोमुखासन धनुरासन शीर्षासन आज अनेक आसनों का प्रदर्शन किया प्राणायाम का प्रदर्शन भी किया गया अनुलोम विलोम भ्रामरी हलासन आदि प्रदर्शन के साथ करो योग रहो निरोग का संदेश दिया। खो-खो बालिका वर्ग 4 सदनों टैगोर प्रसाद राजगुरु सुभाष के मध्य खेला गया जिसमें प्रसाद सदन ने जबरदस्त जीत हासिल की द्वितीय स्थान पर टैगोर सदन रहा तृतीय स्थान पर सुभाष सदन रहा। खो खो बालक वर्ग कक्षा 6 से 8 के मध्य खेला गया जिसमें प्रथम स्थान राजगुरु ने हासिल किया द्वितीय स्थान पर प्रसाद सदन ने हासिल किया तीसरे स्थान पर टैगोर रहा। 400 मीटर रिले रेस में बालक वर्ग कक्षा 9 और 11 के मध्य कराया गया जिसमें टैगोर सदन में प्रथम स्थान हासिल किया द्वितीय स्थान पर राजगुरु सदन रहा तीसरे स्थान पर सुभाष सदन रहा। 400 मी बालिका वर्ग की रिले रेस कक्षा 9 का 11 के मध्य कराई गई जिसमें टैगोर सदन ने प्रथम स्थान हासिल किया द्वितीय स्थान प्रसाद सदन ने हासिल किया तीसरे स्थान पर राजगुरु रहा। 30 मी रैबिट रेस प्री प्राइमरी की कराई गई जिसमें प्रथम स्थान मानव द्वितीय स्थान धैर्य गुप्ता ने हासिल किया तीसरे स्थान पर आरुष रहे। 30 मी फ्रॉक रेस का आयोजन कक्षा चत्र -द्ध के मध्य किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर अथर्व पटेल और द्वितीय स्थान पर गुरनाज कौर और तीसरे स्थान पर स्वाति गुप्ता। चत्र-द्धद्ध के विद्यार्थियों ने 50 मीटर कौन कलेक्शन रेस कराई गई जिसमें प्रथम स्थान पर लविश द्वितीय स्थान पर हरसिमरत और तृतीय स्थान पर आदित्य रही। कक्षा 1 और कक्षा 2 के मध्य म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता कराई गई जिसमें प्रथम स्थान पर मोहम्मद अर्श द्वितीय स्थान पर सृष्टि सिंह कक्षा 2 की बालिका वर्ग में मैथ रेस में प्रथम स्थान अब्या गुप्ता द्वितीय स्थान अलीजा और तृतीय स्थान हरमनप्रीत ने प्राप्त किया तथा कक्षा दो के बालक वर्ग में मैथ रेस में प्रथम स्थान अजान खान द्वितीय स्थान शिवराज तथा तृतीय स्थान बीपी ने प्राप्त किया।मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में छात्रों को खेल भावना और अनुशासन को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने ÷हौसले जिनके फौलादी हो वह तिनका तिनका जोड़कर घर बनाते हैं÷ उक्त पंक्तियां से विद्यालय के प्रबंधक आनंद गुप्ता एडवोकेट की भूरि भूरि प्रशंसा की और विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव के मामत्व और अनुशासन की सराहना की। मुख्य अतिथि ने विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र ट्रॉफी व मेडल प्रदान किया विद्यालय के प्रबंधक आनंद गुप्ता एडवोकेट ने खेल के महत्व को बताते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रदान की कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

## तीन दिवस में संयुक्त सर्वे पूर्णकर रिपोर्ट भेजने के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ सीजन-2025 में धान, बाजरा, ज्वार आदि फसलों एवं रबी सीजन 2025-26 की वर्षा से हुई क्षति के संबंध में जिले में संचालित संयुक्त सर्वे की प्रगति एवं खरीफ सीजन-2025 में गैर ऋणी कृषकों के बीमा प्रस्तावों की जाँच की स्थिति की समीक्षा बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान फसल बीमा कम्पनी के जिला प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि खरीफ सीजन में हुई फसल क्षति के अंतर्गत अब तक 40,280 कृषकों को कुल 22, 13, 78, 901 की क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जा चुका है, जबकि



शेष कृषकों को भुगतान की प्रक्रिया प्रगति पर है। बताया कि जिले में धान के 2,235, ज्वार के 628 एवं बाजरा के 1,842, कुल 4,705 कृषक बीमित हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विगत दिनों हुई वर्षा से प्रभावित खरीफ सीजन की फसलों (धान, बाजरा, ज्वार) का संयुक्त सर्वे तीन दिवस के भीतर पूर्ण कर संकलित रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि सभी पात्र कृषकों को शीघ्र बीमा क्लेम का लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गैर ऋणी कृषकों के बीमा प्रस्तावों की जाँच कार्य शीघ्र पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि फसल बीमा योजना का उद्देश्य कृषकों को प्राकृतिक आपदाओं से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। प्रत्येक पात्र कृषक तक योजना का लाभ समयबद्ध ढंग से पहुँचे यह सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर समस्त उपजिलाधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, समस्त भूमि संरक्षण अधिकारी, समस्त उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी एवं एस.बी.आई. जनरल इंश्योरेन्स कम्पनी लि. के जिला प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जेबकतरों ने पूर्व बार संघ अध्यक्ष की जेब काटकर उड़ाए, हजारों रुपए

**जन एक्सप्रेस/उरई।** माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र में एक बार फिर सक्रिय हुए जेबकतरों ने गुरुवार दोपहर पूर्व बार संघ अध्यक्ष के पेंट में रखे रूपये पार कर दिए। पेंट की जेब कटी देख अधिवक्ता दंग रह गया और नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ कोतवाली में तहरीर दी। बताया गया कि बृहस्पति वार दोपहर पूर्व बार संघ अध्यक्ष सदींप मिश्रा वस्ता से तहसील के अंदर जा रहे थे। इसी दौरान वहां घूम रहे जेबकतरों ने अधिवक्ता को निशाना बनाया और पेंट की जेब काट ली और जेब में रखे 11 हजार 5 सौ रुपये ले गए। घटना से तहसील प्रांगण में अफरा-तफरा मच गई और वहां मौजूद अधिवक्ताओं ने एसडीएम राकेश कुमार सोनी को जानकारी दी। पूर्व बार संघ अध्यक्ष ने सहयोगी नगर पंचायत अध्यक्ष राघवेन्द्र व्यास के साथ कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर दी। कोतवाल विकेश बाबू का कहना है कि तहरीर आ गई है, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जेबकतरों की जानकारी की जा रही है। जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## वाहन चलाते समय हेलमेट, सीटबेल्ट का करें प्रयोग: राजेश कुमार



**जन एक्सप्रेस । उरई**

यातायात माह के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा को लेकर गुरुवार को झाँसी रोड स्थित श्रीराम पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया। कार्यक्रम में राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी व विद्यालय प्रबंधक डॉ. सीपी गुप्ता व समस्त स्टाफ के उपस्थित रहा। राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने उपस्थित सभी जनों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी तथा सभी से अपील की गयी कि वह वाहन चलाते समय हेलमेट, सीटबेल्ट का प्रयोग करें, नशे की हालत में वाहन न चलायें व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, ओवर स्पीड में वाहन न चलायें, दुघर्टना में घायलों की सहायता करें, क्षमता से अधिक सवारियाँ न बैठायें, वाहनों को अपनी लाइन पर संचालित करने तथा वाहन को रोकते समय साइड इण्डीकेटर का प्रयोग कर सुरक्षित स्थान पर उतारने हेतु जागरुक किया गया। उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं को यातायात सांकेतकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। सड़क दुघर्टना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुँचाने वालों को सरकार पुरस्कृत करती है। इसलिये बिना किसी आशंका के सड़क दुघर्टना में घायल व्यक्तियों की मदद करने की अपील की गयी। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि सड़क सुरक्षा के नियमों की जागरुकता से ही सड़क दुघर्टनाओं में कमी लाई जा सकती है। अन्त में उपस्थित सभी जनों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

## बाइक फिसलने से गिरी महिला की ट्रक से कुचलकर मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

आटा थाना क्षेत्र के इटौरा मार्ग पर बगिया के पास अचानक बाइक फिसलने से सड़क पर गिरी महिला की पीछे से आ रहे ट्रक से कुचलकर मौत हो गई।

जालौन कोतवाली क्षेत्र के अकोढ़ी दुबे गांव निवासी श्रीकुमारी 30 वर्ष पत्नी रामकुमार वर्मा अपने देवर दिलीप कुमार, सास ठाकुरबेटी और अन्य परिजनों के साथ आटा थाना क्षेत्र के अकबरपुर इटौरा भतीजे के मुंडन में शामिल होने गई थी। कार्यक्रम खत्म होने के बाद तीनों एक ही बाइक से जब वापस घर लौट रहे थे, तभी आटा इटौरा मार्ग पर बगिया के पास बाइक अचानक फिसल गई। बाइक फिसलते ही तीनों सड़क पर गिर गए और इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने श्रीकुमारी को रौंद दिया। हादसा इतना भीषण था कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही आटा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की, लेकिन तब तक ट्रक चालक और कंडक्टर फरार हो चुके थे। करीब दो घंटे बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि जोल्हूपुर में ओवरब्रिज निर्माण कार्य चलने के कारण ओवरलोड बालू से लदे ट्रकों को आटा-इटौरा मार्ग से निकाला जा रहा है। इससे इस मार्ग पर दिन-रात भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है और हादसों का खतरा बढ़ गया है।

## चोरों ने सूने मकान के चटकाए ताले, लाखों के जेवरात व नकदी लेकर फरार

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया पटेल नगर बैंक कालोनी में घूमी चोरों की बारात ने एक विधवा महिला के सूने मकान के ताले चटका दिए। जहां से चोर लगभग पांच लाख रुपये के जेवरात व 60 हजार रुपए की नकदी लेकर रफूचक्कर हो गए। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



शहर के मोहल्ला नया पटेल नगर निवासी राजेश्वरी पत्नी स्व. रघुनाथ सिंह 7 नवंबर 2025 को अपने बेटे के पास फतेहपुर गई हुई थी। जबकि उसकी बेटी निशा भी घर पर रहती थी, लेकिन वह 11 नवंबर की शाम घर का ताला लगाकर अपने घर आटा चली गई थी। तभी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे चोरों ने देर रात मकान के ताले चटका दिए। ग्रहस्वामी महिला राजेश्वरी जब घर लौटीं तो देखा कि मेन गेट का ताला लगा हुआ था, लेकिन अंदर चैनल गेट का ताला टूटा पड़ा था। कमरे की दो अलमारियों के कुंडे भी टूटे मिले। घर की तलाशी लेने पर पता चला कि दो सोने की नथनी, एक सोने की बेदी, चार सोने की चूड़ियां, एक सोने का हार, तीन जोड़ी सोने के कान के टॉप्स, छह जोड़ी चांदी की बिछिया, एक चांदी का कड़ा, बारह चांदी के सिक्के व 60 हजार रुपये नकद चोरी हो गए हैं। सूचना मिलते ही जेल चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। पुलिस का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपितों का सुराग लगा लिया जाएगा और उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## एसपी ने जनसुनवाई में सुनी जन समस्याएँ, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** एसपी अशोक कुमार मीणा ने गुरुवार 13 नवंबर 2025 को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजन की शिकायतें सुनीं। जनसुनवाई में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने संबंधित अधिकारियों को मामलों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न थानों और चौकियों से आए लोगों ने भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, साइबर क्राइम, धोखाधड़ी, मारपीट तथा अन्य शिकायतें दर्ज कराईं। एसपी ने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि हर शिकायतकर्ता के साथ संवेदनशील व्यवहार रखते हुए समयबद्ध और पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।एसपी ने यह भी कहा कि पुलिस का दायित्व है कि पीड़ितों को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की देरी न हो। जनसुनवाई में आए लोगों ने अपनी बात रखने के बाद त्वरित कार्रवाई का भरोसा मिलने पर संतोष व्यक्त किया।

## अज्ञात कारणों के चलते मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर में अज्ञात कारणों के चलते मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर में ईदगाह के पीछे निवासी मोनू 27 वर्ष पुत्र दामोदर अहिरवार पत्नी सीमा व एक तीन वर्षीय पुत्री के साथ रहता था। वह चार भाइयों में सबसे छोटा था और मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। बताया गया कि बुधवार की शाम को वह काम से लौटा था और किन्हीं कारणों के चलते घर के कमरे में उसने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पति को फांसी के फंदे पर लटका देख पत्नी चीखने चिल्लाने लगी। घर में मची चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। मामले में चौकी प्रभारी का कहना है कि खुदकुशी का कारण पत्नी भी नहीं बता सकी है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की हर पहलू पर जांच पड़ताल की जा रही है।

## 'महिलाओं का स्वच्छता में योगदान' पोस्टर प्रतियोगिता संपन्न



**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

नेहरू मुंसिपल कन्या इंटर कॉलेज शाहाबाद में नगर पालिका परिषद के सहभाग से मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत शौर्य दिवस के अवसर पर ÷महिलाओं का स्वच्छता में योगदान÷ विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान को उजागर करना था। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया। किसी ने रंगों के माध्यम से तो किसी ने संदेशों और लेखन के जरिए स्वच्छता और महिलाओं की भूमिका को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के गंदे पड़े क्लासरूम को भी छात्राओं द्वारा साफ कराया गया तथा स्वच्छता से संबंधित कई सारी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। शौर्य दिवस की पोस्टर प्रतियोगिता में भाग करने वाले प्रतिभागियों को नगर पालिका परिषद शाहाबाद की तरफ से सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया गया। नगर पालिका परिषद के प्रतिनिधियों द्वारा छात्राओं को गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण, जैविक-अजैविक कचरे के सही निपटान, तथा निर्धारित वाहनों को ही कचरा सौंपने के संबंध में उपयोगी जानकारी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि स्वच्छता एवं पेयजल संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नंबर 1533 और टॉयलेट संबंधी शिकायतों के लिए 14420 पर संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या नूरुल हुमा,सभी टीचर्स, प्रतिभागी छात्राएँ एवं पालिका स्टाफ उपस्थित रहे।

## जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत जिला महिला चिकित्सालय हरदोई में कन्याजन्मोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यकम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सुबोध कुमार द्वारा कार्यक्रम का शुभांरभ नवजात बालिकाओ के माता पिता को पौधे उपहार स्वरूप प्रदान कर किया गया। कार्यकम में प्रियंका पाण्डेय द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया एवं किसी भी प्रकार की समस्या हेतु जिला प्रोबेशन कार्यालय में सम्पर्क हेतु कहा गया । रूबी देवी द्वारा जनपद में संचालित वन स्टॉप सेन्टर पर मिलने वाली समस्त योजनाओ तथा महिला हेल्पलाइन के बारे में बताया गया । उक्त कार्यकम में महिला कल्याण विभाग से प्रियंका पाण्डेय, रूबी देवी, पल्लवी मिश्रा, संध्या, सर्व देव नारायण, विजय रत्ना, वंदना एवं अमित कुमार द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## एएसपी आलोक राज नारायण ने थाना शाहाबाद का किया त्रैमासिक निरीक्षण




**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

सहायक पुलिस अधीक्षक सर्किल शाहाबाद आलोक राज नारायण ने गुरुवार को थाना शाहाबाद का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, मालखाना, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क सहित विभिन्न शाखाओं का गहन अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिए।एएसपी ने अभिलेखों के संधारण, मालखाना प्रबंधन व कंप्यूटर कक्ष में डाटा अपडेट की स्थिति की जांच की। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान एएसपी ने सुरक्षा मानकों और आपात स्थिति में तत्परता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस कर्मियों को शस्त्र खोलने और बंद करने का अभ्यास भी कराया। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को हर परिस्थिति में तत्पर रहने के लिए नियमित प्रशिक्षण और अनुशासन अत्यंत आवश्यक है।अधिकारी ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और सभी शाखाओं में कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाया जाए।

## मुंडन संस्कार कार्यक्रम के दौरान बेकाबू ट्रैक्टर से कुचलकर बृद्ध की मौत



**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** मल्लावां क्षेत्र में मुंडन संस्कार की दावत में उस वक़्त अफरा तफरी मच गई। ज़ब एक युवक ने नशे की हालत में ट्रैक्टर से एक वृद्ध व्यक्ति को रौंद दिया, जिसके चलते उसकी दर्दनाक मौत हो गई। बुधवार को इब्राहिमपुर गांव निवासी रामकुमार के पुत्र का मुंडन संस्कार था। शाम को खाने को लेकर दावत चल रही थी। तभी गांव के एक युवक ने नशे की हालत में तेजी से टेक्टर चलाकर टेंट की तरफ लाया तो आस पास खडे लोग जान बचाकर भागे लेकिन बुजुर्ग होने की वजह से रघुनंदन 70 वर्ष पुत्र महादेव निवासी इब्राहिमपुर ज़ब तक कुछ समझते तब तक ट्रैक्टर की चपेट में आ गए और खाना पीना भी सब बर्बाद हो गया। घायल रघुनंदन को परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां लाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने जाँच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र हरिश्चंद्र की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चलाक को हिरासत में ले लिया है और ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने ले आई। कोतवाल शिवाकांत पांडेय ने बताया मृतक के पुत्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## आईकू ने 20 नवंबर से आईकू 15 के लिए प्री-बुकिंग की घोषणा की

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

उच्च प्रदर्शन वाला स्मार्टफोन ब्रांड आईकू 26 नवंबर को आईकू 15 लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। स्मार्टफोन इनोवेशन में नए स्टैंडर्स स्थापित करते हुए, आईकू 15 एक बेजोड़ स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करने के लिए एडवांस कैमरा, सॉफ्टवेयर क्षमताओं और एआई क्षमताओं, आकर्षक डिजाइन, एक्सटेंडेड बैटरी लाइफ और इमर्सिव डिस्प्ले तकनीकों के साथ प्रीमियम प्रदर्शन को जोड़ती है। आईकू 15 की प्री-बुकिंग 20 नवंबर, 2025 से शुरू होगी। ग्राहक अपने फ़ोन की प्री-बुकिंग के लिए 1000 की रिफंडेबल राशि देकर प्रायोरिटी पास प्राप्त कर सकते हैं। प्रायोरिटी पास के साथ आपको कुछ खास प्री-बुकिंग लाभ भी मिलेंगे, जिनमें आईकू टीडब्लूएस 1ई ईयरबड्स की एक जोड़ी मुफ़्त और 12 महीने की अतिरिक्त वारंटी शामिल है। प्रायोरिटी पास सीमित हैं और पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिए जाएँगे। आईकू 15 में सैमसंग 2के एम14 लीड ओएलईडी डिस्प्ले है, जो एंड्रॉइड में पहली बार उपलब्ध है। यह 2के रिज़ॉल्यूशन, 144एचजेड अडैप्टिव रिफ्रेश रेट और अल्ट्रा-विविड क्लैरिटी के लिए 6000 निट्स लोकल पीक ब्राइटनेस प्रदान करता है। 2600 निट्स (एचबीएम) ब्राइटनेस के साथ, यह भारत का सबसे चमकदार डिस्प्ले भी है। इसके अलावा, आईकू 15 डॉल्बी विजन और इंस्टेंट ब्राइटनेस एडजस्टमेंट के लिए ट्रिपल एम्बिएंट लाइट सेंसर के साथ आता है।

## जल जीवन मिशन कार्य में पूर्ण रूप से गुणवत्ता बरते: डीएम

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन कार्यो की समीक्षा बैठक डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में आहूत की गयी। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यो में शिथिलता एवं गावों आदि में डाली गयी पाइप लाइनों लीकेज शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम ने अधिशासी अभियंता जल निगम एवं एजेंसियों के पदाधिकारियों को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन कार्य में पूर्ण रूप से गुणवत्ता बरते और पाइप लीकेज की शिकायत प्राप्त होते ही उसे ठीक करायें और शिकायतों का गुणवत्ता परक निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में




सीडीओ सान्या छाबड़ा ने कहा कि जहां भी जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन टंकियों के कार्यो में लगे मजदूरों को सुरक्षा उपकरण की व्यवस्था करायें। बैठक में प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित जल निगम विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अजय शुक्ला बने अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा के विधानसभा संयोजक



**जनएक्सप्रेस/हरपालपुर।** अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी की संस्तुति पर अजय कुमार शुक्ला पुत्र श्री रामभजन शुक्ला निवासी ग्राम इकनौरा को सवायजपुर विधान सभा का संयोजक मनोनीत किया गया है।श्री शुक्ला के मनोनयन पर भाजपा के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राकेश मिश्रा,मंडल महामंत्री राजेश तिवारी,मंडल उपाध्यक्ष मुन्नूलाल अग्निहोत्री,भाजपा नेता अभिराम सिंह,अरुण सिंह चौहान ,उदयभान सिंह छोटू,कमलेश पाल सहित तमाम शुभ चिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

## सोनम बाजवा और फेम ने दमकती त्वचा के लिए नई 7-स्टेप सिंगल-यूज़ फेशियल किट लॉन्च किया

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

डाबर के भरोसेमंद स्किनकेयर ब्रांड, फेम ने सिंगल-यूज़ फेशियल किट की कैटेगरी को नए सिरे से परिभाषित करते हुए, दो नई और बेहतरीन फेशियल किट लॉन्च करने की घोषणा की है- फेम नियासिनमाइड ग्लास ग्लो फेशियल किट और फेम हाइलूरोनिक लूमी ब्राइट फेशियल किट प्रसिद्ध अभिनेत्री सोनम बाजवा को इन नए उत्पादों के लिए ब्रांड फेस बनाया गया है।

फेम की नई सिंगल-यूज़ फेशियल किट घर पर ही तुरंत और शानदार चमक पाने के लिए एक संपूर्ण 7-स्टेप रूटीन पेश करती हैं। ये किट शक्तिशाली एक्टिव तत्वों और बेहतरीन टेक्सचर के साथ तैयार की गई हैं, जो एक बार के इस्तेमाल में ही दमकती त्वचा सुनिश्चित करती हैं। 7-स्टेप का संपूर्ण अनुभव- बाज़ार में मौजूद सामान्य 5-स्टेप किट के विपरीत, फेम ने अपनी किट में सीरम और सनस्क्रीन को शामिल करके इसे 7-स्टेप का एक व्यापक और समग्र स्किनकेयर अनुभव बनाया है। फेम की नई रेंज दो विशेष वेरिएंट्स में उपलब्ध है, जो अलग-अलग स्किनकेयर लक्ष्यों को पूरा करते हैं- फेम नियासिनमाइड ग्लास ग्लो फेशियल किट जो 24के गोल्ड और नियासिनमाइड से युक्त है, यह त्वचा की रंगत को एकसमान बनाकर एक शानदार शीशे जैसी चमक का वादा करती है; और दूसरी है फेम हाइलूरोनिक लूमी ब्राइट फेशियल किट जो प्योर डायमंड, हाइलूरोनिक एसिड और रेड एल्गी से समृद्ध है, यह त्वचा को गहराई से हाइड्रेट करती है, चिकना बनाती है और तुरंत एक चमकदार लूमी ब्राइट लुक प्रदान करती है।

# हक की बात डीएम के साथ: महिलाओं ने रखी अपनी समस्याएं, निस्तारण के निर्देश

- महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता- डीएम
- घरेलू हिंसा, आर्थिक उत्पीड़न और पारिवारिक विवादों से जूझ रही पीड़िताओं को मिला न्याय का भरोसा



**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकार सुनिश्चित करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य घरेलू हिंसा, उत्पीड़न और अन्य सामाजिक समस्याओं से पीड़ित महिलाओं को अपनी समस्याएं सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखने का अवसर प्रदान करना था।

कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने घरेलू हिंसा, आर्थिक प्रताड़ना, संपत्ति विवाद तथा पारिवारिक उत्पीड़न जैसी समस्याओं को विस्तार से जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों महिला कल्याण, पुलिस, समाज कल्याण एवं अन्य अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि ज़रूरतमंद महिलाओं को निशुल्क विधिक परामर्श उपलब्ध कराया जाए। डीएम श्री शर्मा ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी मामलों का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी एवं गोपनीयता के साथ किया जाए ताकि पीड़ित महिलाओं की गरिमा सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना भी है। उन्होंने कहा, कोई भी महिला अपने अधिकारों की लड़ाई में अकेली नहीं रहेगी जिला प्रशासन हमेशा उसके साथ खड़ा रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं से संवाद किया। छात्राओं ने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी से जुड़े प्रश्न पूछे, जिन पर डीएम ने कहा कि लक्ष्य अपनी रुचि के अनुसार निर्धारित करें और उसे पाने के लिए निरंतर परिश्रम करें। उन्होंने कहा, परिश्रम, निरंतरता और लगन यही सफलता की कुंजी हैं। डीएम ने बताया कि सरकार गांवों में डिजिटल लाइब्रेरी शुरू कर रही है, जिससे अब छात्राओं को बड़ी शहरों में गए बिना गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री मिल सकेगी।

कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की टीम ने महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम, महिला हेल्पलाइन 181, मिशन शक्ति अभियान, आश्रय गृह एवं पुनर्वास योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी कन्हैया यादव, सीओ सदर जे.पी. त्रिपाठी, वन स्टॉप सेंटर की टीम, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाएं तथा विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं उपस्थित रहीं।

## डीएम व एसपी ने जन चौपाल में सुनी समस्याएं, अमृत सरोवर परिसर में किया वृक्षारोपण

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले के लीलापुर थाना इलाके के गांव देवली में गुरुवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी एवं एसपी दीपक भूकर द्वारा मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा के साथ जन चौपाल आयोजित किया गया साथ ही उसके बाद अमृत सरोवर परिसर में वृक्षारोपण एवं जनसहायता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया तथा मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान अमृत सरोवर परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य कार्ड वितरण, कंबल वितरण एवं ट्राईसाइकिल वितरण कार्यक्रम भी सम्पन्न किया गया जिसमें पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। जन चौपाल के दौरान उपजिलाधिकारी लालगंज एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज आशुतोष मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सीओ ने पटाखा दुकानों व गोदामों का किया निरीक्षण, सुरक्षा मानक का पालन करने की हिदायत

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में गुरुवार को एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के दृष्टिगत सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) प्रशांत राज द्वारा पटाखा दुकानों और गोदामों में सुरक्षा मानकों की जांच की गई। अग्निशमन यंत्रों की स्थिति, वैध लाइसेंस और विस्फोटक अधिनियम के प्रावधानों को परखा गया। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि नियमों का उल्लंघन न हो। इस दौरान सीओ द्वारा थाना प्रभारियों के साथ टीम बनाकर बाजारों, दुकानों एवं गोदामों में जाकर पटाखों के अवैध भंडारण, बिक्री एवं विस्फोटक पदार्थों के अनुचित प्रयोग की जांच की गई। मौके पर पटाखा विक्रेताओं को विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गये। इसके साथ ही आगजनी की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते सुरक्षा सतर्कता के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने अग्निशमन यंत्र, पानी की पर्याप्त व्यवस्था एवं अग्नि सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा गया कि बिना वैध लाइसेंस पटाखों का भंडारण या बिक्री करने वालों के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान क्षेत्र के बाजारों, संवेदनशील स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए पुलिस बल को निरंतर गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब हो कि एसपी के निर्देशन में संपूर्ण जिले में पुलिस टीम द्वारा सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस टीम पूरी तरह सतर्क है। पटाखा भंडारण स्थलों की सतत जांच की जा रही है तथा बिना वैध लाइसेंस भंडारण या बिक्री पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सुरक्षा निर्देशों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल डायल-112 या स्थानीय पुलिस को दें ताकि कानून-व्यवस्था एवं जन सुरक्षा बनी रहे।

## सीओ ने पटाखा दुकानों व गोदामों का किया निरीक्षण, सुरक्षा मानक का पालन करने की हिदायत

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में गुरुवार को एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के दृष्टिगत रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी द्वारा पटाखा दुकानों और गोदामों में सुरक्षा मानकों की जांच की गई। अग्निशमन यंत्रों की स्थिति, वैध लाइसेंस और विस्फोटक अधिनियम के प्रावधानों को परखा गया। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि नियमों का उल्लंघन न हो। इस दौरान सीओ द्वारा थाना प्रभारियों के साथ टीम बनाकर बाजारों, दुकानों एवं गोदामों में जाकर पटाखों के अवैध भंडारण, बिक्री एवं विस्फोटक पदार्थों के अनुचित प्रयोग की जांच की गई। मौके पर पटाखा विक्रेताओं को विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गये। इसके साथ ही आगजनी की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते सुरक्षा सतर्कता के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने अग्निशमन यंत्र, पानी की पर्याप्त व्यवस्था एवं अग्नि सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा गया कि बिना वैध लाइसेंस पटाखों का भंडारण या बिक्री करने वालों के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान क्षेत्र के बाजारों, संवेदनशील स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए पुलिस बल को निरंतर गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब हो कि एसपी के निर्देशन में संपूर्ण जिले में पुलिस टीम द्वारा सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस टीम पूरी तरह सतर्क है। पटाखा भंडारण स्थलों की सतत जांच की जा रही है तथा बिना वैध लाइसेंस भंडारण या बिक्री पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सुरक्षा निर्देशों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल डायल-112 या स्थानीय पुलिस को दें ताकि कानून-व्यवस्था एवं जन सुरक्षा बनी रहे।

## जर्नलिस्ट प्रेस क्लब की बैठक संपन्न, पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस । नौतनवा/महराजगंज**

जर्नलिस्ट प्रेस क्लब महराजगंज की तहसील इकाई नौतनवा की एक बैठक गुरुवार को क्लब अध्यक्ष अतुल जायसवाल के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में संगठन से जुड़े कुछ पदाधिकारियों द्वारा किसी अन्य संगठन की सदस्यता लिए जाने के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से गुड्डू जायसवाल को संगठन का संरक्षक, शुनील शर्मा को उपाध्यक्ष, तथा अमित वर्मा को आय-व्यय निरीक्षक नियुक्त किया गया। नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत अध्यक्ष अतुल जायसवाल एवं संरक्षक जगदीश गुप्ता ने फूल मालाओं से किया। बैठक में पूर्व सूचना मीडिया प्रभारी दिनेश जायसवाल ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे आगे भी संगठन के साथ मिलकर पत्रकार और जनहित में कार्य करते रहेंगे।

## डीएम के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दो बीडीओ नदारत, मांगा स्पष्टीकरण

- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम अचानक हुई जांच से अधिकारियों और कर्मचारियों में मचा हड़कंप
- जनता दर्शन के समय जनता से संवाद को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जनपद में अधिकारियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली को लेकर जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा सख्त हो गए हैं। गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई औचक जांच में परतावल और घुघली के खंड विकास अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों से अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताते हुए दोनों अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

वहीं, निचलौल की बीडीओ शमा सिंह कार्यालय में न होकर ब्लॉक परिसर में संभावित डुप्लीकेट मतदाता सूची का निरीक्षण करती हुई मिलीं। इस पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जनता दर्शन के समय केवल जनता दर्शन का कार्य ही किया जाए, अन्य कार्य अपरिहार्य स्थिति में ही किए जाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों की नियमित उपस्थिति और क्षेत्रीय भ्रमण अनिवार्य है। उन्होंने चेताया कि किसी भी स्थिति में गैरहाजिरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी बीडीओ को प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जनता दर्शन में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा, ताकि नागरिक अपनी समस्याएं सीधे रख सकें। डीएम शर्मा ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में उपस्थिति या कार्य निष्पादन में लापरवाही पाए जाने पर कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित रहें और अपने अधीनस्थों की उपस्थिति तथा ग्राम स्तर तक योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि सभी अधिकारी जनता से निरंतर संवाद बनाए रखें, शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण करें तथा क्षेत्रीय भ्रमण की रिपोर्ट नियमित प्रस्तुत करें। बताया जा रहा है कि जिलाधिकारी का यह सख्त कदम विभागों में बढ़ती शिथिलता और समयपालन की शिकायतों को देखते हुए उठाया गया है। इससे पहले 30 अक्टूबर को भी डीएम ने सभी एसडीएम और जिलास्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति की जांच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की थी। इस कार्रवाई के बाद जिले के सरकारी कार्यालयों में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारी और कर्मचारी अब अपनी उपस्थिति और कार्यशैली को लेकर सजग दिखाई दे रहे हैं।

## मण्डलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में पनियरा का जलवा

**जन एक्सप्रेस । पनियरा/महराजगंज**

स्व. रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम, देवरिया में 11 से 13 नवम्बर तक आयोजित मण्डलीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 में पनियरा ब्लॉक के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किए।

खंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार के मार्गदर्शन और व्यायाम शिक्षक आनंद कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में खेल दल ने भाग लिया। 400 मीटर बालिका दौड़ में मिठौरा की सुनैना ने गोल्ड, 44-47 भार वर्ग कुश्ती में पनियरा के सिराज और 52-57 भार वर्ग में कुआंचाप के विनय ने स्वर्ण जीता। बालिका कुश्ती 44-47 भार वर्ग में जंगल बडहरा की खुशी ने रजत तथा चक्रक्षेपण में उसी विद्यालय की अन्नू ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

# दिन दहाड़े घर से लाखों के आभूषण व नकदी चोरी, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जिले में नगर कोतवाली थाना इलाके के दहिलामऊ में चोरों ने दिन दहाड़े एक घर को निशाना बनाया। चोर लाखों रुपये के गहने समेत नकदी पर हांथ साफ कर फरार हो गये। शहर में महज कुछ ही घण्टों के अंदर दिन दहाड़े चोरों ने वारदात को अंजाम दिया जो पुलिस के लिए बड़ी चुनौती कही जा सकती है।

मिली जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के दहिलामऊ (मारुत नगर) निवासी हेमंत शर्मा शहर में ही प्राइवेट नौकरी करते हैं। बुधवार दोपहर में दिनदहाड़े ही चोरों ने उनके घर मे चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। हेमंत ने तहरीर देते हुए बताया है कि बुधवार सुबह लगभग ग्यारह बजे उनकी पत्नी सेंट एंथोनी स्कूल बेटी सुहानी को लेने गई थी। स्कूल से बेटी को लेकर दोपहर बाद लगभग ढाई बजे जब वह वापस घर लौटी तो देखा कि मुख्य दरवाजा बंद था तथा अंदर के दरवाजों का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी टूटी हुई थी तथा लॉकर का ताला भी टूटा हुआ था। हेमंत के अनुसार लॉकर में रखे हुए सोने के हार, चेन, अंगूठी व कंगन समेत लाखों रुपये के जेवर और बीस हजार रुपये नकद गायब थे। जिसकी जानकारी पत्नी ने फोन द्वारा हेमंत को देने के साथ ही डायल- 112 पर भी सूचना दी। घटना का संपूर्ण घटनाक्रम घर के पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया है। फुटेज में अज्ञात व्यक्तियों की गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं। सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस ने मौके पर जाकर छानबीन कर सीसीटीवी फुटेज भी कलेक्ट कर लिया है। नगर कोतवाली थाना प्रभारी सुभाष कुमार यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। सीसीटीवी फुटेज के साथ ही बदमाशों की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## भागलपुर पुल से भारी वाहनों का दो साल से आवागमन बंद

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

पुल से भारी वाहनों का आवागमन दो साल से बंद हैं। जिससे बलिया वाराणसी की यात्रा करने वाले लोगों की सफर, दुरी, परेशानी तीनों बढ़ गई है। प्रशासन का कहना है पुल भारी वाहनों के चलने लायक नहीं है। पुल क्षतिग्रस्त हो सकता है, जिससे छोटे वाहन भी नहीं चल पाएंगे। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि एनएच की ओर से नया पुल बनाने में तीन से चार साल लग जाएंगे शासन-प्रशासन के लोगों को चाहिए की पुल की मरम्मत कराकर भारी वाहनों का आवागमन शुरू कराएं। बलिया-देवरिया को जोड़ने वाले सरयू नदी पर बने भागलपुर पुल के निर्माण की शुरुआत साल 1987 में राज्य सेतु निगम की ओर से 2819.44 लाख की लागत से की गई थी। दिसंबर 2001 में तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह ने इसका उद्घाटन किया था। उद्घाटन के 10 साल बाद ही छठवें पाएं का ज्वाइंट क्षतिग्रस्त होने लगा। करीब हर साल इसकी मरम्मत भी कराई जाती रही लेकिन मरम्मत में खानापूर्ति के चलते पुल जर्जर होता गया।

इस पुल का तकनीकी परीक्षण 2020 में मोबाइल ब्रिज इंपेक्सन यूनिट मशीन से कराया गया। यूनिट मशीन के इंजीनियरों ने मरम्मत कार्य आवश्यक बताया।

सेतु निगम ने 2021 में मुंबई की कंपनी को मरम्मत का जिम्मा सौंपा। दो साल तक मरम्मत होने के बाद ट्रायल हुआ तो भारी वाहनों के गुजरते वक्त छठवें पाए के ज्वाइंट की दरार बढ़ गई।

नवंबर 2022 में मुंबई और दिल्ली आईआईटी के इंजीनियरों ने जांच की और मरम्मत का जिम्मा भोपाल की सन् फिल्ड कंपनी को सौंपा। आठ माह तक मरम्मत के बाद जब ट्रायल किया गया तो ज्वाइंट की दरार फिर बढ़ गई।

## नेपाल: तस्करों ने नेपाली सुरक्षा बलों पर किया हमला

**जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज**

भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र पर एक बार फिर तस्करों का आतंक देखने को मिला। बीती रात नेपाल के नवलपरासी जिले के गुठी परसौनी थाना क्षेत्र के बसहियां इलाके में सशस्त्र प्रहरी बल के जवानों पर तस्करों ने हमला कर दिया। जवानों ने जब भारतीय सीमा से नेपाल लाई जा रही सुखी मछली (झिंगा) की बड़ी खेप को रोकने की कोशिश की, तो तस्कर आगबबूला हो गए और उन पर पथराव व हमला कर दिया।

सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल नंबर 26 गण हेडक्वार्टर नवलपरासी के एसपी संतोष राय मांझी ने बताया कि घटना रात करीब 12 बजे की है। आधा दर्जन भारतीय नंबर प्लेट लगी मोटरसाइकिलों पर सवार तस्कर सुखी मछली की खेप लेकर नेपाल राष्ट्र में प्रवेश कर रहे थे। ड्यूटी पर तैनात जवानों ने जब उन्हें रोककर जांच शुरू की, तो तस्कर भिड़ गए।

सूत्रों के मुताबिक, तस्करों ने भारतीय बाजार लक्ष्मीपुर खुर्द से अपने साथियों को बुला लिया और सशस्त्र प्रहरी बल के जवानों पर हमला कर दिया। हालात बेकाबू होते देख जवानों ने आत्मरक्षा में दो राउंड हवाई फायरिंग की। फायरिंग की आवाज सुनते ही तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भारतीय सीमा में भाग निकले। एसपी राय मांझी ने बताया कि हमलावर तस्करों की पहचान कर ली गई है और उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि सीमा पर गश्त और कड़ी कर दी गई है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# उर्वरक वितरण में लापरवाही व अनियमितता पर होगी कार्रवाई: सीडीओ

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी डा. दिव्या मिश्रा ने विकास भवन में जनपद की सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को वितरित किए जा रहे उर्वरकों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में सहकारिता के अधिकारियों के अतिरिक्त उर्वरक वितरण प्रणाली हेतु नामित निरीक्षणकर्ता अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान सीडीओ ने निर्देश दिए गए कि निरीक्षणकर्ता अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि समितियों पर उपलब्ध उर्वरक का स्टॉक पीओएस मशीन पर 100 प्रतिशत अंकित रहे तथा किसानों को निर्धारित दर एवं नियमानुसार ही उर्वरक का वितरण किया जाए। किसी भी किसान को उर्वरक का वितरण पीओएस मशीन पर अंकित किए बिना न किया जाए। किसान का आधार संख्या पीओएस मशीन पर लगते ही उपलब्ध स्टॉक के अनुसार नियमानुसार उर्वरक का वितरण कराया जाए। उर्वरक वितरण के दौरान समिति में स्टॉक भंडारण एवं वितरण की प्रविष्टियाँ सही रूप से दर्ज हों। किसानों को उनकी पर्ची में दर्ज किए गए नाम में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। इस संबंध में समिति कर्मियों को नियमानुसार तथा शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान यह भी निर्देश दिया गया कि जिन समिति सचिवों के पास तीन से चार वर्षों से एक ही स्थान पर कार्य करने के कारण शिकायतों की संख्या अधिक है, उन्हें आवश्यकतानुसार अन्य समितियों में स्थानांतरित किया जाए ताकि उर्वरक का सुचारु रूप से वितरण सुनिश्चित किया जा सके तथा किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो। समितियों पर उर्वरक स्टॉक उपलब्धता पूर्ण रूप से पारदर्शी रहे। निरीक्षणकर्ता अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि समिति पर आने वाले प्रत्येक किसान को उसकी आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध हो और कोई भी किसान परेशान न हो। यदि कहीं पर उर्वरक उपलब्धता, वितरण या स्टॉक प्रविष्टि में अनियमितता पाई जाए, तो इसके संबंध में तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए और आख्या उपलब्ध कराई जाए।

## डीएम ने की कार्रवाई - एक बदमाश जिला बदर व तीन शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने बृहस्पतिवार को एक बदमाश को जिला बदर कर दिया। लीलापुर थाना इलाके गांव पुतईपुर सरबाजपुर के सोनू पाल पुत्र सुपाल पाल को जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत जनपद की सीमा से छः माह के लिये निष्कासित कर दिया है। छह महीने तक जिले की सीमा में दिखने पर आरोपी को गिरफ्तार करने की चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही तीन व्यक्तियों का शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त कर दिया है। डीएम ने जिले के शस्त्र लाइसेंसी जो आपराधिक क्रिया-कलाप में लिप्त होने एवं शस्त्र अनुज्ञा-पत्र की शर्तो का उल्लंघन करने के दोषी पाये गये तीन व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त कर दिया है।

# सपा नेता गुलशन यादव की 4 करोड़ की संपत्ति कुर्क, प्रयागराज में तीन मकान सील

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



प्रतापगढ़ के सपा नेता व अखिलेश यादव के करीबी गुलशन यादव पर बड़ी कार्रवाई हुई है। पुलिस ने बुधवार को प्रयागराज के सदर तहसील अंतर्गत मोतीलाल नेहरू रोड पर स्थित उसके तीन आलीशान मकान को डुगडुगी बजवाकर कुर्क कर लिया। जिला मजिस्ट्रेट प्रतापगढ़ द्वारा पारित आदेश के बाद संग्रामगढ़ पुलिस, कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस व राजस्व टीम प्रयागराज की संयुक्त कार्यवाही में गैंगस्टर एक्ट के आरोपी गुलशन यादव एवं उसकी पत्नी सीमा यादव की चार करोड़ दस लाख की अचल संपत्तियाँ कुर्क की गई। मोती लाल नेहरू मार्ग पर स्थित तीनों मकान गुलशन यादव व उसकी पत्नी सीमा यादव के नाम पर हैं। यह कार्रवाई थाना कुंडा में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई है। प्रयागराज सदर एसडीएम, एसीपी कर्नलगंज और थानाध्यक्ष संग्रामगढ़ सत्येंद्र सिंह भदौरिया बुधवार शाम पुलिस बल के साथ गुलशन यादव के मकान पर पहुंचे। यह मकान गुलशन और उसकी पत्नी सीमा के नाम पर संयुक्त रूप से है। इसके बाद डुगडुगी बजवाकर मकान पर कुर्की की कार्रवाई संबंधी बोर्ड लगवाकर कुर्क कर लिया गया। गैंगस्टर एक्ट के तहत यह कार्रवाई की गई, जिसमें इस संपत्ति को गुलशन की अपराध से अर्जित आय माना गया। गुलशन यादव के विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में 53 आपराधिक मुकदमे दर्ज होने के साथ ही एक लाख का इनाम भी घोषित है। गुलशन यादव सपा नेता है और अखिलेश यादव का करीबी माना जाता है। कई गंभीर मामलों में उसका नाम सामने आने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट लगाया था। कुर्की की कार्रवाई के दौरान प्रयागराज सदर उपजिलाधिकारी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में लेखपाल शैलेन्द्र सिंह एवं कानूनगो रामकृष्ण मिश्र, एसीपी कर्नलगंज राजीव यादव, एसआई अजय वर्मा एवं जिले के संग्रामगढ़ थाना प्रभारी संग्रामगढ़ सत्येंद्र सिंह भदौरिया पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# इलाज के दौरान नवजात बालिका की मौत, डॉ. पर लापरवाही का आरोप

जन एक्सप्रेस। बस्ती

बस्ती शहर के निजी अस्पतालों में इलाज के नाम पर मनमानी धन उगाही, मरीज के मर जाने पर भी वसूली की घटनायें लगातार बढती जा रही है। इसी प्रकार का एक और मामला बटेला चौराहा के निकट स्थित राजेन्द्रा हास्पिटल का सामने आया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के जिगना निवासी विजय कुमार पुत्र कुश प्रकाश ने गुरूवार को पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर राजेन्द्रा हास्पिटल में उसकी नवजात बेटी का डाक्टर की लापरवाही के कारण मौत का आरोप लगाते हुये समूचे मामले की जांच, हास्पिटल के संचालक और डाक्टर के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर न्याय की गुहार लगाया है।



बेटी का शव देने के लिये मांग रहे थे रूपया, पुलिस के पहुंचने पर मिला शव

एसपी को दिये पत्र में विजय कुमार ने कहा है कि 26 अक्टूबर 2025 को कैली अस्पताल में नार्मल डिलीवरी से बच्ची पैदा हुई जिसको गन्दा पानी की वजह से कैली अस्पताल द्वारा रेफर कर दिया गया जिसे उसने के0डी0 अस्पताल जिगना में भर्ती कराया वहां पर स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण वह बच्चे को लेकर राजेन्द्रा हास्पिटल बटेला चौराहा में भर्ती कराया। लगभग 15 दिनों तक स्थिति सामान्य रही इसके बाद 9.नवम्बर की रात्रि लगभग 2.30 बजे सूचना दी गयी कि आपकी बच्ची की मृत्यु हो गयी हैं।

डाक्टर ललित द्वारा किसी भी परिवार के व्यक्ति से मिलने नही दिया गया। पिछले तीन दिन से बच्चे के शव की की मांग की गयी तो हास्पिटल के डाक्टर द्वारा 45000 रूपये की मांग की गयी कि इतना रुपया दो तो मृतक बच्चे को देखने देगें और उसके बाद सुपुर्द कर देगें। इसके बाद विजय कुमार ने मजबूर होकर 112 पर सूचना दी। और मौके पर पुलिस आयी तो मृतक बच्चे को सुपुर्द कराया। इससे पहले भी हास्पिटल के संचालक द्वारा 1,45,000 रूपये की मांग किया गया तब उसने कहा कि इतना रुपया कहा से लाकर दें इतना कहने पर संचालक व डाक्टर द्वारा गाली गुप्ता दी गयी और वहां से उसको भगा दिया गया।

पत्र में विजय कुमार ने कहा है कि बच्ची की मौत डाक्टर की लापरवाही के कारण हुआ है। इसी कारण उसे तीन दिनों तक भ्रमित किया और बच्ची की मरने की सूचना बाद में दी गयी। उसने राजेन्द्रा हास्पिटल के संचालक व डाक्टर के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराने की मांग किया है।

### कंपोजिट विद्यालय सखैला में चोरी, खुलासा न होने से शिक्षकों में आक्रोश

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय सखैला में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने प्रधानाध्यापक की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार, 7 नवंबर की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय में घुसकर कंपोजिट ग्रांट की ?5 हजार नकद राशि और लगभग ?50 हजार के सामान की चोरी कर ली थी। घटना की सूचन मिलते ही विद्यालय प्रशासन ने थाने में तहरीर दी थी, जिसके आधार पर अब मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि चोरी की घटना को कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस अभी तक कोई ठोस खुलासा नहीं कर सकी है, जिससे शिक्षकों में नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर प्रवीण यादव ने बताया कि प्रधानाध्यापक पूनम सिंह की तहरीर पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच चौकी प्रभारी कस्बा को सौंपी गई है। पुलिस ने शीघ्र ही घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

# भू-माफिया ने रातों-रात पत्रकार की जमीन पर कर लिया कब्जा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जिले के मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के नएपुर मोहल्ला में कथित भू-माफिया द्वारा एक दैनिक अखबार के पत्रकार मोहम्मद आरिफ खान एवं सह-खातेदार निजामुद्दीन की 5 बिस्वा जमीन पर रात के अंधेरे में जबरन कब्जा कर 15 फुट ऊँची बाउंड्री बनाने की कोशिश से इलाके में तनाव उत्पन्न हो गया।

मौके पर पहुंचे ग्रामीणों के मुताबिक, कुछ दिन पहले से वही मजदूरों की तैनाती कर बैठक-सी कराई जा रही थी और रातों-रात सैकड़ों मजदूरों को लगाकर जमीन पर दीवार खड़ी कर दी गई। आसपास के लोगों ने कुछ लोगों का नाम लेकर आरोप लगाया कि निगरानी व काम करवाने में संलिप्त रहे।

सुबह सूचना मिलने पर पत्रकार आरिफ खान व सह-खातेदार मौके पर पहुंचे तो जमीन पर बनी बाउंड्री देख दंग रह गए। घटना की सूचना देने पर आनन-फानन 112 पर कॉल की गई और पुलिस घटना स्थल पर पहुँची। मौके पर दीवान श्री प्रकाश तिवारी व दरोगा राय भी पहुँच गए और आरोपियों को बुलवाया गया, पर प्रारम्भिक जांच में कब्जा करने वाले मौके पर नहीं मिले।

घटना की जानकारी होते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता घेराव कर और विरोध प्रदर्शन करने पहुँचे; उन्होंने भूमाफिया मुर्दाबाद के नारे उठाये और मजदूरों को खदेड़कर भागने पर मजबूर कर दिया। इससे इलाके में आक्रोश और तनाव दिखाई दिया।

पत्रकार मोहम्मद आरिफ खान ने कहा, मेरी और मेरे सहखातेदार की वैध जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमने पुलिस को सूचना दे दी है, अगर जमीन खाली न कराई गई तो मैं तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराऊँगा। हम प्रशासन से अपेक्षा करते हैं कि मड़ियाहूं में भूमाफियाओं को पनपने न दिया जाए। स्थानीय लोग व सामाजिक कार्यकर्ता भी जमीन वापसी व कड़क कार्रवाई की माँग कर रहे हैं।

# दिल्ली आतंकी घटना के विरोध में कांग्रेस ने निकाला कैन्डिल मार्च

जन एक्सप्रेस। बस्ती




दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के सामने हुए बम धमाके में मारे गए आम नागरिकों के दिवंगत आत्मा की शांति और आतंकवाद के खात्मे हेतु गुरूवार की शाम को कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। रोडवेज तिराहा स्थित शहीदे आजम भगत सिंह प्रतिमा के निकट कैन्डिल मार्च संक्षिप्त सभा के साथ सम्पन्न हुआ। कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं आम जनमानस इसमें शामिल हुए। सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि समर्पित किया। इस दौरान भीड़ ने आतंकवाद मुर्दाबाद और आतंकियों को गिरफ्तार करो के नारे लगाए। कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी ने कहा कि कायरतापूर्ण बम कांड का हम लोग घोर निंदा करते हैं। हम सब भारत सरकार से मांग करते हैं कि इस कायरतापूर्ण कार्य करने वालों के खिलाफ जांच कमेटी बैठाते हुए इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। जिससे इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न होने पाए। कहा कि देश की राजधानी दिल्ली के लालकिले के पास आतंकवादियों ने जिस प्रकार से हमले का दुस्साहस किया उसने सुरक्षा तैयारियों की पोल खोल कर रख दिया है। जब राजधानी दिल्ली में ही लोग सुरक्षित नहीं हैं तो बाकी देश तो भगवान भरोसे है। कहा कि यह घटना सुरक्षा ऐजेन्सियों की चूक को भी दर्शाता है। मांग किया कि दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय।

कैन्डिल मार्च में मुख्य रूप से साधु शरण आर्य, रफीक खान, शौकत अली नन्हू, राम बच्चन भारती, डा.वाहिद अली सिद्दीकी, अलीम अख्तर ,विनय तिवारी, गुड्डू सोनकर, राहुल चौधरी,राम धीरज चौधरी, शुभम, दूधनाथ, मनीष, इम्तियाज राईन, आनंद कुमार, लालजी शर्मा, मो अहमद, मो नसीम, अमित श्रीवास्तव, अमय पाठक, विश्वजीत, अनुज पाण्डेय, राकेश पाण्डेय 'गांधियन' के साथ ही कांग्रेस के अनेक नेता, पदाध्किारी और स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

# मांगे जल्द पूर्ण नहीं हुई तो लखनऊ में प्रदर्शन कर देंगे धरना: सुनील यादव

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



यूपी एजुकेशनलक्षमिनिस्ट्रियल ऑफिसर एसोसिएशन के बैनर तले गुरुवार को शिक्षकों ने डायट स्थित प्रशिक्षण संस्थान में अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार आवाज बुलंद किया। यहां उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि 18 सूत्री मांगों को लेकर प्रदेश स्तर पर जो आंदोलन चल रहा है। उसका निराकरण बहुत जल्द से जल्द होना चाहिए। क्योंकि प्रदेश सरकार हर वर्ष शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की मांगों को मानने के नाम पर सिर्फ झूठा आश्वासन देती है। आज तक इस मामले का तनिक भी निस्तारण नहीं किया गया। जिससे प्रदेश के लाखों शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के परिवार का भविष्य अंधकार में डूबा हुआ है।कर्मचारी नेता जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहां कि माध्यमिक शिक्षा विभाग और बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत समूह ग संवर्गीय सहायकों की लंबित प्रकरणों एवं समस्याओं को जल्द निराकरण किया जाय। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में यह अंतिम धरना प्रदर्शन है। अगर हमारी मांगे अब जल्द नहीं पूरी हुई तो हम लोग राजधानी लखनऊ में प्रदर्शन कर धरना देने के लिए बाध्य होंगे। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष विवेक यादव ने मांग किया कि हमारी समस्याओं के निराकरण के लिए अगर कार्रवाई नहीं होगी तो हम सभी कर्मचारी बड़े पैमाने पर आंदोलन करने के लिए विवश होंगे। प्रदर्शन के अंत में मुख्यमंत्री और माध्यमिक शिक्षा मंत्री के नाम संबोधित मांग पत्र जिलाध्यक्ष सुनील यादव की अगुवाई में 18 सूत्री मांगों का ज्ञापन डायट के प्राचार्य विनोद कुमार राय को सौपा गया। जिसे उन्होंने शासन स्तर पर भेजने का भरोसा दिया।इस अवसर पर उपाध्यक्ष रणजीत चौधरी, रमेश प्रजापति, दुर्गा शंकर राय, हेमंत प्रजापति, नवतेज मौर्य, राजेश यादव, चंद्रपाल, अभिषेक कुमार मौजूद रहे।

### डी-14 गैंग का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। थाना कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए डी-14 गैंग के सक्रिय सदस्य ज्ञान प्रकाश निषाद पुत्र स्वर्गीय भरत लाल निवासी जोगियापुर थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर मा. न्यायालय चालान किया। जानकारी के अनुसार, आरोपी अपने आसपास के लोगों को डरा-धमकाकर भय का माहौल बना रहा था। उसके आपराधिक कृत्यों से क्षेत्रीय जनता भयभीत थी और कोई भी व्यक्ति उसके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। आमजन में रोष और असुरक्षा की भावना को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत हिरासत में

# अनुदेशकों को दिया दो दिवसीय कौशल दक्षता संवर्धन प्रशिक्षण



जन एक्सप्रेस। बस्ती

जन शिक्षण संस्थान द्वारा प्रेस क्लब सभागार में दो दिवसीय कौशल दक्षता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ल ने कहा कि केन्द्र और उत्तर प्रदेश की सरकार युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में दक्ष बनाने के लिये अनेक कार्यक्रम संचालित कर रही है। प्रशिक्षण के द्वारा युवा स्वरोजगार के साथ ही नौकरियां हासिल कर रहे हैं। जन शिक्षण संस्थान द्वारा भी तकनीकी शिक्षा लेकर अनेक युवा विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। उन्होने युवाओं का आवाहन किया कि वे तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर परिवार और देश के विकास में योगदान दें। आई.टी.आई. प्रधानाचार्य गोविन्द कुमार ने प्रशिक्षार्थियों के को अनेक तकनीकी जानकारी देते हुये कहा कि अब युवाओं के पास विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त अवसर है। किसी भी क्षेत्र में दक्ष हो जाने के बाद अनेक कम्पनियां, बहुराष्ट्रीय कम्पनियां युवाओं को अवसर दे रही है। अनुदेशकों के कौशल संवर्धन और प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुये जन शिक्षण संस्थान के निदेशक अजय कुमार उपाध्याय, अरूण कुमार शाही ने बताया कि बस्ती, अम्बेडकरनगर के अनुदेशकों ने दो दिवसीय प्रशिक्षण 12 और 13 नवम्बर को प्राप्त किया। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के पर्यवेक्षक मारूति नन्दन, आर.सी.टी. प्रबंधक मृत्युजय कुमार मिश्र ने अनुदेशकों को विभिन्न क्षेत्रों की विस्तार से जानकारी दिया। मुख्य रूप से अभय, रामानन्द नन्हें, सुनील, अरूण, रेनू, अर्चना, चेतन सक्सेना के साथ ही अनुदेशक उपस्थित रहे।

### गन्ना किसान (एस.जी.के.) पोर्टल पर दर्ज उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के रूप में भेजी जाएंगी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे अपने मोबाइल नंबर की जांच अवश्य कर लें। यदि नंबर गलत है या बंद है, तो उसे समिति या गन्ना पर्यवेक्षक के माध्यम से तुरंत अपडेट कराएं, ताकि पर्ची सही समय पर प्राप्त हो सके। अधिकारी ने बताया कि एसएमएस पर्चियों की डिलीवरी 95त्र से अधिक सफल रहती है, लेकिन इसे और बेहतर बनाने के लिए किसानों को अपने मोबाइल का इनबॉक्स खाली रखना, मोबाइल ऑन रखना, चार्ज बनाए रखना और डी.एन.डी. (छ्श् ह्श्ह्ल ष्ठद्बह्यह्लह्वह्म्ड्ढ) सेवा को बंद रखना आवश्यक है। सबसे अच्छा स्मार्टफ़ोन उन्होंने यह भी कहा कि यदि मोबाइल स्विच ऑफ या नेटवर्क क्षेत्र से बाहर रहेगा या इनबॉक्स भरा होगा, तो एसएमएस संदेश 24 घंटे बाद स्वतः डिलीट हो सकता है। इसलिए किसानों से अनुरोध है कि वे नेटवर्क क्षेत्र में रहकर मोबाइल सक्रिय रखें, जिससे उन्हें समय पर एसएमएस पर्ची मिल सके और गन्ने की ताजगी के साथ मिल तक आपूर्ति हो सके। गन्ना विभाग ने कहा कि यह व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी है और इससे किसानों को समय पर जानकारी मिलने से गन्ने की गुणवत्ता व आय दोनों में लाभ होगा।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में बीएलओ को मिली जिलाधिकारी की सीख

## उत्कृष्ट कार्य पर सम्मानित भी हुए अधिकारी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में जनपद के विभिन्न विकास खंडों में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस.आई.आर.)-2025 के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की उपस्थिति में आज खंड विकास कार्यालय सिरकोनी एवं खंड विकास कार्यालय रामनगर में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में बीएलओ और सुपरवाइजर को मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित बीएलओ से गणना प्रपत्र वितरण, बीएलओ ऐप पर फीडिंग कार्य की प्रगति आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिया कि सभी बीएलओ शीघ्रातिशीघ्र शत-प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण कार्य पूर्ण करें, ताकि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में किसी प्रकार का विलंब न हो।

इस दौरान जिलाधिकारी ने सिरकोनी व रामनगर दोनों विकास खंडों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ की सराहना एवं प्रोत्साहन स्वरूप अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया।

रामनगर में बीएलओ सरिता सिंह, आरती सहित अन्य बीएलओ जिन्होंने घर-घर जाकर शत-प्रतिशत गणना प्रपत्र का वितरण किया था, उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। डॉ0 दिनेश चंद्र ने कहा कि बीएलओ लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव हैं, अतः वे ईमानदारी, जिम्मेदारी एवं उत्साह के साथ कार्य करते हुए त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार करने में अपना सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर ईआरओ, एईआरओ, बीडीओ सिरकोनी व रामनगर, सुपरवाइजर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधायक के प्रयास से सड़क निर्माण हेतु 1.1 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत

**मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर रखी थी मांग**



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जफराबाद धर्मापुर विकास खंड क्षेत्र के बिहरोजपुर गांव की वर्षों पुरानी सड़क समस्या अब जल्द ही खत्म होने जा रही है। क्षेत्रीय विधायक जगदीश नारायण राय के प्रयास से इस सड़क के निर्माण हेतु 1 करोड़ 1 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है।

गुरुवार को कबीरुद्दीनपुर गांव स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता के दौरान सुभासपा विधायक श्री राय ने बताया कि बिहरोजपुर गांव के निवासियों द्वारा लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण की मांग उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर की थी, जिस पर सकारात्मक कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय ने पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्माण स्वीकृति के निर्देश दिए।

विधायक ने बताया कि विभाग द्वारा बजट स्वीकृति का पत्र प्राप्त हो चुका है और जल्द ही यादव बस्ती मार्ग का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा स्थानीय विकास को नई दिशा मिलेगी। सड़क निर्माण की स्वीकृति पर क्षेत्र के दिनेश यादव 'फौजी', सुजीत जायसवाल, मेवालाल यादव, सुरेंद्र प्रताप यादव, मस्तु मिश्र, लालबहादुर यादव, अवधेश यादव सहित ग्रामीणों ने विधायक के प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जमीन विवाद में 80 वर्षीय वृद्धा की पीट-पीटकर हत्या, आरोपियों की तलाश में पुलिस की दो टीमें गठित





जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिले के सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के कछोरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक दर्दनाक घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि गांव में उपला बाँटने के विवाद को लेकर कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला मारपीट में बदल गया। इस दौरान 80 वर्षीय केवला देवी को बुरी तरह पीटा गया, जिससे उनकी मौत हो गई।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची सिंगरामऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पुत्र ने 8 लोगों के खिलाफ (बृजेश, राकेश, संजय, अंकित, सुनील, केदारनाथ, विवेक और एक अन्य) थाने में तहरीर दी है जिसके आधार पर पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश के लिए दो टीमें गठित की गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

ग्रामीणों का कहना है कि विवाद लंबे समय से चल रहा था, लेकिन किसी ने इसकी गंभीरता पर ध्यान नहीं दिया।

# सड़क हादसे में युवक की गयी जान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



मड़ियाहूं स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बड़ेरी में पिकअप और डीजे की टक्कर में डॉक्टर सोनकर 28 वर्ष पुत्र स्व बसंता सोनकर की मौके पर मौत हो गयी। बताया गया कि डाक्टर सोनकर रामनगर रेलवे स्टेशन के पास का निवासी है जो मेहनत मजदूरी करके अपना व परिवार का पेट पालता था। घर वालों ने बताया कि वह पिकअप से पत्थर उतराने मछलीशहर गया था। वापस घर आते समय रास्ते में रात करीब 11.30 बजे बड़ेरी के समीप पुरानी जीप लगे पर लगे डीजे, जो मड़ियाहूं से मछलीशहर जा रहा था, की टक्कर में डाक्टर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना होने के बाद डीजे वाले डीजे पर जो मोबाइल नम्बर लिखा था, मिटाकर भाग गये। वहीं जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण हेतु भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिसिया कार्यवाही चल रही थी।

### पति,सास ससुर सहित नौ लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन जमुनियां गांव में एक लाख रूपए दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को मारपीट कर घायल करने तथा उसे घर से भगा देने के आरोपित पति, सास ससुर और ननद सहित परिवार के नौ लोगों के खिलाफ पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर लिया है। यह कार्रवाई विवाहिता के द्वारा दी गई नामजद तहरीर पर की गई है।

गांव निवासी साधना पत्नी अजीत ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका विवाह एक वर्ष पूर्व अजीत के साथ हुआ था। साधना का मायका सुइथाखर्द गांव में है। उसके माता पिता का पहले ही निधन हो चुका है। आरोप लगाया है कि उसके भाई ने सामर्थ्य के अनुसार विवाह में दान स्वरूप नकदी व गृहस्थी का सामान देकर हंसी खुशी के माहौल में उसे बिदा किया था।

# शादी से लौट रहे युवक और महिला समेत तीन लोगों की मौत

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

यातायात माह में भी सड़क हादसों में कमी नहीं आ रही है। कटरा, अहरौरा और अदलहाट थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में महिला समेत तीन की मौत हो गई। वहीं, हादसे में तीन लोग घायल हो गए। इसमें एक की हालत गंभीर है। कटरा के मुकेरी बाजार में बुधवार की देर रात एक बाइक खड़े ट्रक में जा टकराई। हादसे में बाइक सवार मामा सत्य प्रकाश की मौत हो गई। भांजा मंजीत कुमार घायल हो गया। अहरौरा थाना क्षेत्र के बाराडीह कुदारन के पास दो बाइक की टक्कर में सिद्धांत गौतम की मौत हो गई। दूसरा बाइक सवार भाग गया। अदलहाट थाना क्षेत्र के बाराडीह मजार के पास टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार रेनू गुप्ता की मौत हो गई। उसके दो भाई घायल हो गए। महुवरिया मोहल्ला निवासी सत्य प्रकाश (23) भांजे मंजीत कुमार (22) के साथ बाइक से दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए वाराणसी गया था। बुधवार की देर रात वाराणसी से लौटते समय कटरा के मुकेरी बाजार के पास बाइक सवार खड़े ट्रक में जा टकरा गए। हादसे में दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को मंडलीय अस्पताल लेकर आई। जहां डॉक्टरों ने सत्य प्रकाश को मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाइयों में छोटा था। बड़े भाई प्रभाकर इस समय लखनऊ में डॉक्टर है। कटरा कोतवाल वैद्यनाथ सिंह ने बताया कि ट्रक में टकराने से बाइक सवार की मौत हो गई। अहरौरा- गाजीपुर के सादियाबाद क्षेत्र के बरईपारा गांव निवासी सिद्धांत गौतम (26) परिवार के साथ अहरौरा में रहते थे। पिता उदईराम अहरौरा सीएचसी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। इस समय चंदौली के बरैनी पीएचसी में तैनात हैं। सिद्धांत गौतम एक निजी फाइनेंस कंपनी में काम करता था। प्रतिदिन वह रात को वह काम से घर लौटता था। बुधवार की देर रात वह बाइक से घर लौट रहा था। अहरौरा के बाराडीह कुदारन के पास सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। हादसे में सिद्धांत घायल हो गए। उनको पीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने सिद्धांत को मृत घोषित कर दिया। पिता उदईराम ने बताया कि जिस बाइक ने टक्कर मारा है। उसका नंबर प्लेट गलत है। अहरौरा थानाध्यक्ष सदानंद सिंह ने बताया कि बाइक की टक्कर से दूसरे बाइक सवार की मौत हो गई। वहीं, चंदौली के अलीनगर के मन्नापुर पड़ाव निवासी रेनू गुप्ता (35) पांच साल से अदलहाट के समदपुर गांव स्थित अपने मायके में रह रहीं थीं। बृहस्पतिवार की सुबह नौ बजे मायके समदपुर से भाई विजेंदर गुप्ता (33) के साथ छोटे भाई छोटू (12) का इलाज कराने के लिए बीएचयू बाइक से जा रहीं थीं।

# सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 140 जोड़ों का विवाह सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




जनपद के विमला देवी ब्रज मोहन इंटर कॉलेज, सराय प्रयाग, तालग्राम में आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य सामूहिक विवाह समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक छिबरामऊ अर्चना पांडेय तथा जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की गरिमामयी उपस्थिति में कुल 140 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ, जिनमें 09 जोड़े मुस्लिम समुदाय से थे। इस अवसर पर विधायक अर्चना पांडेय ने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद व शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समाज के सभी वर्गों को सम्मानपूर्वक विवाह सम्पन्न करने का अवसर प्रदान करती है। यह योजना न केवल सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करती है बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी बड़ी सहायता प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि जनपद कन्नौज में इस योजना की प्रगति संतोषजनक है, जो यह दर्शाती है कि लोगों ने इसे सकारात्मक भाव से स्वीकार किया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सभी वर-वधुओं को वैवाहिक जीवन की हार्दिक शुभकामनाएँ और आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान की दिशा में एक सशक्त कदम है। यह केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि सामाजिक समानता और सम्मान का प्रतीक है। प्रशासन का उद्देश्य है कि कोई भी बेटी आर्थिक अभाव के कारण विवाह से वंचित न रहे। शासन की मंशा के अनुरूप योजना का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता और गरिमा के साथ किया जा रहा है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रति जोड़े पर कुल 1,00,000/- की धनराशि व्यय की जाती है, जिसमें से 60,000/- कन्या के खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं। शेष धनराशि में 25,000/- की उपहार सामग्री (वर-वधू हेतु वस्त्र, चांदी की पायल-बिछिया, स्टील डिनर सेट, प्रेशर कुकर, ट्रॉली बैग, वैनिटी किट, दीवार घड़ी, सीलिंग फैन, कूलकेज, आयरन प्रेस, गद्दे आदि) तथा 15,000/- विवाह आयोजन में व्यय किए जाते हैं। समारोह में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, ब्लॉक प्रमुख, खंड विकास अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं वर-वधू के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## लंबित भुगतान को लेकर आशाओं का प्रदर्शन दिल्ली जंतर मंतर पर जाने की घोषणा

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज। लंबित भुगतान न होने से नाराज आशा बहुओं ने गुरुवार को सीएचसी में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने 17 नवम्बर को दिल्ली के जंतर मंतर पर होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने की घोषणा की। विकास खंड की आशा बहुओं ने 30 अक्टूबर को सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार को ज्ञापन देकर बकाया भुगतान दिलाने की मांग की थी। मगर भुगतान न होने पर उन्होंने 1 नवम्बर से कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी। समिति की अध्यक्ष उमा देवी ने बताया कि ज्ञापन देने के बावजूद भुगतान नहीं हुआ, इसलिए आशाओं की हड़ताल लगातार जारी है। अब 17 नवम्बर को आशाएं दिल्ली जाकर अपना विरोध दर्ज कराएंगी। प्रदर्शन में आशा बहू रानी शुक्ला, संजू साहू, संगीता सिंह, चंपा, मनोरमा, मधु, रामकुमारी, संगीता और ममता सहित करीब आधा सैकड़ा आशा बहुएं मौजूद रहीं।



# विस्तारित उज्ज्वला योजना के लिए जनपद स्तरीय समिति की बैठक हुई

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के विस्तारित चरण के तहत गठित जनपद स्तरीय उज्ज्वला योजना समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी और जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार तक स्वच्छ ईंधन की सुविधा पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि योजना के नवीन चरण के अंतर्गत जनपद कन्नौज में जिला स्तरीय उज्ज्वला समिति का गठन किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे। ऐसे पात्र परिवार जो अभी तक योजना का लाभ नहीं प्राप्त कर सके हैं, वे अपने निकटतम गैस एजेंसी पर आवेदन प्रपत्र भरकर जमा करें। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि पात्रता के सत्यापन में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने कहा कि लाभार्थी आवेदन के साथ राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों के आधार कार्ड की प्रति तथा बैंक खाते की प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें। प्राप्त आवेदनों का सत्यापन ग्रामीण क्षेत्रों में तहसीलदार, नगरीय क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, तथा वाहन संबंधी जांच के लिए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना के निर्धारित मानकों के अनुरूप ही पात्र लाभार्थियों का चयन किया जाए। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, महामंत्री शैलेन्द्र द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष विपिन द्विवेदी, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्रा सहित गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका, 2 की दर्दनाक मौत, तीन घायल





जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

गुरुवार की दोपहर थाना टिकैतनगर के ग्राम सरांय बरई में स्थित पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ। धमाके में दो व्यक्तियों की दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि तीन गम्भीर रुप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय, जिलाधिकारी शषांक त्रिपाठी सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच पड़ताल शुरु की। घटना के बाद से क्षेत्र में दहषत का माहौल व्याप्त हो गया है। पटाखा फैक्ट्री गांव की आबादी से करीब 500 मीटर दूर खेत में थी। जिसमें पटाखा स्टोर कर रखे हुए थे। यहां पर गुरुवार को मजदूर काम कर रहे थे और आतिशबाजी के सामान बनाए जा रहे थे। तभी जोरदार विस्फोट हुआ है। धमाका इतना तेज था कि गांव तक इसकी गूंज सुनाई दी और लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। विस्फोट के बाद करीब सवा घंटे तक लगातार धमाके होते रहे। भीषण हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में जनपद अयोध्या के तहसील रुदौली के ग्राम हयातनगर निवासी खुर्षीद(45) पुत्र सरताज और ईष्वरलाल पुत्र हौसला की चिथड़े उड़ गये। दोनों के क्षतविक्षत शवों के अवशेष दूर-दूर तक बिखर गए। इसके अलावा लाइसेंसी खालिद, उसके दो भाइयों सहित कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनमें दो की हालत नाजुक होने पर उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। फैक्ट्री लाइसेंसधारी खालिद पुत्र ताहिर,



मूल निवासी रुदौली (अयोध्या) हयातनगर का है, जिसे सरांय बरई में पटाखा निर्माण का लाइसेंस प्राप्त है। फैक्ट्री गांव से बाहर खेतों के बीच स्थित है। लाइसेंस के अनुसार इसकी क्षमता 15 किलो बारूद से पटाखा तैयार करने की है।

गुरुवार को यहां आतिशबाजी निर्माण का कार्य चल रहा था कि अचानक पहला विस्फोट हो गया। धमाका अत्यधिक भीषण होने के कारण आसपास के लोग करीब जाने का साहस नहीं जुटा पा रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस व दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। मलबे में दबे हुए थाना टिकैतनगर के ग्राम खमौली निवासी शमुशुद्दीन, निर्मल कुमार और सलमान को स्थानीय नागरिकों ने बाहर निकालकर अस्पताल भेजा। धमाके की सूचना मिलने के बाद मौके पर आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार, एसपी अर्पित विजय वर्गीय, डीएम शषांक त्रिपाठी सहित अन्य उच्चाधिकारियों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों के बयान लिए। इस सम्बन्ध में अधिकारियों का कहना है कि धमाके की असली वजह क्या है इसका पता लगाया जा रहा है। वैसे इस घटना के बाद सराय बरई गांव के ग्रामीणों में दहषत का माहौल व्याप्त है।

# राजमार्ग पर अचेत अवस्था में मिले चालक की मौत

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ कानपुर हाईवे पर एक ढाबे के किनारे बृहस्पतिवार सुबह ट्रक के पास ग्रामीणों ने अधेड़ को अचेत अवस्था में पड़े देखा तो एंबुलेंस से सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। संत कबीर नगर जिले के थाना दुधारा के गुड़डीहा खुर्द निवासी उमर (55) पुत्र मो खलील मुम्बई के एक ट्रांसपोर्ट का ट्रक चालक था। वह कोलकाता से गाड़ी खाली करके मुंबई के लिये लौट रहा था लेकिन लखनऊ व कानपुर में भाड़ा न मिलने के कारण अजगैन के पास बिचपरी गांव के एक ढाबे पर चार दिन से रुका था। बृहस्पतिवार को सुबह वह ट्रक के पास ग्रामीणों को अचेत अवस्था में पड़ा मिला था। जिसे एम्बुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पति की मौत की सूचना पर पत्नी नासीर खातून व 4 बेटे और 3 बेटियां बेहाल हैं। कंपनी के मैनेजर दुर्गा प्रसाद गौड़ ने बताया कि 18 अक्टूबर को कार्टून के डिब्बे लादकर कोलकाता गया था। वहीं से लौट रहा था लेकिन लखनऊ व कानपुर से कोई भाड़ा नही मिल पा रहा था। इसीलिए वह अजगैन के पास एक ढाबे पर चार दिन से रुका था। बुधवार को तबियत खराब होने की बात बताई थी तो कंपनी के दूसरे चालक के हाथ दवा भी भेजी थी। और उससे किसी डॉक्टर को दिखा लेने के लिए कहा गया था तो उसने आराम करने की बात कही थी।सुबह मौत की सुचना मिली है। मृतक के परिजन भी निकल चुके हैं। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया मृतक गाड़ी खाली करके मुंबई वापस जा रहा था। बृहस्पतिवार को सुबह वह अचेत मिला था जिसे सीएचसी में मृत बताया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## वकीलों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, 500 से अधिक के स्टांप बहाली की मांग

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के बैनर तले दर्जनों अधिवक्ताओं ने गुरुवार को छह सूत्री मांगों जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमे नवाबगंज स्थित रजिस्ट्री ऑफिस में स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय से 500 रूपये से अधिक मूल्य के स्टांप की बहाली की मांग की गई। क्योंकि पहले इस कार्यालय से लाखों रुपए तक के स्टांप उपलब्ध होते थे। मगर यह घटना 13 नवंबर 2025 प्रभावित है। अधिवक्ताओं का कहना है कि वर्तमान में पांच सौ रुपए से अधिक मूल्य के स्टांप उपलब्ध नहीं हैं। जिससे आम जनता और वकीलों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि पूर्व की भांति लाखों रुपए तक के स्टांप की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में संस्था के महामंत्री मोहम्मद रईस कादरी एडवोकेट सहित सतीश यादव, अशोक द्विवेदी, शिवराज, सुनीत सिंहा, बृजेश वर्मा, गुफरान, अंशु यादव, योगेंद्र यादव, बृजेश यादव, अनवर उल हशमत, जफर इदरीसी, हिमालय जायसवाल, मोहम्मद इशराक, चंद्रकेश चैहान, निजामुद्दीन, गजेंद्र सिंह, फहद, और मोहम्मद रजा थे।

# एक्सप्रेस खबरें...

## इण्टर कॉलेज में लगी विज्ञान प्रदर्षनी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। गुरुवार को विकास खण्ड देवा की ग्राम पंचायत बरेठी में स्थित महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्षनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ खण्ड षिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ ने किया। विद्यार्थियों ने भौतिकी, जीवविज्ञान, पर्यावरण विज्ञान और इंजीनियरिंग के विभिन्न विषयों पर कुल 27 मॉडल चंद्रयान-3, एंटी-ग्रैविटी मॉडल, होलोग्राम, पेरिस्कोप, पेंडुलम, हाइड्रोलिक प्रेशर, एस्केलेटर, होम लिफ्ट, स्मार्ट रोड, कार्बन वाटर प्यूरीफिकेशन, ड्रिप इरिगेशन, सोलर सिस्टम, शारीरिक तंत्रों के मॉडलों सहित कई वैज्ञानिक और पर्यावरणीय मॉडल शामिल थे। इस मौके पर आगन्तुकों ने प्रदर्शनी में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों की मेहनत, रचनात्मकता और वैज्ञानिक समझ की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वलभविष्य की कामना की। इस मौके पर मुख्या अतिथि ने कहा कि ऐसे संरचनात्मक कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थियों में आधुनिकसोच व वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने में मील का पत्थर साबित होगा, एवं आधुनिक शिक्षा व नवाचार में मददगार साबित होगा। विद्यालय प्रबन्धक योगेंद्र बहादुर सिंह सफल आयोजन पर खुशी का इजहार करते हुए प्रतिभागियों एवं उनके सहयोगी एवं शिक्षकबन्धुओं व आगन्तुकों का हृदय से आभार व्यक्त किये। इस मौके पर पुरुषोत्तम दास, प्रधानाध्यापक यूपीएस धौरमऊ सीबी सिंह, वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. विवेक सिंह वर्मा, भाजपा नेता पंकज गुप्ता, शिक्षाविद आई के वर्मा आदि मौजूद रहे।

## ई-रिक्षा ने किसान को मारी टक्कर, मौत

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। साइकिल से बड्डूपुर गेहूं बीज लेने आए किसान को ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल किसान को लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ई-रिक्शा चालक को हिरासत में लिया है। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के शंभू दयाल 65 वर्ष खेती बाडी करते थे। गुरुवार दोपहर घर से गेहूं के बीज लेने के लिए बड्डूपुर चैराहे पर आए थे। जहां बीज लेकर घर लौट रहे थे। चैराहे पर सड़क पार करते समय ई-रिक्शा चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे शंभू दयाल सिर के बल गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी पर परिवारजन आनन-फानन कर उन्हें लखनऊ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर मौके से भाग रहे ई-रिक्शा चालक को ग्रामीणों ने दौड़ा कर पकड़ लिया। जिसे पुलिस को सौंप दिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि घायल को अस्पताल में इलाज कराया गया था। मौत की जानकारी नहीं है।

## आज होगी कांती महाविद्यालय में मैराथन प्रतियोगिता

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। बाल दिवस के अवसर पर 14 नवम्बर दिन शुक्रवार को ब्लॉक सूरतगंज इलाके के कांती महाविद्याल अमराई गांव भुण्ड रानीगंज में मैराथन रेस फेज 02 कार्यकम का आयोजन किया जा रहा है। कॉलेज के एडमिन व रजिस्ट्रार सौरभ मिश्रा ने बताया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्नातक एमएलसी अवनीश सिंह पटेल,ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रामनगर की उप जिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल होंगी। प्रतियोगिता में क्षेत्र के अनेकों इंटर कालेज के छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। जिसमें कॉलेजों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य भी मौजूद रहेंगे।

## राजस्व न्यायालयों के मामलों को चिन्हित कर, करें निस्तारण- एडीजे

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर गुरुवार को जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव के निर्देषन में एडीआर भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एडीजे श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने की। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा अवगत कराया गया कि न्याय चला निर्धन से मिलने के सपना को साकार करने के लिए गांवों में एवं दूरदराज स्थित लोगों को जागरूक करने के लिए जनपद न्यायाधीश की मंशा से इस राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार करने एवं अधिक से अधिक राजस्व न्यायालयों के मामलों को चिन्हित कर उनका निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। बैठक में विधिक सेवा दिवस के अन्तर्गत सभी तहसील विधिक सेवा समितियों पर विधिक सेवाओं की जानकारी वाले बैनर स्थापित करने के लिए बैनर दिये गये एवं सभी तहसील पर स्कूल, कालेज के छात्र छात्राओं के माध्यम से विधिक जागरूकता एवं लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु प्रचार रैली निकालने के निर्देश भी दिये।

## पैरेंटस काउंसलिंग का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार समेकित शिक्षा के एनवायरनमेंट बिल्डिंग कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के उन्मुखीकरण हेतु विकासखंड निंदूरा के कंपोजिट विद्यालय घुंघटेर में खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा संगर और जिला समन्वयक सुधा जयसवाल के निर्देशन में पैरेंटस काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें विकासखंड के 54 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। पैरेंटस काउंसलिंग में दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र की उपयोगिता एवं लाभ, स्कॉर्ट अलाउंस, स्टाइपेंड, मेजरमेंट कैंप मेडिकल एसेसमेंट कैंप आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की गई द्य साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा दिव्यांग बच्चों की विद्यालय में प्रतिदिन उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु सभी अभिभावकों की काउंसलिंग की गई। दिव्यांग बच्चों के समस्याओं एवं उनके निराकरण के लिए हर समय उपलब्धता और सहयोग की बात भी कहीं गई। इस मौके पर कंपोजिट विद्यालय घुंघटेर की प्रधानाध्यापिका नीलिमा और शिक्षक संकुल सुरेन्द्र कुमार के द्वारा समावेशी शिक्षा के बारे विद्यालय में नामांकन पर चर्चा की गई। स्पेशल एजुकेटर गीता कनौजिया के द्वारा बच्चों को दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की सुविधाओं व दिव्यांगता के बारे में एवं सरस्वती कुशवाहा द्वारा दिव्यांगता के प्रकार एवं उनके निराकरण के बारे में चर्चा की गई

**जिम्मेदार अधिकारियों की मेहरबानी क्यों?**

# महिला शक्ति और गौसंवर्धन से आत्मनिर्भरता के कारण आगे बढ़ रहा है प्रदेश : धर्मपाल सिंह

■ गोवंश संरक्षण, दुग्ध उत्पादन व गोबर प्रोडक्ट से किसानों की आय दोगुनी करने का आह्वान

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि ÷गोवंश हमारी संस्कृति का आधार हैं और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत कड़ी भी।÷ उन्होंने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कहा कि राज्य सरकार गोवंश संरक्षण, दुग्ध उत्पादन वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह गाय के गोबर से विभिन्न उत्पाद बनाकर अपनी आय बढ़ाएं। गोबर से जैविक खाद तैयार कर खेतों में प्रयोग किया जा सकता है, जिससे फसल की उत्पादकता बढ़ेगी और रासायनिक खादों पर निर्भरता घटेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक जनपद में गोबर आधारित उत्पाद निर्माण की योजना तैयार कर उसे मिशन मोड में लागू किया जाए। मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गोवंश संरक्षण कार्य में संवेदनशीलता सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज, ग्राम विकास, राजस्व और नगर निकाय विभागों से समन्वय बनाकर हरा चारा, भूसा, टीनशेड, विद्युत आपूर्ति, पेयजल और सर्दी से बचाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मंत्री ने कहा कि किसानों को खेती के साथ-साथ पशुपालन भी अपनाना चाहिए। चारागाह भूमि पर हरा चारा लगाकर गोवंश के लिए चारे की निरंतर आपूर्ति हो सकती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत अधिक से अधिक गोवंश सुपुर्दगी में दिया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो रही है। इससे न केवल किसानों की आमदनी बढ़ी है बल्कि ग्रामीण महिलाओं को भी रोजगार मिला है। मंत्री ने चेतावनी दी कि गोवंश देखभाल में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### प्रेसवार्ता में बोले धर्मपाल

पत्रकारों से वार्ता करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रदेश अब आत्मनिर्भर बन चुका है। उन्होंने बताया कि 2017 से पहले यूपी में अंडे बाहर से मंगवाने पड़ते थे, परंतु अब प्रदेश में ही दो करोड़ अंडों का उत्पादन हो रहा है। इसी तरह निराश्रित गोवंश संरक्षण के लिए राज्य में 500 मोबाइल वैन संचालित हैं कृ प्रत्येक एक लाख गोवंश पर एक वैन तैनात है, जो एक घंटे के भीतर राहत पहुंचाती है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, प्रशिक्षु आईएएस तेजस के, अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अतुल कुमार अवस्थी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### गोसंरक्षण केंद्र व फार्म का किया निरीक्षण'

समीक्षा बैठक के बाद मंत्री धर्मपाल सिंह ने शहर से सटे बंकी स्थित बृहद गोसंरक्षण केंद्र नेबलेट का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने गायों को गुड़-चना खिलाया और निर्देश दिए कि कमजोर पशुओं को पौष्टिक आहार व हरा चारा उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने पशु आहार स्टॉक व वर्मी कंपोस्ट खाद निर्माण का भी अवलोकन किया तथा अधिकारियों से केंद्र में छायादार वृक्ष लगाने और मृत गोवंश की सही तरीके से दफन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद मंत्री ने चक गंजरिया फार्म का निरीक्षण किया, जहां 982 पशु संरक्षित है जिसमें 141 दुधारू गाये है। उन्हें बताया गया कि फार्म से प्रतिदिन 650 लीटर दूध का उत्पादन होता है जिसे टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से बेचा जाता है। मंत्री ने स्टॉक रजिस्टर, दूध उत्पादन रजिस्टर व कृत्रिम गर्भाधान लैब का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने बर्ड हाउस का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जब मंत्री ने अधिकारियों से मानक के अनुरूप पशु आहार की मात्रा के बारे में पूछा तो संबंधित अधिकारी सही आंकड़े नहीं बता सके। इस पर मंत्री ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि पशुओं को आहार मानक के अनुरूप ही दिया जाए।

# महादेवा महोत्सव में बेहतर हो सफाई व्यवस्था : गुजिता अग्रवाल

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

रामनगर। महादेवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर संयुक्त मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल ने तहसील सभागार में संबंधित विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों के साथ बैठक कर पेयजल साफ सफाई प्रकाश सुरक्षा स्वास्थ्य सहित सभी व्यवस्थाओं को ससमय दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिए। बृहस्पतिवार को तहसील सभागार में आयोजित बैठक में मेला सचिव ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल ने बीडीओ रामनगर जितेंद्र कुमार सूरतगंज देवेंद्र सिंह व अधिशासी अधिकारी अशोक कुमार खरवार को निर्देशित करते हुए कहा कि मेले में साफ सफाई व्यवस्था में कोई कमी ना रह जाए अभरन सरोवर आदि की सफाई समय से करवाए। अधिशासी अभियंता विद्युत से प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मेले की विद्युत सप्लाई के लिए अलग से ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कराने को कहा। लोक निर्माण विभाग सहायक अभियंता अजीत पटेल से कहा कि सभी मार्गों को दुरुस्त कराए तथा पड़े हुए मलबे को भी हटाए। सीएचसी अधीक्षक प्रणव कुमार श्रीवास्तव से महोत्सव में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा। नलकूप विभाग से मेले के समीप लगे नलकूप को दुरुस्त रखने तथा पानी की टंकी में पेयजल की अपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अशोक खरवार से कहा कि अस्थाई शौचालय मोबाइल टॉयलेट पानी के टैंक की व्यवस्था स समय कराई जाए। थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरे से मेले की निगरानी करने को कहा। जिला पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मार्ग व मेला परिसर की प्रकाश व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने महोत्सव के प्रचार प्रसार हेतु खंड शिक्षा अधिकारी सूरतगंज व रामनगर से कहा कि विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों को महोत्सव में भागीदारी करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में मौजूद संबंधित अधिकारियों से कहा कि सभी लोग हर स्तर से सहयोग करके महोत्सव को यादगार बनाए। इस मौके पर तहसीलदार विपुल कुमार सिंह नायक तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता नितिन, सहायक पर्यटन अधिकारी मनीष चैधरी, आबकारी इंस्पेक्टर उमाशंकर चैधरी सहित भारी संख्या में संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# मृतक प्रसूता के परिजनों के हंगामें के बाद पर प्रशासन ने की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

रामनगर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे कटियारा में चल रहे ग्रीन हॉस्पिटल में बुधवार को हुई प्रसूता की मौत को लेकर परिजनों ने काफी हंगामा किया। मृतक प्रसूता लक्ष्मी के शव को पीएम के लिए भेजा गया। मृतक का शव रजनापुर मजरे गोबरहा वापस आने के बाद परिजन ग्रीन अस्पताल के संचालक व डॉक्टर पर मुकदमा दर्ज किए जाने व अस्पताल को सील किए जाने की मांग कर हंगामा किया, जिस पर ग्राम रजनापुर में भारी पुलिस बल तैनात की गई। नजाकत को भांपते हुए रामनगर तहसीलदार विपुल कुमार सिंह ने पहुंचकर परिजनों को समझाने का प्रयास किया। ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी, रामनगर प्रभारी निरीक्षक अनिल पांडे ने भी परिजनों को कार्रवाई किए जाने का आष्वासन दिया किंतु परिजन नहीं माने। प्रशासन द्वारा ग्रीन अस्पताल को सीज करने व संचालक तथा डॉक्टर पर मुकदमा दर्ज करने के बाद मृतक प्रसूता लक्ष्मी का दाह संस्कार किया गया। बताते चले कि कटियारा स्थित ग्रीन हॉस्पिटल का ऐसे विवादों से पुराना नाता रहा है।

# निर्यात को बढ़ावा देने के फैसले से बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा: पीएम मोदी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार के ताजा कैबिनेट फैसले भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूत करेंगे और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में निर्यात प्रोत्साहन मिशन और निर्यातकों के लिए ऋण गारंटी योजना को मंजूरी दी गई।



### मेड इन इंडिया की पहचान को और सशक्त : पीएम

इसके अलावा, मंत्रिमंडल ने ग्रेफाइट, सीजियम, रुबिडियम और जिरकोनियम जैसे खनिजों की रॉयल्टी दरों को तर्कसंगत करने का भी फैसला लिया है। ये सभी खनिज हरित ऊर्जा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, %यह निर्णय स्थिरता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगा। इससे आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इन फैसलों से सरकार का लक्ष्य है कि भारत न केवल अपने उत्पादों के निर्यात को बढ़ाए बल्कि वैश्विक बाजार में मेड इन इंडिया की पहचान को और सशक्त बनाए।

### अमित शाह ने बताया ऐतिहासिक कदम

इधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को निर्यातकों के लिए 45,000 करोड़ की दो नई योजनाओं को मंजूरी देने के लिए केंद्र सरकार की सराहना की। इन योजनाओं का उद्देश्य अमेरिका में बढ़े शुल्कों से प्रभावित भारतीय निर्यातकों को राहत देना है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने 25,060 करोड़ के एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन को मंजूरी दी है, जो भारतीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाएगा। इसके साथ ही, 20,000 करोड़ के क्रेडिट गारंटी स्कीम फॉर एक्सपोर्टर्स (सीजीएसई) के तहत बिना गारंटी के ऋण की सुविधा मिलेगी। केंद्रीय गृह नमत्री ने कहा कि यह कदम एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त करेगा और भारत को 1 ट्रिलियन डॉलर निर्यात लक्ष्य की ओर ले जाएगा। ये फैसले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में लिए गए।

### मेड इन इंडिया की गूंज पूरी दुनिया में और तेजी से सुनाई दे : पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सुनिश्चित कर रहे हैं कि मेड इन इंडिया की गूंज पूरी दुनिया में और तेजी से सुनाई दे! कैबिनेट ने निर्यात प्रोत्साहन मिशन को मंजूरी दी है, जो भारत के निर्यात को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगा, एमएसएमई, नए और श्रम-प्रधान क्षेत्रों को मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि यह मिशन सभी संबंधित पक्षों को एक मंच पर लाएगा और परिणाम-आधारित तथा प्रभावी तंत्र तैयार करेगा। पीएम मोदी ने आगे कहा कि निर्यातकों के लिए ऋण गारंटी योजना से व्यवसाय सुचारू रूप से चल सकेगा, विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और आत्मनिर्भर भारत के सपने को गति मिलेगी।

# कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मुकुल रॉय की विधानसभा सदस्यता रद्द की

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को दलबदल विरोधी कानून के तहत टीएमसी के वरिष्ठ नेता मुकुल रॉय की विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी। मुकुल रॉय मई 2021 में भाजपा के टिकट पर सदन के लिए चुने गए थे, लेकिन उसी साल अगस्त में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की मौजूदगी में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए।



### भाजपा नेताओं की अपील पर सुनाया फैसला

जस्टिस देबांगसु बसाक की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी और भाजपा विधायक अंबिका रॉय की याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए रॉय को राज्य विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया। अधिकारी ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी के उस फैसले को चुनौती दी थी जिसमें रॉय को दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य ठहराने की उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि भाजपा के टिकट पर चुने जाने के बाद वह सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

### शुभेंदु अधिकारी ने फैसले पर कहा, सत्य की जीत हुई

हाईकोर्ट के फैसले के बाद विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ऐतिहासिक फैसला है। यह वही याचिका है जो मैंने विपक्ष के नेता की हैसियत से दायर की थी। माननीय अदालत ने मुकुल रॉय को अयोग्य ठहराते हुए स्पीकर द्वारा दिए गए पक्षपाती आदेश को भी रद्द कर दिया है। भले ही देर लगे, लेकिन सत्य की ही जीत होती है। संविधान और दसवीं अनुसूची की मर्यादा को बचाते हुए अदालत ने दलबदल मामलों में स्पीकर की पक्षधरता को स्पष्ट कर दिया है। मैं इस ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करता हूं।

# राष्ट्रीय उद्यानों-अभयारण्यों के 1 किमी के दायरे में खनन पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाया प्रतिबंध

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों की सीमाओं से एक किलोमीटर के दायरे में सभी खनन गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि ऐसी गतिविधियां जंगल में रहने वाले जीवों के लिए हानिकारक हैं। चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच झारखंड के सरंडा वन्यजीव अभयारण्य (एसडब्ल्यूएल) और ससांगदाबुरू संरक्षण रिजर्व (एससीआर) से जुड़े मुद्दों पर सुनवाई कर रही थी। जजों ने कहा, इस



न्यायालय का यह लगातार मत रहा है कि संरक्षित क्षेत्रों से एक किलोमीटर की दूरी के भीतर खनन गतिविधियां वन्यजीवों के लिए खतरनाक होंगी। गोवा फाउंडेशन मामले में ऐसे निर्देश गोवा राज्य के लिए दिए गए थे, लेकिन हम पाते हैं कि अब ऐसे निर्देश पूरे देश में लागू किए जाने चाहिए। कोर्ट ने आदेश दिया कि अब राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों के अंदर और उनकी सीमा से एक किलोमीटर के दायरे में खनन की अनुमति नहीं दी जाएगी। शीर्ष अदालत ने झारखंड सरकार को निर्देश दिया कि संबंधित क्षेत्र को वन्यजीव अभयारण्य के रूप में अधिसूचित किया जाए। साथ ही स्पष्ट किया कि क्षेत्र में आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा वन अधिकार अधिनियम के तहत की जानी चाहिए। इसके साथ ही राज्य सरकार को इस संबंध में व्यापक रूप से जनजागरूकता कार्यक्रम शुरू करने का निर्देश दिया गया। इससे पहले, बेंच ने झारखंड सरकार से सरंडा क्षेत्र को आरक्षित वन घोषित करने पर निर्णय लेने के लिए कहा था। मामला पश्चिम सिंहभूम जिले के सरंडा और ससांगदाबुरू के पारिस्थितिक रूप से समृद्ध वन क्षेत्रों को क्रमशः वन्यजीव अभयारण्य और संरक्षित रिजर्व घोषित करने के लंबित प्रस्ताव से जुड़ा था। राज्य सरकार ने अपने हलफनामे में कहा था कि उसने 31,468.25 हेक्टेयर के मूल प्रस्ताव की तुलना में अब 57,519.41 हेक्टेयर क्षेत्र को वन्यजीव अभयारण्य घोषित करने का प्रस्ताव रखा है।

# छत्तीसगढ़ शराब घोटाला: ईडी ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे की 61.20 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की चल रही जांच के तहत बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क कर ली है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है। ईडी के अनुसार, कुर्क की गई संपत्तियों में 59.96 करोड़ मूल्य की 364 आवासीय भूखंडों और कृषि भूमि के रूप में अचल संपत्तियां शामिल हैं। इसके अलावा, 1.24 करोड़ की चल संपत्तियां बैंक बैलेंस और सावधि जमा के रूप में पाई गई हैं। यह कदम छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामलों की जांच के दौरान उठाया गया है। ईडी की कार्रवाई से राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। 1.24 करोड़ रुपये मूल्य की बैंक बैलेंस और सावधि जमा के रूप में चल संपत्तियां। अनुसूचित अपराधों के माध्यम से अर्जित 2500 करोड़ रुपये की अपराध आय (पीओसी)।

# राजभवन गेट के बाहर पेट्रोल हमले के आरोपी को एनआईए अदालत ने सुनाई सजा, 10 साल की सख्त जेल और जुर्माना

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने राजभवन गेट के बाहर पेट्रोल बम फेंकने के मामले में आरोपी करुक्का विनोद को 10 साल की कठोर कैद की सजा सुनाई है। यह घटना 25 अक्तूबर 2023 की है, जब आरोपी ने राजभवन के गेट नंबर 1 के पास दो पेट्रोल बम फेंके थे। यह वही गेट है जिससे राज्यपाल और अन्य गणमान्य व्यक्ति अंदर-बाहर आते हैं। बम वहीं फटे, लेकिन किसी के घायल होने की खबर नहीं थी।



### जनवरी 2024 में एनआई ने दायर की चार्जशीट

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने जनवरी 2024 में आरोपी के खिलाफ 680 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। मुकदमे के दौरान एनआईए के विशेष लोक अभियोजक एन. भास्करन ने अदालत से कहा कि विनोद ने जानबूझकर ऐसा कदम उठाया ताकि राज्य के महत्वपूर्ण नेताओं की सुरक्षा को खतरा पहुंचे और अराजकता फैल सके। उन्होंने अदालत से सख्त सजा देने की मांग की।

### जांच और सबूतों से आरोपी का अपराध साबित हुआ

मामले में अदालत की विशेष जज एस. मलारविझी ने कहा कि जांच और सबूतों से यह साबित हो गया है कि आरोपी ने अपराध किया है। इसलिए उसे 10 साल की कठोर कैद और 5000 रुपये जुर्माने की सजा दी जाती है। यह फैसला 12 नवंबर को सुनाया गया।

### शरारती तत्वों ने राज्यपाल के आवास में घुसने की कोशिश की

इस घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने आरोपी विनोद को पकड़ लिया और उसके पास से दो और न फटे हुए पेट्रोल बम बरामद किए। इस घटना को लेकर राजभवन की ओर से कहा गया था कि कुछ शरारती तत्व राज्यपाल के आवास में घुसने की कोशिश कर रहे थे। बाद में यह मामला राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपा गया।

# आतंकियों की तलाश में एनआईए की पांच राज्यों में छापेमारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अल कायदा गुजरात आतंकी साजिश के मामले में गुरुवार को पांच राज्यों में छापेमारी की। अल कायदा गुजरात आतंकी साजिश में कथित तौर पर अवैध प्रवासी बांग्लादेशियों के शामिल होने का शक है। एनआईए ने पांच राज्यों में 10 जगहों पर छापेमारी की। एनआईए के प्रवक्ता ने बताया कि एनआईए की टीमों ने बुधवार को पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मेघालय, हरियाणा और गुजरात में विभिन्न संदिग्धों और उनके सहयोगियों से जुड़े परिसरों की तलाशी ली।

**साल 2023 में दर्ज किया गया मामला:** अधिकारी ने बताया कि कई डिजिटल उपकरण और दस्तावेज जब्त किए गए हैं जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। यह मामला 2023 में दर्ज किया गया था, जिसमें चार बांग्लादेशी नागरिकों - मोहम्मद सोजिब मियां, मुन्ना खालिद अंसारी, अजरुल इस्लाम और अब्दुल लतीफ के नाम शामिल हैं। ये आरोपी जाली भारतीय पहचान दस्तावेजों का इस्तेमाल करके बांग्लादेश से भारत में अवैध रूप से घुसे थे। एनआईए का कहना है कि, ये लोग प्रतिबंधित अल-कायदा आतंकवादी संगठन से जुड़े पाए गए। ये लोग बांग्लादेश में अल-कायदा के गुर्गों के लिए धन इकठ्ठा करने और उसे हस्तांतरित करने में शामिल थे।

# भाजपा ने सबका साथ सबका विकास के कथन को चरितार्थ किया है : बृजेश

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्थक सोच के परिणाम है कि देश में सबका साथ सबका विकास का नारा जमीन पर भी कारगार दिख रहा है। केंद्र और प्रदेश की सरकार की नीतियों और भाजपा संगठन के संकल्प के कारण हर पिछड़े से लेकर सामाजिक धारा से अलग रहने वालों को सम्मानित स्थान मिल रहा है।

यह बातें उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर गाजियाबाद में आयोजित विशेष कार्यक्रम में शिरकत करते हुए संबोधन में कही । इस मौके पर उन्होंने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी की स्मृति में श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनजातीय समुदाय के लोग उपस्थित थे, जिन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में भगवान बिरसा मुंडा को आदिवासी गौरव का प्रतीक बताते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ संघर्ष और बलिदान की अनुपम मिसाल पेश की।

# महापौर ने सिहानी व सुदामापुरी स्थित नगर निगम की भूमि का अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

नगर निगम गाजियाबाद महापौर सुनीता दयाल ने नगर निगम अधिकारियों के साथ बोंझा गाँव पटेल मार्ग स्थित खसरा न 282, 283, 284, 285, 282 व 308, सिहानी गाँव नंदग्राम में खसरा संख्या 206, 209 व 211, और सुदामापुरी में डबल टंकी, सिंगल टंकी, नगर निगम आश्रय स्थल के पास व मंदिर के पास नगर निगम की भूमियों का निरीक्षण किया जिनमे कब्जा करके कार पार्किंग,प्लॉट, रेत सीमेंट का कारोबार,सब्जी उगाई, भैसों का पालन,अवैध झुग्गी, टीन शेड, आदि का कार्य किया जा रहा है । जिसमे बोंझा की लगभग 30 करोड़ की 3-4 बीघा भूमि, सिहानी की लगभग 160 करोड़ की 32 बीघा भूमि एवं

- सिहानी में लगभग 160 करोड़ की 32 बीघा भूमि होगी कब्जा मुक्त महापौर
- नगर निगम की भूमि से भूमाफिया कमा रहे लाखो रुपये
- बोंझा गाँव की भूमि पर बनेगी मार्किट : महापौर
- सुदामापुरी भूमि पर भी होगी जल्द तोड़ फोड़

सुदामापुरी की 30 करोड़ की 4 बीघा भूमि की महापौर ने पैमाइश कर कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए हैं। इन भूमियों को सिहानी से सलेक त्यागी, राजेश्वर त्यागी, निशांत त्यागी, मोहित त्यागी आदि द्वारा नगर निगम की भूमि प्रयोग में लाई जा रही है। जिसको लेकर नगर निगम अधिकारी भी सचेत हुए व महापौर ने गुरुवार को बैठक कर रूप रेखा भी तैयार की है। उपरोक्त सिहानी की भूमि के एक हिस्से पर न्यायलय में स्थगन है जिसको लेकर महापौर ने सभी अधिकारियों को स्थगन खारिज करवाने की कार्यवाही तेज करने के निर्देश दिए और महापौर ने बताया कि बोंझा गाँव पटेल मार्ग पर स्थित भूमि पर नगर निगम अपनी मार्किट बनाए का कार्य करेगा एवं सिहानी व सुदामापुरी की भूमि को नगर निगम कब्जा मुक्त कराकर अपने कब्जे में लेगा और कब्जाधारीयों पर कार्यवाही भी करेगा । महापौर ने कब्जा करने वाले लोगो को मोके पर बुलाकर समझाया है कि 2 दिन में आप स्वयं अपना सामान समेट लें अन्यथा नगर निगम सभी कुछ तोड़ फोड़ के साथ जब्त करेगा जिसकी जिम्मेदारी खुद उनकी होगी।

# 'डिप्टी सीएम के बेटे पार्थ को बचा रहे सीएम फडणवीस'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

शिवसेना यूबीटी के नेता अंबादास दानवे ने महाराष्ट्र जमीन सौदे के मामले में सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दानवे ने आरोप लगाया कि सीएम दवेंद्र फडणवीस, पुणे के जमीन सौदे में आरोपी और डिप्टी सीएम अजित पवार के बेटे पार्थ पवार को बचाने में जुटे हैं। पुणे जमीन सौदे के विवाद में पार्थ पवार ही केंद्र में हैं। दानवे ने आरोप लगाया कि सरकार पार्थ पवार को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।



### दानवे ने सरकार पर लगाए आरोप

शिवसेना यूबीटी के नेता अंबादास दानवे ने पार्थ पवार के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। शिवेसना यूबीटी नेता ने दावा किया कि इस विवाद के बाद डिप्टी सीएम अजित पवार ने गुस्से में सरकार से इस्तीफा देने की भी पेशकश की है। दानवे ने कहा कि %वर्षा (महाराष्ट्र सीएम का आधिकारिक आवास) में एक बैठक हुई, जिसमें अजित पवार ने नाराजगी में इस्तीफा देने और सरकार को बाहर से समर्थन देने की पेशकश की।

### जमीन सौदे पर क्या है विवाद

पुणे के मंधवा इलाके में 40 एकड़ सरकारी जमीन को अमादिया एंटरप्राइजेज एलएलपी नामक कंपनी ने 300 करोड़ रुपये में खरीदा था। अमादिया एंटरप्राइजेज में डिप्टी सीएम अजित पवार के बेटे पार्थ पवार साझेदार हैं। यही वजह है कि आरोप लग रहे हैं कि इस सौदे में गड़बड़ी हुई और नियमों का पालन नहीं किया गया और न ही जरूरी मंजूरी ली गई। विपक्ष का आरोप है कि जिस जमीन का 300 करोड़ रुपये में सौदा हुआ, उसकी असल कीमत करीब 1800 करोड़ रुपये है। विवाद बढ़ने पर बीते हफ्ते अजित पवार ने कहा कि जमीन सौदा रद्द कर दिया गया है। साथ ही उन्होंने ये भी दावा किया कि पार्थ को इस जमीन के सरकारी जमीन होने की जानकारी नहीं थी।

### अंबादास दानवे ने लगाया आरोप

गुरुवार को छत्रपति संभाजीनगर में मीडिया से बात करते हुए अंबादास दानवे ने आरोप लगाया कि भाजपा को पुणे के जमीन सौदे के बारे में पहले से जानकारी थी और वे इस सौदे को अपनी सहयोगी पार्टी एनसीपी के खिलाफ इस्तेमाल करने की योजना बना रही थी। अगर भविष्य में कुछ भी गड़बड़ होती तो पार्थ पवार को मिनटों में गिरफ्तार किया जा सकता था। राजनीति को कंट्रोल करने के लिए ऐसी चालें चलना आपराधिक मानसिकता की निशानी है।

# डीजीपी ने नशीली दवाओं के खतरे से सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल की दी चेतावनी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। दीमापुर**

नगालैंड के पुलिस महानिदेशक रूपिन शर्मा ने पूर्वोत्तर भारत में बढ़ते ड्रग्स के खतरे को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है जब पूरे पूर्वोत्तर को मिलकर, तकनीक और समन्वय की मदद से इस समस्या से लड़ना होगा। इस दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और नगालैंड पुलिस ने संयुक्त रूप से किया है, जिसमें सिक्किम और पश्चिम बंगाल के अधिकारी भी शामिल हैं।





### पूर्वोत्तर अब भारत की नशे के खिलाफ लड़ाई का केंद्र बिंदु

डीजीपी ने कहा कि भारत-म्यांमार सीमा, जो ज्यादातर खुली और बिना बाड़ की है, ड्रग तस्करों के लिए बड़ी आसान राह बन गई है। %फ्री मूवमेंट रीजीम% के तहत सीमा पार लोग आसानी से आते-जाते हैं, जिससे मादक पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण कठिन हो गया है। उन्होंने कहा, %ड्रग तस्करी और नशे की लत अब सिर्फ कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि आंतरिक सुरक्षा और युवाओं के भविष्य का सीधा खतरा बन चुके हैं।

### नगालैंड में करीब 1.2 लाख नशेड़ी- डीजीपी

डीजीपी के अनुसार, केवल नगालैंड में ही करीब 1.2 लाख ड्रग्स उपभोक्ता हैं, जिनमें से अधिकांश शानफ्लावर नाम से जानी जाने वाली हेरोइन का सेवन करते हैं। उन्होंने अनुमान लगाया कि अगर इनमें से आधे लोग रोजाना सिर्फ आधा ग्राम लेते हैं, तो नगालैंड में हर साल करीब 10,000 किलो हेरोइन की खपत होती है, जबकि पूरे पूर्वोत्तर में यह आंकड़ा एक लाख किलो तक जा सकता है। उन्होंने बताया कि ड्रग्स की अवैध कमाई से न केवल संगठित अपराध बल्कि उग्रवाद और नार्को-टेररिज्म को भी बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा, कई उग्रवादी गुटों के सदस्य खुद ड्रग तस्करी में शामिल हैं। उनके शब्दों में, ड्रग कार्टेल को खत्म करना यानी राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना।

### कानून और नीति में सुधार की मांग

उन्होंने एनडीपीएस अधिनियम, 1985 में समग्र संशोधन की जरूरत बताई ताकि आधुनिक चुनौतियों को शामिल किया जा सके और सज़ाओं को गंभीरता के आधार पर वर्गीकृत किया जाए। साथ ही उन्होंने पूर्वोत्तर एंटी-ड्रग ट्रैफिकिंग एजेंसी बनाने का प्रस्ताव दिया जो क्षेत्रीय स्तर पर अभियानों का समन्वय करे। हर राज्य में समर्पित नारकोटिक्स फॉरेंसिक लैब और मोबाइल फॉरेंसिक यूनिट स्थापित करने का भी सुझाव दिया गया।

### जनता की भागीदारी और हेल्पलाइन योजना

डीजीपी ने %नशा मुक्त भारत हेल्पलाइन और इनाम प्रणाली% शुरू करने का सुझाव दिया ताकि लोग गुप्त रूप से ड्रग से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दे सकें। उन्होंने यह भी कहा कि पीआईटीएनडीपीएस कानून के तहत रोकथामात्मक हिरासत के लिए एक समान दिशा-निर्देश तैयार किए जाएं ताकि इसका गलत इस्तेमाल न हो।

### 'यह लंबी लड़ाई है, लेकिन हमें जीतना ही होगा'

डीजीपी रूपिन शर्मा ने कहा, एक नशेड़ियों का पुनर्वास होना, किसी ड्रग कार्टेल की हार के बराबर है। उन्होंने एनजीओ, चर्च और सामाजिक संगठनों से मिलकर नशा-मुक्त समाज बनाने की अपील की। आखिरी में डीजीपी ने कहा, नशे के खिलाफ यह एक लंबा युद्ध है, जो कठिन सीमाओं पर लड़ा जा रहा है। हमें ड्रग सरगनाओं को निशाना बनाना होगा, एजेंसियों के बीच भरोसा बढ़ाना होगा और पूर्वोत्तर के भविष्य को सुरक्षित करना होगा, एक सच्चे ड्रग-फ्री इंडिया के लिए।

### तीन-स्तरीय रणनीति : समन्वय, प्रवर्तन और जवाबदेही

डीजीपी ने कहा कि भारत की ड्रग्स-विरोधी लड़ाई की सबसे बड़ी कमजोरी समन्वय की कमी है। उन्होंने कहा, हमें जरूरत पड़ने पर साझा करने की मानसिकता से निकलकर साझा करना हमारा कर्तव्य है की सोच अपनानी होगी। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्यों के बीच गिरफ्तार आरोपियों की 24 घंटे के भीतर संयुक्त पूछताछ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ड्रोन और सैटेलाइट मैपिंग से अफीम की खेती और छिपी हुई ड्रग लैब्स को खोजकर नष्ट किया जा सकता है।

### 'कमजोर अभियोजन हमारी सबसे बड़ी कमजोरी'

उन्होंने कहा, अगर कानूनी प्रक्रिया में हम कमजोर हैं, तो सारी मेहनत व्यर्थ हो जाती है। डीजीपी ने सुझाव दिया कि एनडीपीएस मामलों में साजिश, तैयारी और प्रयास से जुड़े सबूतों का बेहतर दस्तावेजीकरण किया जाए और साझा अपराधी डाटाबेस तैयार हो जिसमें बायोमैट्रिक और फोटो जैसी जानकारी सभी एजेंसियों को उपलब्ध हो।